3 राजधानी
जी-20 के लिए संवर रही दिल्ली

6 अभिमत
ई-कामर्स पर नीतिगत जटिलता

10 विदेश
यूनेस्को में फिर एक बार शामिल होगा अमेरिका

12 स्पोर्ट्स
कुश्ती महासंघ का चुनाव हो सकता है 4 जुलाई को



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 217
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





सभी वर्गों को समान अधिकार मिलने चाहिए
राष्ट्रीय-11



# दिल्ली में फिलहाल नहीं चलेंगी बाइक-टैक्सी

**● उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक, बाइक-टैक्सी एग्रीगेटर रैपिडो और उबर को हाईकोर्ट में उनकी याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने की स्वतंत्रता दी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें बाइक-टैक्सी एग्रीगेटर रैपिडो और उबर को राष्ट्रीय राजधानी में परिचालन की अनुमति दी गई थी और दिल्ली सरकार से कहा गया था कि नई नीति बनाए जाने तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की एक अवकाशकालीन पीठ ने दोनों एग्रीगेटर को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने की स्वतंत्रता प्रदान की।

दिल्ली उच्च न्यायालय के 26 मई के आदेश पर रोक लगाने वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील की यह दलील भी दर्ज की कि अंतिम नीति को जुलाई के अंत से पहले अधिसूचित किया जाएगा। शीर्ष अदालत आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उच्च न्यायालय के इस आदेश को चुनौती दी गई थी कि अंतिम नीति अधिसूचित होने तक बाइक-टैक्सी एग्रीगेटर्स के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। पिछले हफ्ते शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार की याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था। इससे पहले, दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष वशिष्ठ ने कहा कि अंतिम नीति अधिसूचित होने तक सरकार के नोटिस पर रोक लगाने का उच्च न्यायालय का फैसला वस्तुतः रैपिडो की रिट याचिका को अनुमति देने जैसा है। उच्च न्यायालय ने दोपहिया वाहनों को परिवहन वाहनों के रूप में पंजीकृत नहीं करने वाले वाले कानून को चुनौती देने वाली रैपिडो की याचिका पर दिल्ली सरकार को 26 मई को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया था कि अंतिम नीति अधिसूचित किए जाने तक बाइक-टैक्सी एग्रीगेटर के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। दिल्ली सरकार ने इस साल की शुरुआत में जारी एक सार्वजनिक नोटिस में आगाह किया था कि दिल्ली में बाइक-टैक्सी नहीं चलाई जाएं और चेतावनी दी थी कि नोटिस का उल्लंघन करने वालों को एक लाख रुपए तक के जुर्माने का भुगतान करना पड़ सकता है।



## घर लौटने की सोच रहे बाइक-टैक्सी चालक

**नई दिल्ली।** बाइक-टैक्सी चालक आनंद राय फरवरी में ऐसे वाहनों पर दिल्ली सरकार की कार्रवाई के बाद उत्तर प्रदेश स्थित अपने गृहनगर लौट गए थे। बाइक-टैक्सी संचालक कंपनियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश ने कुछ राहत दी और राय राष्ट्रीय राजधानी वापस आने की योजना बना रहे थे। हालांकि उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने वाले उच्चतम न्यायालय के सोमवार के फैसले ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। उनके जैसे कई अन्य लोग अदालत के आदेश के बाद मायूस हैं।

राय ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया, मैं दिल्ली सरकार की कार्रवाई के बाद आजमगढ़ वापस आ गया था। हालांकि मैं उच्च न्यायालय के फैसले के बाद वापस दिल्ली आने की योजना बना रहा था लेकिन यह बुरी खबर है। मैंने कुछ गहने गिरवी रखकर विशेष रूप से एक दोपहिया वाहन खरीदा था लेकिन वर्तमान स्थिति में अब मुझे एक चार पहिया वाहन खरीदने और इसे व्यावसायिक रूप से चलाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार की कार्रवाई से बाइक-टैक्सी चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, हम उस समय गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद से सवारी लेना शुरू कर दिया था, लेकिन वहां भी पुलिसकर्मी हमें परेशान करते थे। तीस वर्षीय राय की पत्नी और दो बच्चे हैं।

वहीं पांच महीने की एक बेटी के पिता ज्ञानेश ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश में अपने गृह नगर वापस जाएंगे क्योंकि दिल्ली में उनके लिए कोई काम नहीं होगा। उन्होंने कहा, मैं पिछले ढाई साल से बाइक-टैक्सी के माध्यम से अच्छी कमाई कर रहा था। हालांकि अब, अगर वे फिर से हम पर प्रतिबंध लगाएंगे, तो इससे ग्राहकों और हमें भी नुकसान होगा। मेरी पत्नी और परिवार हमारे गृह नगर रहते हैं और मैं उन्हें पैसे भेजता हूं। हालांकि अब अगर आय का यह स्रोत समाप्त हो जाता है, तो मैं घर वापस जाऊंगा और कुछ करूंगा। गाजियाबाद के रहने वाले मोहम्मद आमिर (23) ने कहा कि अदालत के नवीनतम आदेश से कई लोगों का रोजगार प्रभावित होगा। वहीं दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के महासचिव राजेंद्र सोनी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह सही समय पर आया है। उन्होंने कहा, इन बाइक-टैक्सी को निजी नंबरप्लेट होने के बावजूद कारोबार में लगाया गया है। इसने बड़ी संख्या में ऑटोरिक्शा चालकों का रोजगार छीन गया और सरकार को नुकसान पहुंचा क्योंकि उन्हें कोई कर नहीं देना पड़ता था।

# चीन ने भारतीय पत्रकार को देश छोड़ने को कहा

**● बीजिंग ने जून के अंत तक देश से रवाना होने का आदेश दिया, इसके बाद चीन में भारतीय मीडिया की मौजूदगी पूरी तरह खत्म हो जाएगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पत्रकारों** को लेकर भारत और चीन में चल रहे विवाद के बीच तनाव और बढ़ गया है क्योंकि बताया जाता है कि बीजिंग ने देश में मौजूद आखिरी भारतीय पत्रकार को चीन छोड़ने का आदेश दे दिया है। प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के प्रतिनिधि को इस माह के अंत तक चीन छोड़ने को कहा गया है, जिसके बाद चीन में भारतीय मीडिया की मौजूदगी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

चीन और भारत 'जैसे को तैसा' की प्रक्रिया अपनाते हुए एक दूसरे के पत्रकारों को अपने-अपने देश से बाहर निकाल रहे हैं, जिससे दोनों एशियाई आर्थिक महाशक्तियों के बीच दरार गहरा गई है। ब्लूमबर्ग में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, पूरे मामले के जानकार एक शख्स के अनुसार, चीनी अधिकारियों ने प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के रिपोर्टर को इसी महीने देश छोड़ने का निर्देश दिया है। इस पत्रकार के हिन्दुस्तान लौटते ही दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन से भारतीय मीडिया की हाजिरी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। जब यह साल शुरू हुआ था, चीन में चार भारतीय पत्रकार मौजूद थे. समाचारपत्र 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के रिपोर्टर ने इसी बीते सप्ताहांत में चीन छोड़ा है, जबकि सरकारी चैनल 'प्रसार भारती' और समाचारपत्र 'द हिन्दू' के पत्रकारों को अप्रैल में चीन ने वीजा नवीनीकरण से मना कर दिया था।

चीन के विदेश मंत्रालय और भारतीय विदेश मंत्रालय ने फिलहाल इस मुद्दे पर अभी कोई बयान जारी नहीं किया है। पिछले माह चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि भारत में एक चीनी पत्रकार बचा है, जो अपने वीजा के नवीनीकरण का इंतज़ार कर रहा है। इससे पहले, भारत ने शिन्हुआ न्यूज़ एजेंसी और चाइना सेंट्रल टेलीविज़न के दो पत्रकारों के वीजा नवीनीकरण आवेदनों को खारिज कर दिया था।

भारत सरकार ने इसी महीने की शुरुआत में कहा था कि चीनी पत्रकार बिना किसी कठिनाई के भारत में काम कर पा रहे हैं, लेकिन चीन में भारतीय पत्रकारों के लिए समान माहौल नहीं है। सरकार का कहना था कि दोनों देश इस मुद्दे पर संपर्क बनाए हुए हैं। मामले से वाकिफ भारतीय अधिकारियों के अनुसार, वीजा विवाद चीन में रिपोर्टिंग में मदद के लिए भारतीय पत्रकारों द्वारा सहायकों को भर्ती करने को लेकर शुरू हुआ था।

चीन ने एक वक्त पर तीन सहायकों की सीमा तय की है, और वे सहायक भी उस पूल से लिए जा सकेंगे, जो चीनी अधिकारियों ने बनाया होगा। भारत में इस तरह की भर्ती पर कोई सीमा तय नहीं है।

## ओडिशा ट्रेन हादसाः पांच रेलकर्मी जांच के दायरे में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ओडिशा** के बालासोर जिले में हुए भीषण रेल हादसे के मामले में बाहानगा बाजार के स्टेशन मास्टर समेत पांच रेलवे कर्मचारी जांच के दायरे में हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई थी और एक हजार से अधिक यात्री घायल हुए थे। उन्होंने कहा कि चार अन्य कर्मचारी सिग्नल से संबंधित काम करते हैं और इस महीने की शुरुआत में दुर्घटना के समय ड्यूटी पर थे। सूत्रों ने कहा कि पांचों कर्मचारी वर्तमान में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और भविष्य की कोई भी कार्रवाई रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की दुर्घटना जांच रिपोर्ट पर निर्भर करेगी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) दो जून को बाहानगा बाजार स्टेशन पर कथित आपराधिक लापरवाही के कारण हुई दुर्घटना की अलग से जांच कर रहा है। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने इंटरलॉकिंग प्रणाली से संभावित छेड़छाड़ का संकेत दिया है, जिससे कोरोमंडल एक्सप्रेस के लिए सिग्नल हरा हो गया और यह लूप लाइन की ओर निर्देशित हो गई। (शेष पेज 9)

# किसानों ने महापंचायत के बाद हाईवे किया बाधित

**● सूरजमुखी की एमएसपी पर खरीद की कर रहे मांग, महापंचायत में जुटे कई संगठनों के प्रतिनिधि, बजरंग भी हुए शामिल**

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र (हरियाणा)

**एमएसपी** पर सूरजमुखी की खरीद की मांग को लेकर पिपली में आयोजित एमएसपी लाओ-किसान बचाओ महापंचायत के बाद हजारों किसानों ने नेशनल हाईवे-44 (दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग) पर पिपली में जाम लगा दिया। सूरजमुखी की एमएसपी पर खरीद की मांग कर रहे किसानों पर शाहबाद में लाठीचार्ज के बाद सोमवार को हजारों की संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े किसान व मजदूर पिपली अनाज मंडी में महापंचायत में पहुंचे। महापंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, पहलवान बजरंग पूनिया, भाकियू चढ़ूनी ग्रुप से कर्म सिंह मथाना, किसान नेत्री सुमन हुड्डा सहित कई खापों व संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे। सभी किसान नेताओं ने एमएसपी पर खरीद की मांग करते हुए प्रशासन को दोपहर 2 बजे तक का समय दिया। जब दो बजे तक भी किसानों की एमएसपी पर खरीद की मांग को सरकार द्वारा नही माना गया तो दोपहर दो बजे भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह मथाना ने मंच से एनएच-44 पर जाम लगाने का फैसला सुनाया।

इसके बाद सभी किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों, अपनी गाड़ियों व पैदल जीटी रोड की तरफ कूच कर दिया और दोपहर दो बजकर दस मिनट पर जीटी रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस ने भी किसानों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। किसानों की संख्या अधिक होने के चलते पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास नही किया। (शेष पेज 9)



कुरुक्षेत्र के पिपली में महापंचायत के बाद दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर जाम लगाने पहुंचे किसान।

### एमएसपी पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगाः टिकैत

**भाकियू** के राष्टीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान एक फसल का नही बल्कि सभी फसलों का एमएसपी मांग रहे है। सरकार एमएसपी बनाने का नियम तो बनाती है लेकिन एमएसपी पर खरीद नही करती। एमएसपी को लेकर पूरे देश में आंदोलन होंगे। स्थानीय कमेटी जो भी फैसला लेगी एसकेएम उसमे साथ रहेगा। किसान नेताओं को जेलो में बंद किया जा रहा है। गुरनाम चढ़ूनी की क्या गलती थी, वे एमएसपी की मांग कर रहे थे।

## फुटकर महंगाई दर दो साल में सबसे निचले स्तर पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**खाद्य** उत्पादों एवं ईंधन कीमतों में नरमी आने से मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 25 माह के निचले स्तर 4.25 प्रतिशत पर आ गई। सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.25 प्रतिशत रही, जो अप्रैल, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल, 2021 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.23 प्रतिशत पर थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल, 2023 में 4.7 प्रतिशत रही थी। वहीं एक साल पहले मई, 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति 7.04 प्रतिशत के स्तर पर थी। लगातार चौथे महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटी है। यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर पर है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घटबढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। (शेष पेज 9)

# कोविन से डेटा में सेंध की खबरें बेबुनियाद : स्वास्थ्य मंत्रालय

**● सरकार ने कोविन पोर्टल को पूर्णरूपेण सुरक्षित बताया**

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने कोविन पोर्टल को बिल्कुल सुरक्षित बताते हुए पंजीकृत लाभार्थियों के आंकड़ों में सेंध लगने का दावा करने वाली खबरों बेबुनियाद और शरारतपूर्ण प्रकृति की बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि देश की नोडल साइबर सुरक्षा एजेंसी सर्ट-इन ने मामले की समीक्षा की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोविन के मौजूदा सुरक्षा उपायों की समीक्षा के लिए एक आंतरिक कवायद शुरू की गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, सोशल मीडिया पर कोविन डेटा में कथित सेंधमारी को लेकर कुछ खबरों के संदर्भ में कहना चाहता हूं कि भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन) ने तुरंत कदम उठाया और मामले की समीक्षा की है तथा ऐसा नहीं लगता कि कोविड ऐप या डेटाबेस सीधे तौर पर सेंध का शिकार हुआ है। इस बीच, विपक्षी दलों ने डेटा उल्लंघन के दावों की जांच की मांग की और सरकार से कठोर कार्वाई करने को कहा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि यह आपराधिक लापरवाही का मामला है और सवाल किया कि सरकार डेटा सुरक्षा विधेयक को दबाकर क्यों बैठी है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, भारत सरकार नागरिकों की निजता को नजरअंदाज कर रही है। कोविड-19 का टीका लगवाने वाले हर भारतीय का निजी डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। भारत सरकार डेटा सुरक्षा विधेयक पर कदम क्यों नहीं उठा रही है? चंद्रशेखर ने खबरों को खारिज करते हुए कहा कि एक टेलीग्राम बॉट फोन नंबर की एंट्री पर कोविड ऐप का विवरण दिखा रहा था। मंत्री ने कहा, डेटा को बॉट द्वारा एक थ्रेट एक्टर डेटाबेस से एक्सेस किया गया, जिससे ऐसा लगता है कि इसे पूर्व में चोरी किए गए डेटा के साथ जोड़ा गया है। (शेष पेज 9)

## गडकरी ने उप्र में 8,000 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश में करीब 8,000 करोड़ रुपए की 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, गडकरी ने प्रतापगढ़ क्षेत्र में 2,200 करोड़ रुपए की पांच और देवरिया जिले में 6,215 करोड़ रुपए की पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। गडकरी ने कहा कि प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर के बीच 43 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग 330 के चौड़ीकरण पर।,290 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे अयोध्या के रास्ते प्रयागराज से प्रतापगढ़ जाने का समय घटेगा। गडकरी ने कहा कि प्रतापगढ़ में प्रस्तावित 14 किलोमीटर के बाइपास का निर्माण जल्द शुरू होगा। इस पर 309 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर सड़क सुरक्षा कार्यों के लिए 27 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## क्विक न्यूज

### मणिपुर में गोलीबारी तीन लोग घायल

**इम्फाल।** जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर के इम्फाल पूर्व और कांगपोकपी जिलो की सीमा पर स्थित खमेनलोक इलाके में सोमवार को दौरान ग्राम स्वयंसेवकों और उग्रवादियो के एक समूह के बीच हुई गोलीबारी में तीन व्यक्ति घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। तीनों व्यक्तियों को इम्फाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने कहा कि छिटपुट गोलीबारी कुछ देर तक जारी रही और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त बलों को वहां भेजा गया। पिछले तीन दिनों में हिंसा की कोई बड़ी घटना सामने नही आई थी। इस बीच, सेना के एक अधिकारी ने कहा कि इम्फाल पूर्व जिले के लीटनपोकपी में एक पुल को सेना द्वारा इस्तेमाल योग्य बना दिया गया है जिसे पिछले महीने उपद्रवियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। अधिकारी ने कहा कि पुल की मरम्मत के बाद अब लीटनपोकपी, चंपई और पुखाओ फुग्जू इलाकों में राहत सामग्री के तेजी से परिवहन की सुविधा मिलेगी।

# गुजरात में 7500 लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए

**● चक्रवात बिपारजॉय के 15 जून तक राज्य में पहुंचने की आशंका, पीएम ने तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की**

**पीएनएस/एजेंसी।** अहमदाबाद/नई दिल्ली

**गंभीर** चक्रवाती तूफान बिपारजॉय के गुजरात में 15 जून को पहुंचने की आशंका के बीच राज्य में एक विस्तृत निकासी योजना बनाई है और प्रशासन ने 7,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि चक्रवात के दौरान गुजरात में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अंदेशा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बचाव दल चक्रवात बिपारजॉय के मार्ग में संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित कर रहे हैं। पीएम ने आसन्न चक्रवात से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए केंद्र और गुजरात सरकार की तैयारियों की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस चक्रवात का पाकिस्तान पर भी असर पड़ने की आशंका है।

आईएमडी ने कहा कि बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान बिपारजॉय के बृहस्पतिवार को गुजरात के कच्छ जिले में जखाऊपत्तन के पास तट पर पहुंचने का अनुमान है। कच्छ, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका, जामनगर, जूनागढ़ और मोरबी के तटीय जिलों में समुद्र तट के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है और बंदरगाहों पर चेतावनी के संकेत लगा दिए गए हैं। आईएमडी अहमदाबाद केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, 'चक्रवात के जखाऊ बंदरगाह के पास टकराने का अनुमान है। (शेष पेज 9)



चक्रवात के आने से पहले कच्छ स्थित जाखू गांव के निवासी घर छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर जाते हुए।

# चीन बहुत तेजी से बढ़ा रहा एटमी हथियारों का जखीरा

**● स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग के पास दशक के अंत तक अमेरिका या रूस के बराबर आईसीबीएम हो सकती है**

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/स्टॉकहोम

**अंतरराष्ट्रीय** समुदाय की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं क्योंकि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) ने सोमवार को अपनी सालाना रिपोर्ट जारी की है जिसमें उसने नौ देशों द्वारा परमाणु हथियारों का आधुनिकीकरण जारी रखने का जिक्र किया है। (एसआईपीआरआई) के मुताबिक नौ परमाणु शस्त्र संपन्न देश जिसमें अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया तथा इजराइल शामिल हैं, अपने परणाणु शस्त्रागार को बढ़ा रहे हैं और उन्होंने 2022 में नए परमाणु संपन्न हथियार या परमाणु क्षमता से लैस हथियार प्रणाली पेश की है।



प्रतीकात्मक फोटो

एसआईपीआरआई के अनुमान के मुताबिक, चीन के परमाणु शस्त्रागार का आकार जनवरी 2022 में बढ़ गया, क्योंकि उसके परमाणु हथियारों की संख्या 350 से बढ़कर जनवरी 2023 में 410 हो गई और रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें बढ़ोतरी जारी रहने की आशंका है। इसमें कहा गया है, चीन के पास दशक के अंत तक संभावित रूप से कम से कम उतनी ही अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) हो सकती हैं, जितनी अमेरिका या रूस के पास हैं। यह इस पर निर्भर करेगा कि चीन अपने रक्षा बलों को किस तरह से आकार देता है। एसआईपीआरआई ने कहा कि ऐसा लगता है कि भारत और पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का विस्तार कर रहे हैं और दोनों देशों ने 2022 में नए प्रकार के परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम प्रणालियों को पेश किया और विकसित करना जारी रखा।

### सबसे खतरनाक दौर की ओर बढ़ रहे हम : स्मिथ

एसआईपीआरआई के निदेशक डैन स्मिथ ने कहा, हम मानव इतिहास के सबसे खतरनाक दौर में से एक की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि दुनिया की सरकारें भू-राजनीतिक तनाव को शांत करने, हथियारों की दौड़ को धीमा करने और पर्यावरण के क्षरण और बढ़ती वैश्विक भूख के परिणामों से निपटने के लिए सहयोग करने के तरीके तलाशें।

एसआईपीआरआई के वेपन्स ऑफ मास डेस्ट्रक्शन प्रोग्राम के एसोसिएट सीनियर फेलो और फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स (एफएएस) में परमाणु सूचना परियोजना के निदेशक हंस एम क्रिस्टेंसन ने कहा, चीन ने अपने परमाणु शस्त्रागार का महत्वपूर्ण विस्तार शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां पाकिस्तान भारत के परमाणु प्रतिरोध का मुख्य केंद्र बना हुआ है, वहीं भारत लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम हथियारों पर जोर देता दिख रहा है, जिसमें चीन में लक्ष्य तक पहुंचने में सक्षम हथियार भी शामिल हैं। (शेष पेज 9)

# घर में लगी आग से मां-बेटी की मौत, 8 लोगों की बचाई जान

## गाजियाबाद में दीवार तोड़कर लोगों को निकाला, टेंट हाउस से ऊपरी मंजिल पर पहुंची लपटें

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां घर में भीषण आग लगने से मां.बेटी की मौत हो गई। जबकि परिवार के 8 सदस्यों को दीवार तोड़कर सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। तीन मंजिला मकान में नीचे टेंट हाउस था। सबसे पहले उसी में आग लगी। कुछ ही मिनट में आग फर्स्ट फ्लोर तक पहुंच गई। जब आग लगी उस वक्त पूरा परिवार नींद में था।

हादसा लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की लाल बाग कॉलोनी में हुआ। यहां टेंट व्यवसायी सतीश का ग्राउंड फ्लोर पर टेंट हाउस है। इसके ऊपर 3 फ्लोर पर घर बना है। जहां परिवार रहता है। सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे ग्राउंड फ्लोर में बने टेंट हाउस में आग लग गई। जब आग फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर पर पहुंच गई, तब फैमिली मेंबर्स की नींद खुली। लेकिन तब तक वे आग से घिर चुके थे। क्योंकि, मकान के बाहर निकलने के गेट पर आग की लपटें थी। खिड़कियां भी आग में घिर चुकी थीं, इसलिए वहां से भी कूदने का रास्ता नहीं था। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। ट्रोनिका सिटी और साहिबाबाद से 3 दमकल गाड़ियां पहुंची।



गाजियाबाद के एक घर में लगी भीषण आग। हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया सोमवार सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर फायर स्टेशन को आग की सूचना मिली। टेंट हाउस के ऊपर मकान में 8 लोग थे, जिन्हें साइड की दीवार तोड़कर फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू किया। जब फायर फाइटर्स ने मकान को सर्च किया तो उसमें पहली और दूसरी मंजिल पर एक.एक महिला बेसुध हालत में मिलीं। इसमें एक सतीश की बहन ममता 42 और दूसरी मां बरतो देवी 70 थीं। दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ममता का शव मामूली रूप से झुलसा हुआ था।

अनुमान है कि दोनों की मौत आग के धुएं में दम घुटने से हुई। शुरुआती जांच ऐसा लगता है कि टेंट हाउस में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। टेंट हाउस में गद्दे व अन्य सामान रखा था। इससे आग तेजी से फैलती चली गई। ग्राउंड फ्लोर पर कोई मौजूद नहीं था। ऐसे में परिवार को आग की जानकारी तब हुई जब तपिश और लपटें पहली फ्लोर तक पहुंच गई। ऐसे में बाहर निकलने का रास्ता भी बंद हो चुका था।

इसके अलावा, मेन गेट में लोहे का भारी गेट था। ऐसे में एंट्री करते वक्त लोहे का गर्म दरवाजा एक फायर फाइटर के ऊपर गिर गया, इसमें वो चोटिल हो गया है। टेंट व्यवसायी सतीश ने बताया पूरा परिवार मकान के फर्स्ट फ्लोर पर सोया हुआ था। हमारी मां सेकेंड फ्लोर पर सो रहीं थीं। जब कमरे में धुआं पहुंचा, तब सभी लोग जागे। हमें कुछ समझ नहीं आया। हम लोग नीचे की तरफ भागे। लेकिन, उतरने का रास्ता पहले ही बंद हो चुका था। हम लोग घबरा गए। फिर सीढ़ियों से छत की तरफ भागे। किसी तरह दीवार कूदकर हमने खुद को बचाया।

### फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**गाजियाबाद।** बीते रात कृष्णा विहार में स्थित एक कंपनी में भयंकर आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की कई गाडियां मौके पर पहुंचीं। आग की विकरालता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आधा दर्जन से अधिक फायर टेंडर को घंटों तक जूझना पड़ा। इस संदर्भ में सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि जिस स्थान पर आग लगी उसे तीन कंपनियों के स्टोर के रूप में किया जा रहा था। इस कंपनी के मालिक हर्षवर्धन गुप्ता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नसीमुद्दीन ने जिलों में बीएलए नियुक्त करने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद।** कांग्रेस के पश्चिमी यूपी अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दकी ने जिला, महानगर अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों को पत्र लिखकर जनपदों में बीएलए नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। प्रांतीय अध्यक्ष ने साफ किया है कि इस दिशा में संगठन चलाने वाले कांग्रेसी किसी भी प्रकार की कोई कोताही ना बरतें। प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दकी की ओर से उत्तर प्रदेश में जिला एवं महानगर अध्यक्षों एवं प्रदेश के पदाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक.एक बीएलए प्रथम नियुक्त किया जाना हैए उसके बाद प्रत्येक पोलिंग बूथ पर बीएलए द्वितीय नियुक्त किए जाएंगे।

### रोडवेज दिवाली तक तैयार करेगा सौ ई बसों का बेड़ा

**गाजियाबाद।** रोडवेज 100 ई बसों का बेड़ा तैयार करेगा। यह सभी ई बसें वातानुकूलित होगी। इन बसों को गाजियाबाद और लखनउ रीजन को आवंटित किया जाएगा। रोडवेज को उम्मीद है कि इसमें से करीब आधी यानि 50 ई बसें दीवाली तक रोडवेज के बेड़े में शामिल हो जाएंगी। इनमें से 25 ई बसें गाजियाबाद रोडवेज रीजन और इतनी ही बसें लखनऊ रोडवेज रीजन को मिलेंगी। इनके साथ ही दिल्ली से लखनऊ रूट पर एसी श्रेणी की ई.बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### धर्म परिवर्तन का आरोप पुलिस ने बताया गलत

**नोएडा।** थाना सेक्टर.39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में आज सुबह को क्रिश्चियन समुदाय के लोगों द्वारा एक घर में प्रार्थना की जा रही थी। इस बात को लेकर कुछ लोगों ने विरोध किया तथा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल की कि कुछ लोग धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जब जांच की तो पाया गया कि धर्म परिवर्तन जैसा कोई कार्य नहीं हो रहा था। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच के दौरान धर्म परिवर्तन की बात निराधार पाई गई।

### मोदीनगर में स्वीमिंग पूल में नहा रहा युवक डूबा

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गोविंदपुरी कालोनी में सारा मार्ग पर स्विमिंग पूल में नहा रहे एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि स्विमिंग पूल बिना एनओसी के चल रहा था। गांव बखरवा निवासी सोनू 35 साल अपने मामा के घर पर रह रहा था। बताया जा रहा है कि सोनू अपने दोस्तों के साथ गोविंदपुरी कालोनी में स्विमिंग पूल में नहाने के लिए गया था।

### विश्व निषेध बाल श्रम दिवस का आयोजन

**नोएडा।** विश्व निषेध बाल श्रम दिवस पर चैलेंजेर्स ग्रुप एवं स्वैग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधानों में 50 किमी साइक्लिंग के कर लोगों को जागरूक किया गया। के दौरान एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह लोग ग्रेनो वेस्ट के चार मूर्ति चौक से साइक्लिस्ट राइड करके नोएडा स्टेडियम गेट नंबर 4 पहुंचे, जहां से रैली आरंभ हुई, जो नोएडा डीएम चौक होते हुए नोएडा स्टेडियम पर समाप्त हुई। स्वैग ग्रुप की अध्यक्ष भावना गौड़ ने बताया कि रैली का शुभारंभ डीएम चौक से हुआ।

# धर्मांतरण के आरोपी को फ्लाइट से लाएगी गाजियाबाद पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- पहले सड़क मार्ग से लाने की थी योजना, ऑनलाइन गेम की आड़ में पढ़वाता था कुरान

ऑनलाइन धर्मांतरण के मुख्य आरोपी खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो को अब सड़क मार्ग से गाजियाबाद नहीं लाया जा रहा है। खबर मिली है कि उसको अब फ्लाइट के जरिए मुंबई से दिल्ली लाया जाएगा। ये फ्लाइट मंगलवार सुबह 10 बजे से पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरेगी। इसके बाद सड़क मार्ग से बद्दो को गाजियाबाद लाया जाएगा। जहां पर उससे विभिन्न सुरक्षा और जांच एजेंसियां पूछताछ करेंगी।

दरअसल, गाजियाबाद पुलिस ने ठाणे कोर्ट में बद्दो को सड़क मार्ग से लेकर जाने की बात कही थी और गाजियाबाद पहुंचने में तीन दिन लगने बताए थे। जिसके बाद ठाणे कोर्ट ने 15 जून तक ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी थी। इसके बाद गाजियाबाद पुलिस ने फ्लाइट से बद्दो को लाने का फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि ये फ्लाइट सोमवार शाम साढ़े 4 बजे मुंबई से उड़नी थी, लेकिन वहां आए तूफान की वजह से सारी फ्लाइटें रद्द कर दी गईं। ऐसे में मंगलवार तड़के ही बद्दो को दूसरी फ्लाइट से लेकर जाया जाएगा। बद्दो अपना असली नाम छिपाकर शाहबाज खान नाम से लॉज में छिपा हुआ था। ठाणे पुलिस ने बद्दो को मोबाइल सिम उपलब्ध कराने वाले दोस्त तौफीक और आर्यन खान को भी हिरासत में लिया है। इसके बाद उससे ठाणे में ही पूछताछ चल रही थी। बद्दो अलीबाग के जिस लॉज में ठहरा था, वहां वो 10 जून की रात करीब 8 बजे पहुंचा। सीसीटीवी में उसके साथ एक युवक और युवती दिखाई दिए। ये युवक बद्दो का भाई बताया गया, जबकि युवती लॉज कर्मचारी थी। रिसेप्शन पर एंट्री रजिस्टर में बद्दो ने अपना नाम खान शहनवाज की जगह शहबाज खान लिखवाया। एड्रेस उसने मुम्ब्रा की जगह नई दिल्ली लिखा। मोबाइल नंबर भी गलत लिखवाया था। 23 साल का खान शहनवाज मकसूद महाराष्ट्र में ठाणे जिले के मुम्ब्रा इलाके का रहने वाला है। एक जून को जैसे ही गाजियाबाद पुलिस ठाणे पहुंची, वो वर्ली इलाके में जाकर छिप गया। पुलिस जब वर्ली पहुंची तो वो भागकर अलीबाग जा पहुंचा।

अलीबाग पुलिस की मदद से ठाणे ग्रामीण पुलिस ने रविवार शाम शहनवाज को एक होटल लॉज से दबोचा। आरोपी से एक मोबाइल भी रिकवर हुआ है। आरोपी के घर पर एक कम्प्यूटर मिला है, पुलिस ने जांच के लिए उसे भी कब्जे में लिया है।

# अपहृत एफसीआई अधिकारी सहित 2 को पुलिस ने कराया मुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-11 क्षेत्र के सेक्टर.7 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले एफसीआई के अधिकारी सहित दो लोगों को चार बदमाश नोएडा से अगवा करके राजस्थान ले गए। बदमाशों ने उनकी पत्नी को फोन करके 40 लाख रुपए की फिरौती मांगी। उनकी पत्नी ने उनके खाते में साढ़े चार लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया था। नोएडा पुलिस की विशेष टीम ने छापेमारी कर राजस्थान से अपहृतों को मुक्त कराया तथा 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम हरीश चंदर ने बताया कि सेक्टर-7 के एक सोसाइटी में रहने वाली महिला



स्वप्निल सिंह ने रविवार को थाना सेक्टर-11 में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पति सुमित कुमार 8 जून को घर से यह कहकर निकले थे कि वह सेक्टर-24 स्थित फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के ऑफिस जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह घर नहीं लौटे।

9 जून को महिला ने अपने पति को फोन किया तो उन्होंने फोन उठाया तथा कहा कि मैंने कुछ लोगों से पैसे लिए थे, उन्हीं लोगों के पास हूं, और मुझे ये लोग 40 लाख रुपए देने के लिए कह रहे हैं। यदि उनको पैसे नहीं दिए तो वह मुझे जान से मार देंगे।

उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। एक सूचना के आधार पर पुलिस ने अपहृत सुमित और हर्ष उर्फ बलराम को बरामद कर इन को अगवा करने वाले अशोक और संदीप भंडारी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि हर्ष उर्फ बलराम अपहृत सुमित को पहले से जानता है। हर्ष और सुमित ने आरोपियों को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर झांसा दिया था, तथा उनसे कुछ पैसे ले लिए थे। आरोपियों की नौकरी नहीं लगी थी। इस बात से वे नाराज थे, तथा उन्होंने दोनों को अगवा कर लिया था।

### घरेलू सहायिका की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** सेक्टर-121 स्थित क्लो कांऊटी सोसाइटी में घरेलू सहायिका आज सुबह को अचानक बेहोश होकर गिरने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषति कर दिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि मृतिका का नाम सुनीता फिरकी पत्नी सुनील फिरकी झारखंड के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

# शराब की दुकान न खोलने पर दबंगों ने की फायरिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने शराब के ठेके पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के द्वारा शराब का ठेका बंद होने के बाद भी शराब मांगी जा रही थी। सेल्समैन के मना करने पर इन लोगों ने फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से अवैध पिस्टल के साथ एक गाड़ी भी बरामद की है।

दादरी थाना क्षेत्र के बढ़पुरा गांव की शराब की दुकान पर रविवार रात को करीब 11 बजे दो युवक शराब लेने के लिए पहुंचे। रात के 11 बज चुके थे तो शराब का ठेका बंद था। यह लोग शराब के नशे में थे। उन्होंने देखा कि शराब का ठेका बंद हो चुका है तो इन्होंने उसके शटर को पीटना शुरू कर दिया। सेल्समैन व उसका भाई ने युवकों को शराब देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अब समय ज्यादा हो चुका है, शराब का ठेका नहीं खुल सकता।

# मॉडल की मौत : सपना जो अधूरा रह गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- लाइटिंग पिलर गिरने से हुआ हादसा, फिल्मों में काम करने की थी तमन्ना

नोएडा में फैशन शो के दौरान लाइटिंग ट्रस गिरने से मॉडल वंशिका चोपड़ा की मौत हो गई। वंशिका का सपना बड़े पर्दे पर आने का था।

पुलिस जांच में सामने आया है कि सेक्टर-16 की फिल्म सिटी में आयोजन के दौरान सुरक्षा के इंतजाम में कमियां थीं। लाइटिंग ट्रस लोहे का जालनुमा खंभा को ढीले और बेतरतीब तरीके से बांधने के कारण यह हादसा हुआ। रजनीश ने बताया कि इस मामले में वंशिका के भाई हर्ष की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

इस हादसे में 24 साल की वंशिका के अलावा मॉडल बॉबी राज भी घायल हो गया। वंशिका की सोसाइटी दिव्यांश फ्लोरा में रहने वाले लोगों से बात की। वंशिका का सपना था कि एक दिन सोसाइटी के लोग उसे वो 70 डड के पर्दे पर देखें। लोगों ने बताया कि उसका परिवार एक साल पहले यहां आया था। वह अक्सर भाई के साथ दिखती थी। हंसमुख और मिलनसार बिटिया की मौत से पूरी सोसाइटी में गम का माहौल है। हादसे के तुरंत बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें रैंप पर लोहे के जाल नुमा खंभे पड़े दिख रहे हैं। वहां लोग बोल रहे हैं कि कोई इसमें फंसा तो नहीं है। कोई अंदर रह तो नहीं गया। इसके बाद बाद फर्श पर खून दिख रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक और युवती रैंप पर गिरी हुई है।


## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, नंबर 159/20, सुधा कॉम्प्लेक्स, एटलस रोडद्व निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का गुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के गीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतदद्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राव फूल चंद शिक्षा और खेल समिति (कर्जदार), धर्म पाल (सह-कर्जदार), विक्रम सिंह (सह-कर्जदार), ज्योति कुमारी (सह-कर्जदार), वीरेन्द्र सिंह (सह-कर्जदार), एलएचएसएनपी00001298426 | तृतीय तल, डीडीए एलआईजी, सेक्टर-जी-8, पाकेट-3, ब्लॉक-ई-3, नरेला पिनकोड-110091, दिल्ली, दिल्ली-110040 कब्जा की तिथि : 12-06-2023 | 25-03-2022 रू. 10,04,917/- | सोनीपत-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 13-06-2023
स्थान : नरेला

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रचना डांग/अश्वनी डांग/ LBDEL00002441707 | प्लॉट नंबर-56, ब्लॉक ई, दूसरी मंज़िल, (बिना छत के अधिकार), लाजपत नगर-2, दिल्ली/ जून 07, 2023 | फरवरी 25, 2023 रु. 66,80,306/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | रेखा गुप्ता/ सुजीत कुमार/ LBDEL00005517381 | प्लॉट नंबर 280, सेक्टर-6, पॉकेट बी-3, ब्लॉक-बी, रोहिणी, रोहिणी, दिल्ली/ जून 08, 2023 | फरवरी 25, 2023 रु. 62,80,556/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | तरलोचन सिंह बडयाल/ पैरामाउंट पाउडर्स प्राइवेट लिमिटेड/ LBNOD00002073033 | फ्लैट नंबर 3122, 12वीं मंज़िल, टॉवर-3, टाइप-सी, एटीएस ट्रमालाइन, सेक्टर-109, गाँव बाबूपुर, गुड़गाँव/ जून 08, 2023 | फरवरी 25, 2023 रु. 1,46,96,910/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | दीपंकर सैकिया/ ममता सैकिया/ LBDEL00002075423 | फ्लैट नंबर-2081, आठवीं मंज़िल, टॉवर-2, एटीएस ट्रायम्फ, गाँव धनवापुर, सेक्टर-104, गुड़गाँव/ जून 08, 2023 | फरवरी 25, 2023 रु. 1,71,10,881/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जून 13, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


# बिना उद्घाटन पब्लिक ने खोला सिग्नेचर ब्रिज

**नोएडा।** नोएडा का पहला सिग्नेचर ब्रिज बिना उद्घाटन के लोगों ने खुद ही शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे तक यातायात संचालन के बाद इसे निर्माण कंपनी ने दोबारा से बंद किया। दरअसल प्राधिकरण की सीईओ ने निर्माण कंपनी को 12 जून की डेड लाइन दी थी। प्राधिकरण सर्किल प्रभारी प्रवीण सलोनिया ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने यहां लगे सीमेंट के पाइप को हटाया था। जिसे लोगों ने समझा की फ्लाई ओवर संचालन के लिए खोला गया है। हालांकि पाइपों को पूरी तरह से नहीं हटाया गया। लेकिन बाइक और अन्य वाहन फ्लाई ओवर पर चढ़ गए।


## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी

दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eeujshld@gmail.com

पत्रांक : 1874/निविदा/248 दिनांक : 12.06.2023

### निविदा सूचना

एतद्द्वारा शाखा हल्द्वानी के अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान/उत्तराखण्ड पेयजल निगम मे "डी" एवं उच्चतर श्रेणी (विद्युत/यांत्रिक) में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.06.2023 के अपरान्ह 3.00 बजे तक टैण्डर बॉक्स के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/2023-24 | पनियाली पेयजल योजनान्तर्गत हिल्स व्यू कॉलोनी वार्ड सं0-39 में पम्पिंग प्लाण्ट, कॉलम पाईप अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%)= 590.00 | ₹ 7,100.00 | 90 दिन |

शर्ते :-

1. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम/निविदा संख्या अंकित करना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, तिकोनिया हल्द्वानी से दिनांक 13.06.2023 से 27.06.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक क्रय की जा सकती है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त देय होगा।
3. निविदा के साथ धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय बैंक/पोस्ट ऑफिस में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंकगारन्टी/एन.एस.सी के रूप में संलग्न करनी होगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. उक्त किसी भी तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
5. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी को एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी तथा संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जाएगा।
7. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, रू0 1.00 के हस्ताक्षरयुक्त रसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाताओं को प्रमुख सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 6447/111-(2)/11-20 (सा0)/11 देहरादून दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) जोकि NSE/FDR/TDR/KVP के रूप में अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी, अनुबन्ध से पूर्व विभाग में जमा की जानी होगी।
9. ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
10. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता


# नरेश टिकैत ने कहा, किसानों की मांग अब तक नहीं हुई पूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

किसानों की जमीन अधिग्रहण होने के बावजूद भी उनका मुआवजा समय से नहीं दिया जा रहा है। यह बात भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने सोमवार को जेवर में किसानों द्वारा आयोजित की गई एक महापंचायत के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन का अधिग्रहण हुए काफी समय हो गया है। जनपद गौतमबुद्धनगर के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुआवजा, आबादी की मांग, विकसित प्लाट सहित विभिन्न समस्याएं ऐसी है जिसका प्राधिकरण समाधान नहीं कर रहा है।

भाकियू के बैनर तले साबौता-जेवर कट पर किसान-मजदूर महापंचायत का आयोजन किया गया है। महापंचायत भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने जेवर एयरपोर्ट एवं किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए नोएडा में किसानों के धरने को लेकर रणनीति बनाई। भाकियू के वेस्ट यूपी अध्यक्ष चौधरी पवन खटाना, जिला अध्यक्ष गुर्जर रोबिन नागर और मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान ने बताया कि महापंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की।

# भूमाफिया पर जल्द चलेगा महापौर सुनीता दयाल का हंटर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने शहर में भूमाफियाओं एवं निगम की जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जल्द से जल्द सरकारी भूमि से स्वयं लोग अपना कब्जा हटा लें अन्यथा नगर निगम सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कराएगा।

महापौर संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ शहर में सरकारी भूमि का ब्यौरा जानेगी। पता लगाया जाएगा कि शहर के किस भूमाफिया के कब्जे में कितनी जमीन है। इसके बाद नगर निगम का संपत्ति का रोस्टर रजिस्टर तैयार किया जाएगा। जिसके हिसाब से ही अवैध रूप से नगर निगम की कब्जाई गई जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाएगा। सरकारी भूमि पर नगर निगम द्वारा निगम सम्पत्ति का बोर्ड भी लगाया जाएगा। महापौर ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने जिस प्रकार भूमाफियाओं की कमर तोड़ी है उसी प्रकार गाजियाबाद निगम भी भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त भूमि कराकर जेल भेजने का कार्य करेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# केजरीवाल का दावा महारैली में भाजपा के लोग भी आए

## भाजपा का पलटवार, कहा- रैली थी फ्लाप, आप समर्थक भी नहीं पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


● केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी ने आयोजित की थी महारैली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी की महारैली में भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता व समर्थक भी शामिल हुए, जो अध्यादेश से खुश नहीं हैं। वहीं भाजपा ने दावा किया कि रैली फ्लाप थी। आप के समर्थक भी शामिल नहीं हुए। तपती धूप में केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ रामलीला मैदान में रविवार को हुई महारैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि केंद्र अध्यादेश के खिलाफ रविवार को रामलीला मैदान की रैली में भाजपा के भी कई लोग आए। भाजपा वाले भी कह रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह अध्यादेश लाकर सही नहीं किया। इसके जवाब में प्रदेश भाजपा ने भी ट्वीट किया, आप के लोग भी रैली में नहीं आए। कुर्सियां खाली थीं। पांच सौ रुपये आने के लिए किराए पर कार और खाना देने के बावजूद आपकी धोखाधड़ी के बारे में सुनने के लिए कोई नहीं आया क्योंकि लोग जनते हैं कि आपसे अधिक कपटी, और आडंबर वाला कोई नहीं है। हुआ।

केंद्र ने 19 मई को दिल्ली में ग्रुप-ए के अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना पर एक प्राधिकरण बनाने के लिए अध्यादेश जारी किया था, जिसे आम आदमी पार्टी की सरकार ने सेवाओं के नियंत्रण पर न्यायालय के फैसले के साथ धोखा बताया था। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार में सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना मामले उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। अध्यादेश लाए जाने के बाद, केजरीवाल गैर-भाजपा दलों के नेताओं से संपर्क कर इस अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि राज्यसभा में केंद्र की ओर से लाया जाने वाला विधेयक पारित नहीं हो सके क्योंकि राज्यसभा में भाजपा के पास बहुमत नहीं है।

वहीं भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने सोमवार को ट्वीट कर कहा था 11 बजे तक रामलीला मैदान में कुर्सियां खाली पड़ी थी। उन्होंने अपने ट्वीट में इस बात का भी दावा किया है कि सुना है कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने फोन पर अपने नेताओं को अपशब्द कहे। कपिल मिश्रा एक दौर में अरविंद केजरीवाल के करीबी नेताओं में से थे। सीएम ने उन्हें वर्ष 2015 में मंत्री भी बनाया था।





चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से बचने के लिए दुपट्टे से सिर ढकने के साथ छाता लगाकर निकलीं युवतियां। तपिश भरी गर्मी से बच्चे को बचाने की कोशिश करती मां। फोटो रंजन डिमरी

# उमस भरी गर्मी के बीच 15 और 16 को बारिश के आसार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिल्ली समेत पड़ोसी राज्यों में भी अगले कुछ दिनों में देखने को मिल सकता है बिपारजॉय तूफान का असर

झुलसा देने वाली गर्मी और चिलचिलाती धूप से दिल्ली वालों को वीकेंड से पहले थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। अरब सागर में उठे चक्रवात बिपारजॉय के प्रभाव से दिल्ली समेत पड़ोसी राज्यों में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को हल्की वर्षा हो सकती है। यह जानकारी निजी पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर ने साझा की है। वहीं, मौसम विभाग ने 15 और 16 जून को राष्ट्रीय राजधानी में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने का पुर्वानुमान जताया है।

निजी पूर्वानुमान एजेंसी ने कहा, अरब सागर में चक्रवात, 15 जून को दस्तक देने के बाद जून के तीसरे सप्ताह में राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छिटपुट इलाकों में बरसात हो सकती है।

क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आने वाली नमी से भरी दक्षिण-पश्चिमी हवा के कारण हल्की वर्षा हो सकती है, जो राजस्थान व दक्षिण हरियाणा को पार करने के बाद दिल्ली पहुंचेगी।

वहीं सोमवार को भी राष्ट्रीय राजधानी में झुलसा देने वाली गर्मी पड़ी। दिन भर तेज धूप खिली रही और उमस से लोगों का पसीना भी निकलता रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 42.2 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी 67 से 40 प्रतिशत रहा।

नजफगढ़, पीतमपुरा, पूसा और स्पोर्टस काम्प्लेक्स का तापमान 42 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। दिन में 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। अभी कम से कम एक सप्ताह तक राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर में लू चलने के आसार भी नहीं हैं। कुछ इलाकों में अवश्य ही लू चल सकती है।

## आबकारी नीति मामले में समीर महेंद्रू को कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को चिकित्सा आधार पर सोमवार को छह सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की अवकाशकालीन पीठ ने पाया कि आरोपी जानलेवा बीमारियों से पीड़ित है जिसके लिए तत्काल चिकित्सा और देखभाल की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त और प्रभावी उपचार पाने का अधिकार है। जमानत देने के विवेक का इस्तेमाल केवल अंतिम उपाय के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। अदालत ने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता को 10,00,000 रुपए के एक निजी मुचलके के साथ समान राशि की दो जमानत प्रस्तुत करने पर छह सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत दी जाती है।

## धर्म परिवर्तन मामले में भाजपा नेता ने लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को लिखे पत्र में दिल्ली सरकार के तुर्कमान गेट रैनबसेरा के एक बेघर गरीब निवासी संजीव कुमार के हिंदू धर्म से इस्लाम में धर्मांतरण की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। अब वह अब्बास नाम से जाना जाता है और धर्मांतरण पास के इलाके मे रहने वाले एक कट्टरपंथी मौहम्मद कलीम ने करवाया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब तुर्कमान गेट स्थित रैनबसेरा के केयर टेकर संदीप सागर ने पुलिस प्राथमिकी दर्ज करायी। संदीप सागर का आरोप है कि उक्त मो. कलीम उस पर काफी समय से धर्मांतरण करने और इस्लाम को अपना धर्म स्वीकार करने के लिए दबाव बना रहा था।

# हर बच्चे को अच्छी शिक्षा देना हमारा लक्ष्य: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● उत्तम नगर में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन का किया उद्घाटन



उत्तम नगर में स्कूल भवन के उद् घाटन के अवसर पर सीएम केजरीवाल व अन्य।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार की राजनीति पूरी तरह बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर निर्भर है, जबकि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने ही दिल्ली में अपने शासनकाल में शिक्षा को महत्व नहीं दिया।

सीएम ने यह बात सोमवार को पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन के उद्घाटन अवसर पर कहा। इस स्कूल में लिफ्ट समेत सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ 104 रूम है। इसमें 41 रूम क्लास के लिए इस्तेमाल होंगे जबकि 12 रूम लैब, दो लाइब्रेरी, बहुउद्देश्यीय हॉल, 17 स्टाफ रूम समेत अन्य जरूरतों के लिए उपयोग किए जाएंगे।

इस मौके पर बोलते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहले लोग इस स्कूल को टिन-वाले स्कूल के नाम से जानते थे। 37 साल बाद टिन वाले स्कूल से मुक्ति मिलने पर इलाके के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह स्कूल 1985 से टीन शेड में चल रहा था, जहां करीब 1600 बच्चियां छठीं से 12वीं तक पढ़ती हैं। अभी तक यहां सिर्फ आर्ट्स व वोकेशनल स्ट्रीम की पढ़ाई होती थी। लेकिन नए भवन में अगले सत्र से साइंस और कॉमर्स की भी पढ़ाई होगी।

# गीता कॉलोनी में पालतू कुत्ते ने पांच साल के बच्चे को काटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● अस्पताल में भर्ती हालत स्थिर, मालिक हुआ गिरफ्तार

शाहदरा की गीता कॉलोनी इलाके में पालतू कुत्ते ने पांच साल के बच्चे को बुरी तरह काट खाया। पीड़ित मुहिब खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। इस मामले में कुत्ते के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे बच्चा यहां गीता कॉलोनी के शास्त्रीनगर इलाके के सरोजनी पार्क में अपने घर में खेल रहा था, तभी एक पड़ोसी का पालतू कुत्ता (लैब्राडोर नस्ल) घर में घुस गया और उस पर हमला कर दिया। घर में मौजूद परिजनों ने उसे बचाया और लोक नायक अस्पताल ले गए। कुत्ते के हमले से लड़के के बाएं हाथ में चोट आई, जिसकी सर्जरी करनी पड़ी। पीड़ित के पिता ने इस मुद्दे पर पड़ोसी से बात की तो पालतू कुत्ते के मालिक ने कथित तौर पर उन्हें धमकी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना योद्धा के परिवार को दी एक करोड़ की सम्मान राशि



**नई दिल्ली।** कोविड महामारी में लोगों की जान बचाते हुए कोरोना की चपेट में आकर जान गंवाने वाले कोरोना योद्धा डॉ संजय कुमार गुप्ता के परिवार को केजरीवाल सरकार ने सोमवार को एक करोड़ की सम्मान राशि दी। यह सम्मान राशि दिल्ली सरकार के श्रम एवं समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने परिजनों से सरिता विहार स्थित आवास पर एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक पत्नी मंजू गुप्ता को सौंपा। परिवार में उनकी पत्नी मंजू गुप्ता और दो बेटे आयुष और पीयूष गुप्ता हैं।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग करने का आरोप



**नई दिल्ली।** बादली रेलवे स्टेशन पर सड़क बनाने में कम तारकोल और घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। यादव नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आरपी पाराशर व महासचिव सतीश सैनी ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि 200 मीटर के करीब बनी यह सड़क उबड़ खाबड़ है। सड़क को समतल दिखाने के लिए इसकी ऊपरी सतह पर स्टोन डस्ट और रेता बिछा दिया गया है। एक महीने में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी। सड़क निर्माण में प्रयुक्त हो रही सामग्री को देखकर आशंका जताई जा रही है कि पहली एक-दो बारिश में ही यह सारी सड़क बह सकती है। एसोसिएशन ने सड़क निर्माण में कथित अनियमितता की जांच कराने और बादली रेलवे स्टेशन से बादली अंडरपास तक अच्छी क्वालिटी की निर्माण सामग्री से सड़क के निर्माण की मांग की है।

# आवारा जानवरों और पेड़ों की छंटाई से मिलेगा छुटकारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● महापौर ने 12 प्रूनिंग मशीनों और 4 पशु पकड़ने की गाड़ियों दिखाई झंडी

दिल्ली वालों को जल्द आवारा पशुओं और पेड़ों की छंटाई से संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। महापौर शैली ओबरॉय और निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने 12 प्रूनिंग मशीनों और 4 आवाराा पशुओं को पकड़ने वाली अत्याधुनिक गाड़ियों झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर शैली ने कहा कि प्रत्येक जोन को एक-एक मशीन दी गई है। अब पेड़ों की छंटाई को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। आवारा जानवरों के शेल्टर का इंतजाम किया जा रहा है। मंत्री गोपाल राय को भी पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि मानसून से पहले ही पेड़ों की छंटाई हो सकेगी। वहीं आवारा पशुओं निजात पाने के लिए 4 पशु पकड़ने वाली गाड़ियों को भी निगम के बेड़े में शामिल किया गया।

## मामूली बात पर युवक ने कैंची से किया हमला

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिमी दिल्ली में नाई की दुकान में युवक के सिगरेट पीने से मना करने पर एक व्यक्ति पर कैंची से हमला कर दिया। पीड़ित अभय कुमार शरीर में नौ जख्म पाए गए हैं। जिनमें से चार छाती पर हैं। कुमार को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत पहले से बेहतर है। पुलिस ने आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के किशनगढ़ गांव की है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभय रविवार को नाई की दुकान पर गया था, तभी मोहित वहां आया। वह नशे में था और सिगरेट पी रहा था। कुमार ने उससे बाहर जाकर सिगरेट पीने के लिए कहा और इस पर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा।

# गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर लगी आग

● मीथेन गैस, तापमान बढ़ने और तेज हवा के कारण फैली थी आग : एमसीडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गाजीपुर लैंडफिल साइट पर सोमवार दोपहर आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने और उसे बुझाने के लिए एक रेबोटिक मशीन के साथ दमकल की 13 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

दिल्ली नगर निगम के अनुसार सोमवार दोपहर करीब पौने दो बजे गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने की जानकारी मिली थी। तेज हवा चलने के कारण यह आग फैलने लगी। एमसीडी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 13-14 एक्सकेवेटर और 4-5 बुलडोजर को काम पर लगाया गया। शाम तक 70 फीसदी आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल यह सीमित क्षेत्र में फैली है देर रात तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, लैंडफिल स्थलों में डाले गए जैविक कचरे के सड़ने से मीथेन गैस का उत्सर्जन होता है। गर्मी में, मीथेन गैस की वजह से आग लग जाती है और कपड़े व प्लास्टिक जैसी ज्वलनशील सामग्री वहां पहले से मौजूद रहती है जिसके कारण आग फैलती है।

# जी-20 नेताओं की आगवानी के लिए संवर रही दिल्ली

## लाल किला, चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन से हटा अतिक्रमण, डीएमआरसी का एक्शन, 17 तक जारी रहेगा अभियान



चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास अतिक्रमण हटाते कई विभागों की संयुक्त टीम।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● 9-10 सितंबर को जी-20 देशों के नेताओं का होगा सम्मेलन

सितंबर में होने वाली जी-20 शिखर सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों के लिए दिल्ली संवर रही है। इसके मद्देनजर दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अधिकारियों ने मेट्रो स्टेशनों के आसपास से अतिक्रमण हटाने का बड़ा अभियान शुरू किया है। यह मुहिम एक सप्ताह यानी 17 जून तक चलेगी। इसमें दिल्ली एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए और दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी शामिल रहेंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे यात्रियों को मेट्रो स्टेशनों तक आने-जाने में कोई परेशानी न हो।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि प्रमुख मेट्रो स्टेशनों के बाहर ठेला-रेहड़ी, रिक्शा वालों के अलावा अन्य अवैध दुकानों की वजह से अतिक्रमण हुआ है। इस अतिक्रमण की वजह से मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों को असुविधा होती है। इसी कड़ी में सोमवार को भीड़भाड़ वाले लाल किला और चांदनी चौक मेट्रो स्टेशनों के गेट नंबर 5 से शुरू किया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान अगले एक सप्ताह यानी 17 जून तक चलेगा। इस समस्या को कम करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। डीएमआरसी समय-समय पर इन मुद्दों के बारे में संबंधित एजेंसियों को भी लिखता रहता है।

### मई में भी चला था अभियान

डीएमआरसी ने बताया कि मई में भी 11 मेट्रो स्टेशनों पर विक्रेताओं, ई-रिक्शा, ऑटो-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम की समस्या को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया था। डीएमआरसी ने मेट्रो परिसर में साफ-सफाई और यात्रियों के व्यवहार पर ध्यान दिया है। कई अन्य एजेंसियां भी जी-20 के लिए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला रही हैं।

# अक्षरधाम प्लांट से शोधित पानी की गुणवत्ता सबसे बेहतर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अक्षरधाम वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शोधित जल दिखाते डीजेबी के उपाध्यक्ष सामेनाथ भारती।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने सोमवार को अक्षरधाम के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों प्लांट की कार्यप्रणाली को समझा और पानी की गुणवत्ता की जांच कर दावा किया कि अक्षरधाम वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के शोधित पानी की गुणवत्ता 2/1 की है, जो दिल्ली में सबसे बेहतर है। जबकि निधारित मापदंड 10/10 के है।

उन्होंने कहा कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए डीजेबी अपने सभी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के शोधित पानी की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रयास कर रहा है ताकि हर प्लांट की गुणवत्ता निर्धारित मानक 10/10 तक पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से यमुना नदी के प्रदूषण की मात्रा में काफी कमी आयेगी।

## यमुना में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में सोमवार को यमुना नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना सोमवार को तड़के उस समय हुई जब मानुष मलिक अपने पांच दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान मलिक गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोताखोरों और दमकल विभाग की टीम ने नदी से उसके शव को बाहर निकाला। मलिक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिवार वालों को सौंप दिया गया। जांच के दौरान मानुष के माता-पिता और दोस्तों के बयान दर्ज किए गए। जानकारी के मुताबिक रोहिणी निवासी मलिक यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

# पटेल नगर से बंद पड़ी विद्युत लाइन हटवाने के प्रयास शुरू


गुरुग्राम के पटेल नगर में बंद पड़ी विद्युत लाइन को हटवाने के लिए चीफ इंजीनियर से मुलाकात करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पटेल** नगर में लम्बे समय से खतरे का सबब बनी 66केवी की विद्युत लाइन को हटवाने के बाद अब वहां से दूसरी लाइन को भी हटवाने के प्रयास शुरू हो गये हैं। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने आग्रह किया है कि क्षेत्र में दो लाइनें और हैं, जो कि बंद पड़ी हैं। उन्हें भी हटवाकर लोगों को सुविधा दी जाए।

नवीन गोयल ने चीफ इंजीनियर एमके वत्स से मुलाकात करके पटेल नगर में हाई टेंशन विद्युत लाइनों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पूर्व में हटाई गई चालू लाइन को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का आभार जताया। नवीन गोयल ने कहा कि नवीन ने कहा कि यहां 66केवी की जो विद्युत लाइन चालू थी, उसे पिछले दिनों हटाने का काम शुरू हो गया है। दो लाइनें अन्य भी यहां हैं, जो कि काफी समय से बंद पड़ी है। उनसे विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही। इन दोनों लाइनों की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। इसलिए इन्हें भी हटाकर लोगों को राहत दी जाए। लोगों को बहुत टेंशन है। काफी परेशान रहे हैं। चीफ इंजीनियर एमके वत्स ने तुरंत ही एक्सईएन अनिल मलिक को निर्देश दिए कि पटेल नगर की बंद पड़ी लाइनों को हटाने के लिए टेंडर निकाले जाएं, ताकि यह काम जल्द से जल्द सिरे चढ़ाया जा सके। नवीन गोयल ने कहा कि प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला की ओर से बिजली की किल्लत को दूर कर दिया गया है।

घरेलू हो या व्यवसायिक, दोनों ही क्षेत्रों में बिजली की बेहतर आपूर्ति की जा रही है। कभी बिजली के लिए हाहाकार मचता था। गर्मियों में तो बहुत बुरा हाल रहता था। लोग सड़कों पर आकर विरोध जाहिर करते थे। सरकार की बेहतर बिजली व्यवस्था से पिछले 8 साल में बिजली की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है। लगभग 24 घंटे बिजली गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में घरेलू व व्यवसायिक क्षेत्रों को आपूर्ति की जा रही है। इस अवसर पर इंस्पेक्टर राव बीर सिंह यादव, सोनू गौड़ रामफल, विजय, अशोक धीमान, अभय सिंह यादव, महेंद्र सिंह, राजेश अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## प्रोपर्टी डीलर का अपहरण करके

# 5.90 लाख रुपये की फिरौती वसूलने वाले दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** प्रोपर्टी डीलर का अपहरण करके 5.90 लाख रुपये की फिरौती वसूलने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 10 जून 2023 को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना राजेन्द्रा पार्क गुरुग्राम में शिकायत दी कि उसका 22 वर्षीय भतीजा प्रोपर्टी डीलर का काम करता है। उसके भतीजे को उसी के साथ काम करने वाले व्यक्तियों ने अपहरण करके 7 लाख रुपयों की मांग की। युवक के परिजनों ने अपहरणकर्ताओं से बात करके उन्हें 5.90 लाख रुपए दे दिए। इस सम्बन्ध में थाना राजेन्द्रा पार्क में केस दर्ज किया।


गुरुग्राम से प्रोपर्टी डीलर का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार युवक।

पुलिस ने इस मामले में अपहरण करके नगदी वसूलने वाले 2 आरोपियों को जिला चुरु (राजस्थान) से काबू किया। जिनकी पहचान करणवीर व हिमांशु के रुप में हुई। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि प्रोपर्टी की खरीद-फरोख्त में कमीशन के हिस्से को लेकर उनकी रंजिश थी। इसलिए उन्होंने युवक का अपहरण करके 5.90 लाख रुपये फिरौती वसूली। फिरौती वसूलने के बाद वे उसका अपहरण करके राजगढ (राजस्थान) के पास अज्ञात स्थान पर ले गए और वहां पर छोड़ दिया। आरोपियों की पीछा करते हुए पुलिस ने पीड़ित को सकुशल बरामद कर लिया है। इसके बाद घटना में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# जीएमडीए ने गुरुग्राम के 14 अंडरपासों में मॉक ड्रिल पूरी की

**गुरुग्राम।** जीएमडीए ने गुरुग्राम शहर के 14 अंडरपासों में मौजूदा ड्रेनेज नेटवर्क और पंपिंग मशीनरी की प्रभावकारिता की जांच के लिए मॉक ड्रिल पूरी कर ली है। जीएमडीए द्वारा सुरक्षित मानसून सुनिश्चित करने के लिए चल रही पहल के हिस्से के रूप में एनएचएआई और डीएलएफ के समन्वय में ये मॉक ड्रिल किए गए किए गए हैं। इन अंडरपास में पम्पिंग मशीनरी पूरी तरह से काम करने की स्थिति में पाई गई और आगे के रखरखाव या मरम्मत कार्य की किसी भी आवश्यकता को संबंधित टीमों को निर्देशित किया गया है। मॉक ड्रिल राजीव चौक और मेदांता अंडरपास में की गई। ड्रिल के दौरान सभी डीजी सेटों की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। जीएमडीए प्रवक्ता के अनुसार जिन अंडरपासों पर ड्रिल की गई, उनमें एंबियंस मॉल, शंकर चौक, इफको चौक मेट्रो स्टेशन से एमजी रोड, सिग्नेचर टावर, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, मेदांता रोड, डीएलएफ साइबर सिटी में दोनों यू-टर्न अंडरपास, सिकंदरपुर, डीएलएफ फेज-1, जेनपैक्ट, अतुल कटारिया चौक, महावीर चौक और हुडा सिटी सेंटर शामिल हैं। जीएमडीए द्वारा मॉक ड्रिल के अलावा बाढ़ की तैयारी के उपायों के तहत, बरसाती नालों और पानी की नालियों की सफाई और डिसिल्टिंग, नालियों और अतिरिक्त पानी की नालियों का निर्माण, पंपिंग मशीनरी की स्थापना, बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार कैंपों में 1140 में से 760 का समाधान


गुरुग्राम नगर निगम की ओर से प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार कैंप में पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 10 व 11 जून को विभिन्न स्थानों पर लगाए गए प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार कैंपों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। कैंपों में ऑनलाइन तथा ऑफलाईन दो माध्यमों से डाटा सुधार संबंधी कुल 2027 आपत्तियां प्राप्त हुई थी। इनमें 1140 ऑनलाइन तथा 887 ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त आपत्तियां शामिल हैं। इन विशेष कैंपों में ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त 1140 आपत्तियों का समाधान करने का कार्य संबंधित जोनल टैक्सेशन अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को समाचार लिखे जाने तक इनमें से 760 आपत्तियों का समाधान हो चुका था। शेष बची आपत्तियों का समाधान भी प्रक्रिया में है। इसके अलावा ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त 887 आपत्तियों की जांच एनडीसी एडमिन द्वारा की जा रही है तथा जांच उपरान्त साथ-साथ ही उनका समाधान भी किया जा रहा है। प्रॉपर्टी मालिक स्वयं कर सकते हैं डाटा को सत्यापित : हरियाणा के शहरी प्रॉपर्टी मालिकों के लिए सरकार ने प्रॉपर्टी का डाटा पोर्टल पर लाईव कर दिया है। इस पोर्टल पर किसी भी तरह के सुधार का विकल्प मौजूद है। प्रॉपर्टी मालिक स्वयं अपने प्रॉपर्टी डाटा का सत्यापन करें तथा अगर कोई आपत्ति हैं, तो पोर्टल पर ही सुधार के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा 31 जुलाई तक पूरे प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने वालों को ब्याज राशि में 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023-24 की प्रॉपर्टी टैक्स राशि पर भी 10 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा।

### जन सेवा समिति ने सिविल लाइन में लगाया भंडारा


सिविल लाइन में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।


**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था जनसेवा समिति द्वारा सिविल लाईंस क्षेत्र स्थित अग्रवाल धर्मशाला के निकट सोमवार को 27वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के सुनील गर्ग, राहुल गर्ग, राजीव गुलाटी आदि ने कहा कि धर्म शास्त्रों में उल्लेखित है कि विश्व में सबसे बड़ा दान यदि कोई है तो वह केवल अन्नदान है। किसी भूखे को भोजन करा दिया जाए तो सबसे बड़े पुण्य फल की प्राप्ति होती है। अन्न एकमात्र ऐसी सामग्री है, जिससे शरीर के साथ-साथ आत्मा भी तृप्त होती है। संस्था का यही उद्देश्य है कि जरुरतमंद लोगों को प्रसाद के रुप में भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने शहर के सामर्थ्यशील लोगों से भी आग्रह किया है कि वे भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों को बढावा दें, ताकि जरुरतमंदों को ससम्मान भोजन भी प्रसाद के रुप में उपलब्ध हो सके। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के संजय मेहरा, आलोक उपाध्याय, गोल्डी डावर, आशीष, मुस्कान कुंडू, प्रशांत भारद्वाज, अमित गोयल, अंकित अल्घ, विक्रांत मक्कड़, स्वाति ग्रोवर, मुकेश डागर, अंकित जुनेजा, मनवीर ठाकुर, उमाशंकर आदि का सहयोग रहा।

# शेफ विकास खन्ना ने बर्गनर के रोडशो में लिया हिस्सा, नए उत्पादों की रेंज को किया पेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रीमियम** किचरवियर सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी बर्गनर इंडिया यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित है कि कंपनी के ब्रैंड एंबेसडर मिशलिन स्टार शेफ विकास खन्ना ने नई दिल्ली के चुनिंदा होमवियर स्टोर का दौरा किया। इसके बाद स्मार्ट बाज़ार, एंबिएंस मॉल में मास्टरक्लास का भी आयोजन किया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य रिटेलर्स और ग्राहकों को इस दिग्गज से मिलने का अवसर देना और नए उत्पादों के लॉन्च के बारे में उन्हें जानकारी देना और शेफ की मास्टरक्लास के दौरान खाना पकाने के रहस्यों को जानना था।

एक स्टोर में लोगों से मुलाकात करते हुए शेफ विकास खन्ना ने कहा, ''मैं बर्गनर के साथ जुड़कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं क्योंकि यह ब्रैंड भी मेरी तरह ही किचन में किए जाने वाले इनोवेशन और क्वालिटी पर ज़ोर देता है। बर्गनर की ओर से पेश किए गए आर्गेंट मिनी, बेलिनी+ औरा और मास्टरपीआरओ रेंज में सुविधा, स्टाइल और सेहतमंद कुकिंग को सही मायनों में समाहित किया गया है।'' अरुणी मिश्रा, सीईओ, बर्गनर इंडिया ने कहा, ''बर्गनर में हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों की जरूरतें पूरी करने वाले सर्वश्रेष्ठ उत्पाद उपलब्ध कराने की ओर होता है। हमें भरोसा है कि आज शेफ विकास खन्ना द्वारा लॉन्च किए नए उत्पादों की रेंज के साथ हम सुविधा,



टिकाऊ उत्पाद और सेहतमंद कुकिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर सकेंगे।'' लॉन्च किया गया ऐसा ही एक प्रोडक्ट था बेलिनि+ औरा जिसमें रिवेटलेस टैक्नोलॉजी है। यह टैक्नोलॉजी सेहतमंद कुकिंग अनुभव सुनिश्चित करता है और आसानी से सफाई करने की सुविधा देता है। इसकी अर्गोनॉमिक डिजाइन और वुडेन फिनिश वाला सॉफ्ट-टच हैंडल इसे और भी बेहतरीन बनाती हैं जिससे खाना बनाते समय पहले के मुकाबले ज़्यादा सुविधा और आराम मिलता है।

इस लॉन्च का सबसे प्रमुख आकर्षण आर्गेंट मिनी जो अब तक का पहला मिनी ट्रिपली रेंज है। यह ओवेन से लेकर खाने की टेबल तक के सफर को आसान बनाता है। आर्गेंट मिनी रेंज की सबसे खास खूबियों में से एक है इसका कॉम्पैक्ट साइज जिसकी वजह से यह किचन में बहुत ही कम जगह लेता है। यह उद्योग के लिहाज से किया गया पहला इनोवेशन है जिसमें अलग-अलग तरह के कैसरोल, कढ़ाई और सॉसपैन शामिल हैं, इन्हें आधुनिक घरों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# घाटी से उतरते बेकाबू डंपर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

## पुलिस ने हादसे में मृत युवक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोमवार** की सुबह तावडू से सोहना आते समय पत्थरों से ओवरलोड भरा डंपर घाटी से उतरते समय बेकाबू हो गया। बेकाबू डंपर ने सामने से आ रहे बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बेकाबू डंपर ने उसके बाद सड़क किनारे बनी दुकान के पिल्लर, सड़क किनारे रखा खोखा और बिजली के ट्रांसफार्मर को भी उखाड़ा फेंका। अज्ञात चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हादसे में मरने वाले युवक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

सोमवार की सुबह 7 बजे तावडू की तरफ से आ रहा पत्थरों से भरा डंपर सदर थाने की नाक के नीचे घाटी से उतरते समय बेकाबू हो गया। अज्ञात चालक ने बेकाबू डंपर को सामने बना गतिरोधक से उसे तेज


2616 . घाटी से उतरते समय बेकाबू हुआ पत्थरों से भरा डंपर।

गति से कूदा दिया। जिससे डंपर उसके काबू से बाहर हो गया। इस दौरान सामने से आया बाइक सवार को डंपर के नीचे आ गया। डंपर के टायर उसे कुचलते हुए उसके ऊपर से निकल गए। लेकिन बाइक डंपर के नीचे फंस गई और वह करीब 30 फुट तक घसीटने के बाद उसके आगले टायरों के नीचे दबी रही। बाइक सवार ने मौके पर ही दमतोड़ दिया। जिसकी पहचान जिला रेवाड़ी का गोव कोसली निवासी 40 वर्षीय जयप्रकाश के रूप में हुई है।

**बेकाबू डंपर ने तोड़ी दुकान, खोखा व ट्रांसफार्मर :** घाटी से उतरने के दौरान बेकाबू हुए डंपर बाइक सवार को कुचलने के बाद तो और भी संतुलन से बाहर हो गया। ओवरलोड होने के कारण सड़क किनारे बनी दुकान के पिल्लर को तोड़ते हुए सामने रखा खोखा को तोड़ डाला। उसके बाद सामने लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के दोनों पोलों को तोड़ता हुआ निजी स्कूल की दीवार तोड़ता हुआ खाली मैदान में कूदने लगा। लेकिन दीवार के पार खड़ा कीकर के पेड़ ने डंपर को कूदने से रोक लिया।

**बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल सप्लाई बाधित:** सोमवार की सुबह हुआ सड़क हादसे के कारण वार्ड-13 की पहाड़ कॉलोनी से लेकर वार्ड-12 के इलाके में पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। इतना ही नहीं इस बिजली ट्रांसफार्मर से जुड़े व्यापारियों के बिजली खराब होने से कारोबार प्रभावित हुए। पूरा दिन हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। जिसका असर दुकानदारों की रोजीरोटी पर भी पड़ा।

**बिजली निगम लगाएगा जुर्माना :** बिजली निगम एसडीओ मुकेश गौड ने बताया कि अज्ञात डंपर चालक की लापरवाही से हुआ सड़क हादसे के दौरान निगम के चार पोल टूटे हैं। जिनका इस्टीमेंट तैयार करते हुए डंपर चालक पर जुर्माना लगाने की तैयारी शुरू हो गई है।

# बिजली निगम ने अंत्योदय परिवारों को दी राहत

**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार ने अंत्योदय परिवारों के लंबित बिजली के बिलों में छूट दी है। इसके लिए तैयार की गई व्यापक योजना के तहत दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने एक लाख रुपये से कम आय वाले गरीब परिवारों के लिए अंत्योदय ऊर्जा सुरक्षा योजना लागू करने का आदेश जारी किया है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिनके बिजली कनेक्शन बिलों का भुगतान न करने पर काट दिए गए हैं, ऐसे गरीब परिवारों से बकाया बिल राशि पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। यह योजना तब तक लागू रहेगी जब तक डिस्कॉम इसको वापस नहीं ले लेता। उन्होंने कहा कि जिस उपभोक्ता की सालाना आय एक लाख तक है। परिवार पहचान पत्र में उसकी इनकम वेरीफाई है, साथ ही उसकी मासिक यूनिट खपत 150 से ऊपर नहीं है। ऐसे परिवारों के बकाया बिल की पचास प्रतिशत राशि को माफ किया गया है व बाकी बची पचास फीसदी राशि को तीन किस्तों में अदा करने का विकल्प दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर आधारित है। ऐसे परिवार जिनकी भविष्य में सालाना आय एक लाख से अधिक हो जाती है तो स्वत: ही इस स्कीम से बाहर हो जाएंगे।

# गर्मी व लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलेवासी



प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**गर्मी** के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है।

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें।

### अपने जानवरों का लू से कैसे बचाव करें

**जानवरों** को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें, ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं। उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो, कुत्ते को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सड़क, गर्म रेत) पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

# आरजीसीआईआरसी में इंटरनेशनल पेशेंट्स लाउंज का अनावरण



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** में कैंसर केयर को लेकर मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के प्रतिष्ठित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी), नई दिल्ली ने हर साल विदेश से आने वाले मरीजों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए एक डेडिकेटेड इंटरनेशनल पेशेंट्स लाउंज स्थापित किया है।

आरजीसीआईआरसी के सीईओ श्री डीएस नेगी (आईएएस, सेवानिवृत) ने कहा, 'इंटरनेशनल पेशेंट्स लाउंज को कैंसर जैसी बीमारी के इलाज के लिए विदेश से आने वाले मरीजों एवं उनके सहायकों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की अवधारणा के साथ बनाया गया। इसके माध्यम से उन्हें भर्ती होने से लेकर डिस्चार्ज होने तक की सभी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराई जाएंगी। हमारे करीब 7-10 प्रतिशत मरीज विदेश से होते हैं। इनमें बड़ी संख्या नेपाल, बांग्लादेश और भूटान जैसे पड़ोसी देशों की होती है।' इंटरनेशनल पेशेंट्स लाउंज का उद्घाटन हाल ही में नेपाल के राजदूत माननीय डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा और भूटान के राजदूत मेजर जनरल वेटसॉप नामग्याल ने किया। इस दौरान आरजीसीआईआरसी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुधीर रावल और सभी वरिष्ठ कंसल्टेंट उपस्थित रहे। अस्पताल में भर्ती कई विदेशी मरीजों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने इस कदम की सराहना की। इससे मरीजों को सुविधा मिलेगी और उनका इलाज जल्दी शुरू हो सकेगा, जो कि कई गंभीर मामलों में बहुत जरूरी होता है। आरजीसीआईआरसी की मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. पिंकी यादव ने बताया कि रजिस्ट्रेशन, एडमिशन, बिलिंग आदि समेत सभी कागजी कार्य इसी लाउंज के माध्यम से होंगे और मरीजों को सीधे उनके रूम में पहुंचा दिया जाएगा। लाउंज में इंटरप्रेटर की सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आरजीसीआईआरसी के 25 साल के सफर में करीब 14,000 विदेशी मरीजों का इलाज किया गया है।

# वर्क इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में कम हुई डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ब्लू कॉलर** कामगारों की भर्ती के लिए देश के अग्रणी टेक प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स को लेकर मार्केट ट्रेंड का अध्ययन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स के लिए बाजार में मांग में बड़ा उछाल देखने को मिला था। वहीं 2023 में इसमें तेज गिरावट आई है। स्विगी और जोमैटो जैसी कंपनियां नियुक्तियों के लिए इस प्लेटफॉर्म से जुड़ी हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद से उपभोक्ताओं के व्यवहार में बड़ा बदलाव आया है और फूड एवं ग्रॉसरी डिलीवरी, टेली-हेल्थ सर्विस और एंटरटेनमेंट आदि के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लोगों की निर्भरता बढ़ी है। डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स का सहयोग करने और उनके अनुभव को बेहतर करने के लिए इस उद्योग ने सक्रियता से कदम भी बढ़ाया है। इसी के परिणामस्वरूप वर्कइंडिया पर विभिन्न शहरों में डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स की मांग में वृद्धि देखी गई। 2022 में इंदौर, चंडीगढ़ और जयपुर में इस मामले में सबसे ज्यादा विकास देखा गया। इसके बाद अहमदाबाद, लखनऊ, मुंबई, पुणे और सूरत का स्थान रहा। इंदौर में 830.50 प्रतिशत, चंडीगढ़ में 735.09 प्रतिशत और जयपुर में 666.59 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी। हालांकि 2023 में इन शहरों में डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स के लिए जॉब ओपनिंग में कमी देखी गई है। कोलकाता में तो नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

इससे वहां 13,165 रोजगार के अवसर सृजित हुए। लखनऊ में 8,010 और हैदराबाद में 39,222 रोजगार के अवसर सृजित हुए। वर्कइंडिया के सह-संस्थापक एवं सीईओ श्री कुणाल पाटिल ने कहा, ''वर्कइंडिया में हमारा मिशन परिश्रमी ब्लू-कॉलर कामगारों के लिए अर्थपूर्ण रोजगार के अवसर सृजित करना है। प्लेटफॉर्म के माध्यम से हमने कई लोगों को डिलीवरी सेक्टर में जॉब ओपनिंग से जोड़ते हुए उनके लिए बेहतर आजीविका सुनिश्चित की है। 2022 डिलीवरी इंडस्ट्री के लिए शानदार रहा था। 2023 में सालाना वृद्धि में गिरावट के बावजूद आगामी वर्षों में इस सेक्टर में सतत विकास का अनुमान है।''

जोमैटो के सेंट्रल स्ट्रेटजी (न्यू सप्लाई) श्री देवेंदर जांगड़ा ने कहा, ''हम अपने डिलीवरी पार्टनर्स के प्रयासों और उनकी प्रतिबद्धता को सम्मान देते हैं। हम डिलीवरी इकोसिस्टम को बढ़ाने में वर्कइंडिया से साझेदारी के महत्व को समझते हैं। ब्रेक के समय अपने सभी डिलीवरी पार्टनर्स के लिए जोमैटो के रेस्ट पॉइंट उनकी सुविधाओं को लेकर जोमैटो की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।'' 2024 पर ध्यान केंद्रित करते हुए जेंडर डायवर्सिटी को बढ़ावा देने का प्रयास है।

इसके तहत ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस सेक्टर से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अभी इस सेक्टर में ज्यादातर पुरुष हैं। वर्कइंडिया आगे भी कुशल एवं महत्वाकांक्षी डिलीवरी एक्जीक्यूटिक्स को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह प्लेटफॉर्म लगातार रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच पुल की तरह काम कर रहा है।

## क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार सहित दो तस्कर गिरफ्तार किए



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में योगेश तथा अजीत का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के छांयसा गांव के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी योगेश को चांदपुर चौक से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 01 देशी कट्टा व 01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मामले में पूछताछ के लिए आरोपी को छांयसा थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस जांच में आरोपी ने बताया कि यह कट्टा वह आरोपी अजीत से खरीद कर लाया था। आरोपी ने बताया कि उसका कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा है, इसलिए वह अजीत से पांच हजार में यह कट्टा खरीदकर लाया था। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## फरीदाबाद में तीन स्कूलों को अपग्रेड कर बनाया जाएगा पीएम श्री स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में पीएम श्री योजना के तहत करीब दो करोड़ रुपये की लागत से तीन स्कूल को अपग्रेड करने की योजना है। इसका खाका तैयार कर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेज दिया गया है।

स्वीकृति मिलने के बाद दो बल्लभगढ़ खंड के खंडावली, फतेहपुर तगा और फरीदाबाद खंड में एनआईटी दो स्थित राजकीय स्कूल को अपडेट किया जाएगा। प्रदेश के प्रत्येक खंड में दो-दो और कुल 280 पीएम श्री स्कूल बनाने की योजना है। पहले चरण में केंद्र सरकार की ओर से 124 स्कूलों को मंजूरी मिली है। पीएम श्री स्कूल बनाने के लिए पहले से चल रहे इन स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से प्रत्येक स्कूल को 50-50 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा करीब दो करोड़ रुपये की लागत से तीनों स्कूल को अपग्रेड किया जाएगा। ताकि यह स्कूल निजी स्कूलों को टक्कर दे सकें।

### विद्यार्थियों को रोबोटिक, ड्रोन, कोडिंग, रॉकेट साइंस आदि की पढ़ाई कराई जाएगी

**जिले** में तीन पीएमश्री स्कूल को अपग्रेड करना है। इसके लिए खाका तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। यहां बच्चों को आधुनिक तकनीक के विषय में पढ़ाया जाएगा।

-डॉ. मुनेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी



### रोबोटिक और ड्रोन की होगी पढ़ाई

**पीएम** श्री स्कूल के विद्यार्थियों को रोबोटिक, ड्रोन, कोडिंग, डेटा मैचिंग, डेटा एनालिसिस, डेटा माइनिंग, ब्लॉक चेन मैनेजमेंट, क्रिप्टो, एस्ट्रोनॉमी और रॉकेट साइंस की पढ़ाई होगी। इसके लिए यहां तैनात शिक्षक को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम श्री स्कूल बनाए जाने की योजना इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू हो जाएगी। स्कूल में तैनात कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। अगर इन स्कूलों में कर्मचारियों की कमी होती है, तो दूसरे स्कूलों से कर्मचारियों को तैनात किया जा सकता है।

# पुरानी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

### पुलिस में धमकी की शिकायत देने पर उतारा मौत के घाट, दो युवकों पर केस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



सरकारी अस्पताल में कार्रवाई करती पुलिस व मौजूद परिजन, मृतक का फाइल फोटो

**पलवल** में युवकों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर दो युवकों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मृतक की पहचान कैलाश नगर के रहने वाले राजा के रूप में हुई है। पिता नवल किशोर ने बताया कि उसके पास रविवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे फोन आया कि उसके बेटा (राजा) को किसी ने गोली मार दी है। वह कैलाश नगर के सरकारी स्कूल में पहुंचा तो राजा जमीन में पड़ा हुआ था और उसकी छाती में गोली लगी हुई थी।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। किशोर ने बताया कि बेटे को पुरानी रंजिश के चलते कृष्णा कॉलोनी निवासी गौरव और कैलाश नगर निवासी विपुल ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारा है। राजा ने जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पांच मई को पुलिस को शिकायत दी थी।

उसने बताया कि उसके एक बेटे की पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी, अब दूसरा बेटा भी उससे दूर हो गया। राजा की शादी हो चुकी थी और उसके एक बेटा भी था।

## गोवर्धन से पलवल लौट रहे दंपत्ति की सड़क दुर्घटना में मौत

**पलवल।** मथुरा-वृंदावन स्थित गोवर्धन से होडल लौट रहे दंपत्ति की बाइक को ट्रक नेशनल हाईवे-19 पर घसीटता हुआ काफी दूर तक ले गया। हादसे में दोनों पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए। वहीं शिकायत के आधार पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मृतकों की पहचान रामनगर के रहने वाले दीपक और सृष्टि के रूप में हुई है। दोनों गोवर्धन में परिक्रमा करने के लिए गए थे। वापसी में नेशनल हाईवे-19 पर कोसी कलां के पास तेज रफ्तार ट्रक ने दीपक की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। बाइक ट्रक के अगले हिस्से में जा फंसी और दीपक-सृष्टि को घसीटते हुए कई मीटर तक ले गया। दीपक की पत्नी सृष्टि गर्भवती थी। दीपक अपने परिवार में सबसे बड़ा था और उसके दो छोटे भाई हैं। दीपक अकेला ही अपने परिवार का पालन पोषण करता था। दोनों की मौत के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एबीवीपी ने छात्रों की मांगों को लेकर राजकीय महाविद्यालय में दिया ज्ञापन



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद पलवल के जिला संयोजक हितेश वशिष्ठ ने अंबेडकर कॉलेज के प्राचार्य बाबूलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए पत्र में हरियाणा सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने और फंड के लिए सरकार पर निर्भरता कम करने की बात कही थी, जोकि अनुचित है तथा शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने की ओर इशारा करती है। डॉ बीआर अंबेडकर कॉलेज में आ रही विभिन्न समस्याओं को भी बताया। अन्य मांगों में प्रवेश परीक्षा में हो रही देरी के खिलाफ तुरंत समाधान हो। छात्र संघ चुनाव बहाल किये जाएं। शैक्षिक संस्थानों में रिक्त पदों पर भर्ती सुचारू रूप से करवाने की मांग।

महाविद्यालय में कैंटीन की व्यवस्था की जाए। कॉलेज में पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। प्राचार्य ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इन मांगों पूरा करने का काम किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को कॉलेज में ही सभी सुविधाएं मिल सकें। इस मौके पर उनके साथ सचिन सहरावत, अमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सेक्सटोर्शन से बचने के लिए अज्ञात महिला के झांसे में न आएं : बसंत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



इंस्पेक्टर बसंत।

**हरियाणा** उदय कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईटी साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत ने आमजन को सेक्सटॉर्शन के बारे में जानकारी देते हुए इससे बचाव के लिए जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत इंस्पेक्टर बसंत ने साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ती हुई टेक्नोलॉजी के युग में साइबर अपराध के तरीके भी बहुत अधिक बढ़ रहे हैं। जिन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका है, इसके बारे में जानकारी रखना। साइबर ठग विभिन्न माध्यम से अपराधिक गतिविधियां करने की फिराक में रहते हैं।

वह फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आपके साथ आपको रिक्वेट भेजती हैं और धीरे धीरे आपसे दोस्ती बढ़ती हैं। थोड़े समय बाद वह आपको अपने प्यार के जाल में फंसा लेती हैं और फोन पर आपके साथ अश्लील वीडियो कॉल करती हैं। इन अपराधियों द्वारा इस वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर लिया जाता है और बाद में इसे उसी व्यक्ति को भेजकर उसे ब्लैकमेल किया जाता है और उनसे पैसों की मांग की जाती है। साथ ही धमकी दी जाती है कि यदि उसने उनका कहना नहीं माना तो वह इसे उनके सारे दोस्तों, रिश्तेदारों और परिजनों को भेज देंगे और उनकी पूरे समाज में बदनामी हो जाएगी।

इस धमकी से डरकर व्यक्ति उनके झांसे में आ जाता है और उनकी बातें स्वीकार कर लेता है तथा बदनामी के डर से उन्हें पैसे भेज देता है। इसलिए सभी से अनुरोध है कि इस प्रकार की साइबर ठगी के झांसे में न आएं। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी साझा न करें और इस प्रकार के वीडियो कॉल्स स्कैम के झांसे में न आएं।

## लड़कियों को मानसिक रूप से मजबूत रहना चाहिए : नेहा सिंह

### डीसी ने हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत मासिक धर्म स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**हरियाणा** उदय कार्यक्रम के तहत हसनपुर ब्लाक के खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, हसनपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा (एमएचएस) मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त नेहा सिंह ने किया।

उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छा जागरूकता अभियान में उपस्थित 10 से 19 आयु वर्ग तक की लड़कियों को मासिक धर्म के संबंध में जागरूक किया। इस मौके पर उपायुक्त नेहा सिंह ने सेनेटरी नेपकिंस वितरित भी किए। नेहा सिंह ने शिविर में उपस्थित लड़कियों को मासिक धर्म के संबंध में जागरूक करते हुए कहा कि यह कोई बीमारी नही है,यह आपके स्वस्थ विकास का एक हिस्सा है। मासिक धर्म वाले दिन भी बाकी दिनों की तरह सामान्य दिन ही है। उन्होंने कहा कि लड़किया किसी भी क्षेत्र कमजोर नही होती। लड़कियों को मानसिक तौर पर मजबूत रहना चाहिए। साथ ही उपायुक्त ने किशोर अवस्था में हो रहे बदलावों के बारे में भी आवश्यक पहलुओं से जागरूक किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर ने कहा कि अगर मासिक धर्म के समय रक्तस्त्राव ज्यादा हो तो तुरंत प्रभाव से डाक्टर से परामर्श ले इसे नजरअंदाज न करें।

उप सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी ने बताया कि मासिक धर्म के बाद अच्छा खान-पान रखने की आवश्यकता है। जिला किशोर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पा ने सभी लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान किस तरह साफ सफाई रखने के संबंध में विस्तृत रूप से जागरूक किया। मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम में करीब 200 लड़कियों ने भाग लिया। सीएमजीजीए आश्रय सिंघल कहा कि अगर ये 200 लड़कियां अपने परिवार व निकट के 200 साथियों को मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता के संबंध जागरूक कर प्रेरित करेंगी तो करीब 40 हजार किशोरियो व महिलाओं को निश्चित तौर पर स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।

इस दौरान मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ निरोगी स्वास्थ्य जांच शिविर में सभी लड़कियों के स्वास्थ्य की पूर्ण जांच भी की गई। बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के द्वारा सभी लड़कियों के एचबी टैस्ट के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का चैकअप भी किया गया। आगामी 14 जून को निरोगी स्वास्थ्य चैकअप कैम्प राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, होडल में लगाया जाएगा।

## डीजे पर नाचने को लेकर दो गुट भिड़े, 12 बाराती घायल

**फरीदाबाद।** बारात की चढ़त के दौरान देर रात डीजे पर नाचने को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों में जमकर ईंट पत्थर और बीयर की बोतलें चलीं। जिसके चलते लगभग दोनों गुटों के एक दर्जन बाराती घायल हो गए। झगड़े में घायल सुभाष के सिर में काफी गंभीर चोट आई हैं, जिसे इलाज के लिए फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल सुभाष ने बताया कि बारात बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव से चलकर फरीदाबाद के सेक्टर 21ब आर्य समाज मंदिर में पहुंची थी। जहां पर लड़की वालों की तरफ से बारात के ठहरने खाने-पीने का इंतजाम किया गया था। लेकिन आर्य समाज मंदिर से कुछ पहले ही दूल्हे जितेंद्र की बारात की चढ़त हो रही थी। तभी डीजे पर नाचने के दौरान हुई धक्का-मुक्की में दो गुटों में झगड़ा शुरू हो गया। इस झगड़े में सुभाष ने बीच-बचाव कराने का प्रयास किया तो उन पर भी ईंट-पत्थर और बीयर की बोतलों से हमला कर दिया। जिसके चलते उन्हें काफी गंभीर चोट आई हैं। सुभाष ने बताया कि इस झगड़े में दोनों पक्षों की तरफ से कुल मिलाकर लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए हैं।

## बच्चे ने निगली कान की बालियां, डॉक्टरों ने बचाई जान

### मैरिंगो एशिया अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्चे का सफल ऑपरेशन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मैरिंगो** एशिया अस्पताल में मेवात क्षेत्र से हैरान करने वाला एक ऐसा मामला आया, जहां माता-पिता को शक था कि उनके बच्चे ने मुंह में कुछ निगल लिया है। लेकिन उसे खांसी आने, सांस फूलने जैसी कोई समस्या नहीं हो रही थी। मैरिंगो एशिया अस्पताल में पल्मोनरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. गुरमीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि सात वर्षीय मोहम्मद शाद नाम के बच्चे को सबसे पहले पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ को दिखाया गया, जहां एंडोस्कोपी करने पर पेट में कुछ नहीं दिखाई दिया।

छाती में कुछ होने के संदेह के चलते बच्चे की ब्रांकोस्कोपी (फेफड़ों की जांच करने का एक आसान परीक्षण) की गई। जिसमें बच्चे की दाईं तरफ की सांस की मुख्य नली के मुंह पर गोल्डन रंग की चमकदार चीज पड़ी हुई दिखाई दी। हमने जैसे ही दूरबीन की मदद से चीज को बाहर निकाल दिया तो हम सब दंग रह गए, क्योंकि यह कान की बाली का तेज धारदार वाला हिस्सा था। तसल्ली करने के लिए सांस की नली में दोबारा जाने पर हमें बाली एक और तेज धारदार हिस्सा दिखाई दिया। फिर उस हिस्से को भी बहुत सावधानी से दूरबीन की मदद से बाहर निकाला। पूरी तरह जांच के बाद बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया।

डॉ. गुरमीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह केस बहुत चुनौतीपूर्ण भी था, क्योंकि आभूषण के पहले हिस्से के किनारे बहुत ही नुकीले थे। इस कारण बच्चे की सांस की नली में कट लगने का बहुत ज्यादा जोखिम था। सांस की नली में कट लगने पर अंदर हवा भर सकती थी, ब्लीडिंग हो सकती थी। बच्चे के वोकल कॉर्ड को नुकसान पहुंचने के कारण आवाज जाने का जोखिम भी था। सांस की मुख्य नली में पड़े आभूषण के दूसरे हिस्से के किनारे और भी ज्यादा धारदार थे। दूसरा हिस्सा बाहर निकालने के दौरान बीच में अटक रहा था। सांस की नली को बिना नुकसान पहुंचाए इसे निकालना और भी बड़ी चुनौती थी। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार हमने सुरक्षित रूप से दूसरे हिस्से को भी दूरबीन की मदद से बाहर निकाल दिया। आभूषण के नुकीले हिस्सों को निकालने में मात्र 10-15 मिनट का समय लगा।

उन्होंने बताया कि अगर ये नुकीला आभूषण नहीं निकाला जाता तो बच्चे की सांस की नली ब्लॉक हो सकती थी। आगे चलकर फिर निमोनिया बन सकता था और फेफड़ा फेल हो सकता था। फेफड़े के लंबे समय तक फेलियर में जाने पर मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होने का खतरा बढ़ सकता है। इस तरह के तेज नुकीले किनारे वाली वस्तु शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों जैसे खाने की नली, हार्ट की मसल्स और खून की नसों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए ऐसी वस्तुओं का लंबे समय तक शरीर के अंदर पड़े रहना ठीक नहीं होता है। बच्चे की सांस की नली काफी छोटी होती है, इसलिए बच्चे का ऑक्सीजन लेवल भी कम हो रहा था।

**सलाह :** अगर खेलने के दौरान आपके बच्चे ने कुछ मुंह में लिया है और उसे कोई समस्या नहीं होती है, तब भी इसे नजरअंदाज न करें। बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं। लापरवाही करने पर बच्चे और परिवार जन के लिए बड़ी समस्या बन सकती है। खासकर छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

## मांगों को लेकर परिवहन मंत्री ने मिले व्यापारी



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा व बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर के साथ लीज धारक व्यापारी, जिन्हें मालिकाना हक नहीं मिला है। जो लगभग 23 सालों से नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित परियोजना लागू करवाने के लिए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा से मिले।

उनका कहना था कि लगभग तीन महीने बीत जाने के बावजूद नगर निगम अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के हित के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। व्यापारी आज भी चक्कर लगा रहे हैं, उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। व्यापारी नेता राम जुनेजा व प्रधान प्रेम खट्टर से बातचीत करते हुए मंत्री मुलचंद शर्मा ने नगर निगम अधिकारियों को फोन लगाया और व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया व इस पर जल्दी निर्णय लेने के लिए कहा।

मंत्री ने व्यापारियों से बातचीत करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान होगा। नगर निगम अधिकारियों के साथ इस बारे में मीटिंग करेंगे और जल्द ही उन्हें मालिकाना हक दिलाएंगे। व्यापारी नानकचंद कालड़ा, नरेश कत्याल, पूरन बरेजा, शिवम मेंदीरत्ता, विनोद ने मंत्री का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हथीन में मादक पदार्थ सहित एक तस्कर को किया गिरफ्तार



**पलवल।** हथीन थाना पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हथीन थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज कुमार के अनुसार चौकी हथीन शहर प्रभारी एएसआई शिवकुमार अपनी टीम के साथ नशा तस्करों के विरुद्ध चल रही मुहिम के अंतर्गत गश्त पर थे। उसी दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि सब्बीर पुत्र हंसा खान निवासी अंधरोला जो नशीला पदार्थ गांझा पत्ती बेचने का काम करता है, जयंती मोड़ हथीन बहीन रोड़ पर खड़ा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक व्यक्ति को हरी प्लास्टिक की पॉलीथिन सहित काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपित सब्बीर 210 ग्राम गांजा पत्ती नशीला पदार्थ मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गांजा पत्ती को अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में थाना हथीन में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि पता लगाया जा सके की वह गांजा पत्ती (नशीला पदार्थ) कहां से और किससे लेकर आता है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### पिता का जानकार बन महिला से ठगे 99 हजार

**फरीदाबाद।** खुद को पिता का जानकार बताकर साइबर ठग ने महिला से 99 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-29 निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2022 में उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को पूनम के पिता का दोस्त बताते हुए कहा कि उनके पिता ने खाते में 45 हजार रुपये भेजने को कहा है। इसके बाद आरोपी ने पूनम के मोबाइल फोन में अपलोड यूपीआई एप पर पांच बार पैसा भेजने का फर्जी मैसेज भेजा। आरोप है कि फर्जी मैसेज को रिसीव करने के बाद कई बार में उनके खाते से 99 हजार रुपये निकल गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर थाना सेंट्रल में दी। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हेमसा यूनियन 21-22 जून को करेगी कलम छोड़ हड़ताल

**पलवल।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पलवल में सतीश चौहान सुप्रिडेंट की अध्यक्षता में 21-22 जून को कलम छोड़ हड़ताल की मीटिंग की गई तथा उसके पोस्टर लगाए गए। इसमें हेमसा यूनियन के जिला सचिव राम गोपाल शर्मा तथा राज्य कमेटी के सचिव भूपेंद्र शर्मा जिला शिक्षा कार्यालय से केशव दत्त असिस्टेंट, तोताराम असिस्टेंट, सतवीर, श्यामचंद, इंद्राज सिंह, प्रदीप, राजकुमार, नेहा अग्रवाल, नेहा तथा कंचन देवी व दोनों कार्यालय से कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला सचिव ने सरकार को चेतावनी दी कि हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो जुलाई-अगस्त में कर्मचारी भूख हड़ताल पर उतरेंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। 15 जून को आदेश की प्रतियां जलाई जाएंगी, क्योंकि सरकार द्वारा कैटेगरी में प्रमोशन टेस्ट द्वारा पोस्ट भरी जाएंगी। वह पहले सीनियरिटी के आधार पर भरी जाती थीं, लेकिन सरकार इसके साथ बड़ा भेदभाव कर रही है और टेस्ट के आधार पर उनको भरना चाहती है। 10 सितंबर को जेल भरो आंदोलन किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर 18 को जाट धर्मशाला में होगा



**फरीदाबाद।** आगामी 18 जून रविवार को फरीदाबाद के प्याली चौक स्थित जाट धर्मशाला में लगने वाले रक्तदान शिविर को लेकर आज एक आवश्यक मीटिंग का आयोजन नेहरू ग्राउंड में किया गया। जिसमें रक्तदान शिविर में व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों ने चर्चा की गई। आपको बता दें कि भारती चेरिटेबल ट्रस्ट, नवदीप सेवा समिति ओर डिवाइन चेरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से यह रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह नांदल, यशपाल शर्मा, संदीप सेठी, मामचंद भड़ाना, प्रहलाद गुप्ता, किशन बांगा, दीपक गेरा, अभिषेक जोशी, अमित कुमार, राजेश गुप्ता विशेष रूप से मीटिंग में उपस्थित रहे। डा. धर्मेंद्र नांदल, संदीप सेठी, यशपाल शर्मा ने बताया कि 18 जून को प्याली चौक स्थित जाट धर्मशाला में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी है। वहीं इस शिविर में सभी रक्तदाता ही विशेष अतिथि होंगे और समाज के कई जाने पहचाने लोग शिविर में शिरकत करेंगे और रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाने का काम करेंगे।

### विधायक राजेश नागर ने घरोड़ा में खोला विकास कार्यों का पिटारा



**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने गांव घरोडा में विकास कार्यों का पिटारा खोला। उन्होंने यहां एक करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया। नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा को विकास के क्षेत्र में नंबर वन बनाना उनका उद्देश्य है। जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पूरा आशीर्वाद उन्हें प्राप्त है। पूरे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और दैनिक जरूरतों से लेकर शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लोगों को अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलेंगे। विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकारों में सभी क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं और भाजपा अपने मूल मंत्र अंत्योदय के अनुसार लाभ की पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक भी विकास को पहुंचाने में लगी है। उन्होंने गोद लिए हुए गांव घरोड़ा में एक करोड़ की लागत से स्टेडियम बनाने के कार्य की शुरुआत करवाई। वहीं 50 लाख की लागत से बारात घर का निर्माण और बाउंड्री वॉल का काम शुरू करवाने का शुभारंभ किया। इसके साथ ही लाखों की लागत से गांव की स्ट्रीट लाइटों के सुधार कार्य की भी शुरुआत करवाई। उन्होंने गांव के बुजुर्गों से नारियल फुड़वाकर सभी कार्यों की शुरुआत करवाई। इससे पहले विधायक राजेश नागर के गांव पहुंचने पर सभी ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रिंस सरपंच, देवेंद्र त्यागी, सुरेंद्र त्यागी, राजकुमार त्यागी, सरपंच रामबीर, गिर्राज त्यागी (मंडल अध्यक्ष भाजपा), बिनेश त्यागी, सोराज त्यागी, राजिंदर तलान, पीके त्यागी (एडवोकेट), रामकुमार त्यागी, रेशम सिंह सचिन, अमन नागर, दयानंद नागर, मनोज त्यागी घुडासन, युधिष्ठिर शर्मा, ओमप्रकाश त्यागी, साधु त्यागी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### परिजनों से बिछुड़े बुजुर्ग को ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ने मिलवाया



**फरीदाबाद।** पिछले लगभग एक सप्ताह से ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग गंगाराम को सबसे बड़ा उपहार मिला, जब आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने उसे उसकी बिछड़ी हुई पत्नी और बेटी से मिलवाया। पत्नी से मिलते ही गंगाराम की आंखों से खुशी के आंसू आ गए। दरअसल बुजुर्ग को लगभग एक सप्ताह पहले पुलिस चौकी सेक्टर-8 के हेडकांस्टेबल ज्योति प्रसाद सोनी कांस्टेबल प्रदीप कुमार और बिजेंद्र फौगाट देवीलाल वृद्धाश्रम में छोड़ गए थे, क्योंकि बुजुर्ग सेक्टर-8 क्षेत्र के अंतर्गत लावारिस हालत में मिला था।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी

## महत्वपूर्ण बदलाव

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी–रांकापा की आंतरिक राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं जिसका असर महाराष्ट्र की राजनीति पर पड़ेगा। रांकापा में महत्वपूर्ण बदलावों से महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य में भी महत्वपूर्ण उथलपुथल की संभावना है। राज्य की राजनीति में रांकापा एक प्रमुख पक्ष है। उसमें नेतृत्व परिवर्तन से महाराष्ट्र की राजनीतिक गत्यात्मकताओं में दूरगामी प्रभाव दिखेंगे। अब तक रांकापा मोटेतौर से शरद पवार द्वारा संचालित पार्टी रही है, पर अब शरद पवार स्वयं को दिन–प्रतिदिन की राजनीति से पीछे खींच रहे हैं तथा पार्टी के रूटीन काम में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करते हैं। इससे पार्टी में नई पीढ़ी के नेताओं को सामने लाने की तैयारी हो रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को अपनी बेटी सुप्रिया सुले तथा वरिष्ठ पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल को रांकापा का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिया। पवार ने यह घोषणा शनिवार को दिल्ली में रांकापा के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर की जब पार्टी अपने 20 साल पूरे कर रही थी। लेकिन इस घोषणा से आंतरिक टकराव भी पैदा हो सकता है। शरद पवार के भतीजे तथा राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार को अब तक पार्टी में दूसरे स्थान पर माना जाता था, पर इस फैसले से उनके पर कतर दिए गए हैं जिससे वे पीड़ा अनुभव कर रहे हैं। पहली बार पार्टी की राष्ट्रीय इकाई में एक कार्यकारी अध्यक्ष होगा। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गई है तथा पवार की पसंद कौन है।



पवार द्वारा लिए गए निर्णयों में पार्टी नेता सुनील तटकरे व जितेंद्र अहवाड को ज्यादा जिम्मेदारियां सौंपना शामिल है जिससे अजित पवार का पार्टी में हाशियाकरण और बढ़ेगा। नई व्यवस्था में अनेक महत्वपूर्ण राज्यों में पार्टी की जिम्मेदारी प्रफुल्ल पटेल को दी गई है, जबकि सुप्रिया सुले को महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे लोकसभा चुनावों की मुख्य रणनीतिकार होंगी। लेकिन इससे अजित पवार खेमा नाराज हो सकता है।

बड़ी संख्या में रांकापा के विधायक अजित पवार के साथ हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच टकराव अपरिहार्य लगता है। पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष तथा अजित पवार के चाचा शरद पवार द्वारा पार्टी अध्यक्ष के पद से इस्तीफे की घोषणा के बाद से अजित पवार खामोश थे। हालांकि शरद पवार ने पार्टी के वरिष्ठ तथा मध्यवर्ती नेताओं के अनुरोध पर तीन दिन बाद इस्तीफा वापस ले लिया था। यह पवार का शक्ति प्रदर्शन था जिसका उद्देश्य यह दिखाना था कि पार्टी में उनके प्रति अटूट विश्वास कायम है। शरद पवार ने एक बार फिर दिखा दिया है कि पार्टी पर उनका स्वामित्व है और यदि कोई उनका स्थान लेना चाहे तो वे कठोर निर्णय लेने में सक्षम हैं। पहले शरद पवार के भतीजे अजित पवार को रांकापा का नेतृत्व विरासत में मिलने की बात कही जाती थी। लेकिन पिछले कुछ महीनों में चीजों में नाटकीय परिवर्तन आया है। अजित पवार का भाजपा की ओर झुकाव बढ़ रहा था जिससे शरद पवार सहज नहीं थे क्योंकि उन्होंने अपने दम पर पार्टी का 20 साल से अधिक समय तक संचालन किया था। पार्टी के भीतर अजित प्रतिरोध के ऐसे एकमात्र स्वर बन गए थे जो शरद पवार की सोच के विपरीत थे। महाराष्ट्र की राजनीति मजबूत क्षेत्रीय पहचानों व सरोकारों से परिभाषित होती है। अजित पवार पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्र से हैं जो परंपरागत रूप से रांकापा का मजबूत गढ़ रहा है। ऐसे में यह कहना कठिन होगा कि भविष्य में अजित पवार तथा शरद पवार के पसंदीदा नेताओं के बीच टकराव बढ़ने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किस दिशा में चलेगी।

# ई-कामर्स पर नीतिगत जटिलता

ई–कामर्स पर नीतिगत जटिलता है। सरकार को खुदरा, आनलाइन व आफलाइन तथा छोटे व बड़े व्यापार में शत प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



राष्ट्रीय ई–कामर्स नीति का संदर्भ देते हुए वाणिज्य मंत्रालय में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग–डीपीआईआईटी विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा था कि वे 'बिजनेस सुगमता बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों की स्वीकार्यता बढ़ाने तथा सप्लाई श्रृंखलाओं के बीच समन्वय को बढ़ाने के लिए एक सुगम नियामक ढांचा पेश करेंगे।' इसका उद्देश्य 'क्षेत्र के समग्र विकास तथा निर्यात प्रोत्साहन के लिए सहज परिवेश बनाना है।' विदेश व्यापार नीति के अनुसार केन्द्र सरकार का उद्देश्य ई–कामर्स निर्यात संभावना 2030 तक हर साल 200 से 300 बिलियन डालर पहुंचाना है। इससे वैश्विक क्रास–बार्डर ई–कामर्स निर्यात लगभग 2 ट्रिलियन डालर का 10–15 प्रतिशत हो जाएगा। लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने के 'सहज नियामक ढांचे' ज्यादा उम्मीद नहीं जगाते हैं। ई–कामर्स इंटरनेट के माध्यम से सेवाओं व वस्तुओं की बिक्री की प्रक्रिया है। 2016 के प्रारंभ में एक नीति पेश की गई थी जो तथाकथित मार्केटप्लेस माडल के अंतर्गत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश–एफडीआई की अनुमति देती थी। मार्केटप्लेस वह प्लेटफार्म है जहां विक्रेता अपने उत्पादों को उपभोक्ताओं को बेचते हैं, जबकि इसका स्वामी केवल कुछ सुविधायें प्रदान कर फैसिलिटेटर की भूमिका अदा करता है। इन सेवाओं में आर्डर बुक करना, इन्वायस बनाना, डिलीवरी की व्यवस्था, आदि शामिल हैं। वह इन्वेंट्री बनाने या सीधे बिक्री का काम नहीं कर सकता है। इसमें दो शर्तें लागू होती हैं। पहला, मार्केटप्लेस का स्वामी विदेशी उद्यम मार्केटप्लेस की कुल बिक्री का 25 प्रतिशत से अधिक एक विक्रेता या समूह कंपनियों से नहीं प्राप्त कर सकता है। दूसरा, वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिक्री मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता है।

26 दिसंबर, 2018 को वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया, 'मार्केटप्लेस का सवमी या उसकी सहायक या भारतीय कंपनी के साथ उसका संयुक्त उद्यम–जेवी विक्रेता का स्वामित्व नहीं प्राप्त कर सकता है।' इसके साथ ही 'प्लेटफार्म पर कोई विक्रेता अपनी इन्वेंटरी के 25 प्रतिशत से अधिक उपरोक्त विक्रेता स्वामित्व वाली कंपनी से नहीं प्राप्त कर सकता है।'

2020 में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में उपभोक्ता मामलों के विभाग–डीसीए ने उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 की धारा 101 के अंतर्गत उपभोक्ता संरक्षण ई–कामर्स नियम जारी किए। इन नियमों में संबंधित उद्यमों के ई–कामर्स प्लेटफार्मों पर बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही 'फ्लैश सेल' को सीमित किया गया था तथा विक्रेताओं को मार्केटप्लेस ई–कामर्स से संबंधित ब्रांडों या नाम का प्रयोग अपनी वस्तुओं की बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

2021 में डीसीए ने बिजनेस–टु–बिजनेस या बी2बी को ई–कामर्स में बिक्री से सीमित करने के लिए संशोधन किए थे तथा एक प्राविधान बनाया था जिसके अनुसार ई–कामर्स फर्मों की 'प्रभुत्वकारी स्थिति का दुरुपयोग' रोकने के प्रयास किए गए थे। इस बीच वाणिज्य मंत्रालय ने ई–कामर्स नीति का पहला प्रारूप 2028 में और दूसरा प्रारूप 2019 में जारी किया था। राजेश कुमार सिंह के अनुसार इन पर अंतर–मंत्रालयी विचार–विमर्श जारी है। ऐसे में सवाल उठता है कि पांच साल से अधिक समय से कोई नीति निर्माण की प्रक्रिया में कैसे बनी रह सकती है। इस नीति पर अब भी विचार जारी है और अंतिम रूप देने की इसकी कोई समयसीमा तय नहीं है। ऐसे में क्षेत्र द्वारा एफडीआई आकर्षित करने या टिकाऊ आधार पर क्षेत्र का विकास कैसे संभव है। इस विलंब के अलावा अब तक जारी नीति के विविध आयाम विरोधाभासी तथा भ्रामक संकेत देते हैं। 2016 के आदेश के पीछे इरादा यह था कि विदेशी निवेशकों को प्रत्यक्ष बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन इसकी विषयवस्तु में उनको चार कंपनियां गठित करने की अनुमति थी जिनमें सहायक या जेवी कहा जा सकता है। इनके माध्यम से वे अपने प्लेटफार्मों पर कुल बिक्री के 25 प्रतिशत का नियंत्रण कर सकती थीं। मार्केटप्लेस पर लगभग सारी बिक्री के नियंत्रण की अनुमति देने के बाद यह कहना हास्यास्पद है कि वे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिक्री मूल्य प्रभावित नहीं करेंगी। 26 दिसंबर, 2018 को स्पष्टीकरण देकर सरकार ने एक यूटर्न लिया जिसके अनुसार मार्केटप्लेस का स्वामी सहायक–जेवी कंपिनयों के माध्यम से विक्रेता का स्वामित्व नहीं प्राप्त कर सकता है। यह अलग बात है कि विदेशी निवेशक विक्रेता फर्म में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम रख कर यह तर्क दे सकते हैं कि उनका इन पर कोई नियंत्रण नहीं है। 2016 के सर्कुलर ने मार्केटप्लेस स्वामी को 'अपने' उत्पाद अपनी थोक शाखा द्वारा प्लेटफार्म पर बेचने की अनुमति देता है।

इसके लिए थोक शाखा को अपनी सप्लाई केवल 25 प्रतिशत से कम रखनी होगी। डीसीए द्वारा प्रस्तुत संशोधनों के माध्यम से ई–कामर्स प्लेटफार्मों को 'प्रभुत्वकारी स्थिति के दुरुपयोग' से रोका गया है। लेकिन जब 2016 के सर्कुलर व बाद में 2018 के स्पष्टीकरण से संबंधित उद्यमों को बिक्री की अनुमति दी गई है तो बाद के संशोधन इस पर प्रतिबंध कैसे लगा सकते हैं? अब डीपीआईआईटी डीसीए द्वारा लाए संशोधनों के आधार पर ई–कामर्स नीति निर्धारण की बात कर रहा है। यह उसके द्वारा 2016 व 2018 में जारी सर्कुलरों का उल्लंघन होगा। इसका अर्थ नीति में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन होगा जो विदेशी निवेशकों में गलत संकेत देगा। नियमों के अपारदर्शी होने पर हर पक्ष अपनी सुविधानुसार दृष्टिकोण अपनाता है। विदेशी ई–कामर्स कंपनियां अमेजन व फ्लिपकार्ट कहती हैं कि वे नियमों का पालन कर रही हैं, जबकि व्यापार संगठनों का कहना है कि वे एफडीआई नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। इससे न्यायिक मंचों पर भी भ्रम की स्थिति पैदा होती है। अनेक याचिकायें अदालतों में लंबित हैं, लेकिन किसी मामले का नतीजा एक या दूसरी दिशा में सामने नहीं आ सका है। वाणिज्य मंत्रालय सभी नियमों को नीति के रूप में पेश कर रहा है। लेकिन जब तक नियमों में व्याप्त विसंगतियां दूर नहीं होती हैं तब तक नीतिगत व नियामक ढांचा सुसंगत रूप से काम नहीं कर सकता है। हमें समस्या की जड़ में जाकर देखना होगा कि नियमों को इस प्रकार क्यों बनाया गया। भाजपा परंपरागत रूप से भौतिक खुदरा व्यापार में एफडीआई की विरोधी रही है क्योंकि उसे आशंका थी कि इससे 'मॉम एंड पॉप स्टोर' या दूसरे शब्दों में छोटे, स्वतंत्र तथा अक्सर परिवार स्वामित्व वाले बिजनेसों को क्षेत्र में बड़े खुदरा व्यापारियों के कारण संकट का सामना करना पड़ेगा। यह बात 2012 में उसके अनेक नेताओं द्वारा संसदीय बहसों में अपनाये दृष्टिकोण से स्पष्ट है। उस समय तत्कालीन संप्रग सरकार ने बहु–ब्रांड खुदरा में 51 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति पर चर्चा की थी। हालांकि, इसमें अनेक शर्तें थीं, पर यह विचार परवान नहीं चढ़ सका था। हालांकि, वह चाहती थी कि मॉम एंड पॉप स्टोर को खरीद, परिवहन, भंडारण तथा लाजिस्टिक्स के अन्य क्षेत्रों में सहायता दी जाए क्योंकि इन मामलों में अमेजन–फ्लिपकार्ट का वर्चस्व था। लेकिन इसके बाद मोदी सरकार के सत्ता में आने पर मार्केटप्लेस का विचार सामने आया। लेकिन वे केवल सेवायें प्रदान करने के बजाय भारतीय खुदरा व्यापार में अपने पैर जमाना चाहते थे। नियमों की 'सतर्कतापूर्वक ड्राफ्टिंग' से इससे बचने का प्रयास किया गया। लेकिन इसके नतीजे उल्टे निकले।

अमेजन–फ्लिपकार्ट ने आनलाइन खुदरा व्यापार में बहुत बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिससे छोटे खुदरा व्यापारियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आफलाइन या भौतिक खुदरा व्यापार में भी एफडीआई चोरी–छिपे आ गया है, जबकि 2012 की नीति में इस पर प्रतिबंध लगाया गया था। उदाहरणार्थ, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड–आरआईएल की शत–प्रतिशत सहायक जियो प्लेटफार्म लिमिटेड–जेपीएल को अमेरिकी इंटरनेट फेसबुक से ही 43,450 करोड़ रुपये के एफडीआई के साथ ही 1,50,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ जिसका अधिकांश हिस्सा जियोमार्ट कामर्स में प्रयोग हुआ।

ई–कामर्स प्लेटफार्म जियोमार्ट कामर्स उपभोक्ताओं को 30 मिलियन स्टोरों के माध्यम से उत्पाद बेचने के लिए तकनीक–आधारित व्यवस्था अपनाता है। इसने अपने साथ देश भर के हजारों खुदरा स्टोरों को जोड़ा है जो रिलायंस रिटेल लिमिटेड–आरआरएल के माध्यम से संचालित हो रहे हैं। आरआईएल को ई–कामर्स मार्केटप्लेस का प्रयोग कर आफलाइन खुदरा व्यापार में एफडीआई की पहुंच मिली है जिसे पूर्णत: अनुचित व भेदभावपूर्ण कहा जा सकता है। पैदा विरोधाभास को समाप्त करने के लिए सरकार को मार्केटप्लेस की अवधारणा से मुक्ति पा कर खुदरा व्यापार में सबको 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देनी चाहिए, फिर चाहे वे आनलाइन हों या आफलाइन, बड़े या छोटे।

# दावों के बावजूद जारी अवैध बाल व्यापार

> दुखद सच्चाई यह है कि बंधुआ मजदूर के रूप में काम करने के लिए बड़ी संख्या में बच्चों की तस्करी की जा रही है।

**सुरेश कुमार**
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



बिहार के गया जिले के एक 13 वर्षीय लड़के देवा कुमार (बदला हुआ नाम) को हैदराबाद में एक चूड़ी कारखाने में नौकरी की पेशकश की गई थी। नियोक्ता ने वादा किया कि वह अपने परिवार को प्रति माह 4000 रुपये भेजेगा। देवा हैदराबाद के लिए रवाना हुए। महीने चलते रहे। लेकिन देवा के परिवार को एक पैसा नहीं मिला। छह महीने के बाद, देवा ने अपने पिता को फोन किया और कहा कि उनसे सप्ताह के सातों दिन 16–18 घंटे काम कराया जाता है। रात में नींद आने पर उसे बुरी तरह पीटा जाता था। यह महसूस करते हुए कि देवा को बाल श्रम के लिए मजबूर किया गया था, उसके पिता, रमेश पासवान, एक दिहाड़ी मजदूर, गया के एक पुलिस स्टेशन में तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कराने गए। पुलिस ने मानव तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया। पासवान को केस दर्ज कराने के लिए दो महीने तक मशक्कत करनी पड़ी। वह वकील से बाल अधिकार कार्यकर्ता बने नीरज कुमार कश्यप के पास पहुंचे, जो उनके साथ थाने गए थे।

नवीनतम जनगणना 2011, हालांकि काफी पुरानी है, कहती है कि भारत में 5–14 वर्ष की आयु के कामकाजी बच्चों की संख्या 10.1 मिलियन है, जिनमें से 5.6 मिलियन लड़के हैं और 4.5 मिलियन लड़कियां हैं। सेक्स और श्रम दोनों के लिए बाल तस्करी, खराब आंकड़ों से ग्रस्त एक भयानक अपराध है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक, 2021 में 2691 बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

कानून में, बाल श्रम निषिद्ध है। फिर भी, यह पनपना जारी है। पूरे देश में, उच्च बाल श्रम रोजगार के लिए जाने जाने वाले कुछ क्षेत्र हैं- चूड़ी कारखाने, ईंट भट्टे, कालीन बुनाई, घरेलू सेवा, कृषि, मत्स्य पालन और खनन। कुछ क्षेत्र मुख्य रूप से बच्चों को शामिल करते हैं; अन्य काफी हद तक उन पर निर्भर हैं। ऐसे क्षेत्र बच्चों की मांग को बढ़ावा देते हैं। तस्करी के शिकार बच्चों की मांगें पूरी की जाती हैं।

तस्करी किए गए बच्चों को देश भर में फैले क्षेत्रों में और कुछ मामलों में पड़ोसी देशों में भेजा जाता है। बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र देश के प्रमुख राज्य हैं जहां बाल श्रम मौजूद है।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की (आईएलओ) एक नई रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में बाल श्रम में बच्चों की संख्या बढ़कर 160 मिलियन हो गई है, पिछले चार वर्षों में 8.4 मिलियन बच्चों की वृद्धि कोविड–19 के प्रभावों के कारण लाखों और अधिक जोखिम में हैं। और यूनिसेफ को 2021 में जारी किया गया। तस्करी किए गए बच्चे हमेशा समाज के वंचित वर्गों से संबंधित होते हैं। यह गरीबी का कारण और परिणाम दोनों है। मानव तस्कर अपने बच्चों की तस्करी करने से पहले माता–पिता को उनके भविष्य के लिए झूठी उम्मीद देते हैं।

मैंने तस्करी निरोधक क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों तक काम किया है। पिछले महीने, मैंने बचाए गए नौ बच्चों के माता–पिता से बात भी की थी। उन्होंने बताया कि बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए भेजना समय की बर्बादी है और वे अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते निजी स्कूलों का खर्च नहीं उठा सकते। इसलिए उन्हें काम पर भेज देते हैं। देवा के पिता, रमेश पासवान ऐसे ही माता–पिता हैं। 13 साल की उम्र में देवा स्कूल छोड़ चुका था, जब उसकी तस्करी की गई थी। अगर हम बाल श्रम की समस्या को हल करना चाहते हैं तो इस मामले की प्रगति से पता चलता है कि अगर हम बाल श्रम की समस्या को हल करना चाहते हैं तो इसे ठीक करने की जरूरत है। देवा टूटी गर्दन के साथ वापस आया था। उसके साथ लौटे अन्य बच्चों के पूरे शरीर पर चोट के निशान और कट के निशान थे। उन्हें छुड़ाने से पहले तस्कर और उसके गुंडों ने उनकी पिटाई की थी। स्थानीय अस्पताल को उन्हें जिला सरकारी अस्पताल भेजना पड़ा जहां घर जाने से पहले पांच दिनों तक उनका इलाज चला। फिर भी, उनका तस्कर–जैदुन– प्राथमिकी दर्ज होने के दो महीने बाद भी फरार था। विचाराधीन एफआईआर में कई मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है; एक, पीड़िता के माता–पिता द्वारा मानव तस्करी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना एक कठिन कार्य है, दूसरा, मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस मानव तस्करी के मामले को गंभीरता से नहीं लेती, इस मामले में पुलिस ने जांच तक नहीं की. उन्हें बचाने के लिए हैदराबाद। तीसरा, किसी भी सरकारी एजेंसियों द्वारा, एक साल बीत जाने के बाद भी बाल तस्करी से बचे लोगों को कोई मुआवजा नहीं मिला है। सरकार की ओर से किसी भी सहायता के अभाव में पुनर्वास मुश्किल हो जाता है।

बाल श्रम एक मांग आधारित समस्या है। मांगों को सबसे वंचित वर्गों के बच्चों या कठिन परिस्थितियों का सामना करने वाले बच्चों द्वारा पूरा किया जाता है। बाल श्रम के अपराध को पुलिस द्वारा संगठित अपराध के चश्मे से देखा जाना चाहिए, जिसे मामला दर्ज करने में प्रतिरोध का विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि पुलिस को सक्रियता से काम करना चाहिए। गया से लगभग 1000 बच्चों की तस्करी की जाती है और उन्हें चूड़ी के कारखानों में लगाने के लिए हैदराबाद ले जाया जाता है। रैकेट का भंडाफोड़ करने और चूड़ी कारखानों में गुलाम बनाए गए बच्चों को छुड़ाने के लिए पुलिस अब तक हैदराबाद नहीं गई है। हालांकि, एफआईआर के नए सेट के बाद, दो और मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

जैदुन को दो महीने बाद गिरफ्तार किया गया था। वह दस महीने से अधिक समय से जेल में है। इससे पता चलता है कि मानव तस्कर कितना पैसा कमाते हैं। 150 बिलियन डॉलर के उच्च वार्षिक लाभ के साथ, यह अवैध ड्रग्स और हथियारों के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और सबसे अधिक लाभदायक अपराध उद्योग है।

## आप की बात

### कनाडा में भारत-विरोध

**कनाडा** में धीरे–धीरे भारत विरोधी गतिविधियां बढ़ती जा रही है। वहां की जस्टिन त्रूदो सरकार की उदासीनता कहिये या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन, खालिस्तान–समर्थक ताकतें बेखौफ होकर एक के बाद एक भारत विरोधी गतिविधियां बड़े पैमाने पर कर रही है। कनाडा में बड़ी संख्या में भारतीय सिख समुदाय रह रहा है। जिनमें से मुट्ठी भर लोग भी खालिस्तान–समर्थक नही हैं । मगर कुछ भारत–विरोधी तत्वों के कृत्य का खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ता है। अत: वहां के सिखों को एकजुट होकर ऐसे अलगाववादी तत्वों का बहिष्कार करना चाहिए। भारत सरकार को भी कनाडा को सख्त संदेश दे देना चाहिए कि यदि कनाडा की धरती पर भारत–विरोधी गतिविधियां जारी रही तो फिर भारत को भी कठोर कदम उठाने होंगे जो दोनों देशों के लिए उचित नहीं होंगे। भारत के रक्षा मंत्रालय व विदेश मंत्रालय को अब अपने गुप्तचर विभाग को सतर्क कर देना चाहिए तथा भारत के भीतर से मिल रहे ऐसे तत्वों के समर्थकों को खोज कर गिरफ्तार करना चाहिए। इस आग को भड़कने से पहले ही बुझाना उचित होगा। साथ ही कनाडा से आने वाले अवैध धन व ड्रग्स लाने वालों की भी सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** एमपी

### मोदी सरकार के नौ साल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने नौ साल पूरे कर लिए हैं। जनता के समक्ष अपनी नौ साल की उपलब्धियों को रखने के लिए भाजपा ने व्यापक प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। जनऔषधि केंद्र व आयुष्मान भारत से लेकर उज्जवला तक कई योजनाएं सरकार की उपलब्धियों की सूची में हैं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि अपने नौ साल के कार्यकाल में देश को चौमुखी विकास की राह पर ले जाने में मोदी सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। सरकार के पास बहुत कुछ ऐसा है जिसे लेकर वह अगले लोकसभा चुनाव में जनता के समक्ष जा सकती है। हालांकि, 2024 के चुनाव में सरकार के सामने कई चुनौतियां भी हैं। महंगाई और बेरोजगारी दो ऐसे ही मुद्दे हैं जिन पर विपक्ष सरकार को घेर रहा है। सरकार अपने बेहतर प्रदर्शन के बावजूद महंगाई व बेरोजगारी जैसी समस्याओं के प्रति जवाबदेही से बच नहीं सकती है। गैर भाजपा राज्यों में सरकारें जनता को महंगाई से राहत देने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। भले ही कई मुफ्तखोरी की योजनाएं राज्यों की अर्थव्यवस्था को खराब कर रही हैं, परंतु जनता को तत्काल राहत चाहिए।

– **सदन जी,** पटना

### ब्रिटेन की राजनीति

**ब्रिटेन** की कंजरवेटिव पार्टी के भीतर भी विभाजन की संभावना है। इस पार्टी ने पहले ब्रेक्सिट के नाम पर देश को विभाजित किया और लोगों को अच्छी अर्थव्यवस्था के सपने दिखाए। ब्रिटेन केवल ब्रिटिशर्स का है, ऐसा भ्रम फैलाया। अब उसी भ्रम के दलदल में पार्टी खुद फंसती नज़र आ रही है। हाल ही में पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने संसद की सदस्यता छोड़ी। उनके समर्थन में दो और टोरियों ने भी सदस्यता त्याग दी। एक तरह से इन पूर्व सांसदों ने वर्तमान पीएम ऋषि सुनक एवं उनके मंत्रिमंडल के खिलाफभी गुस्सा प्रदर्शित किया है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पार्टी न सिर्फ विभाजित है बल्कि अगला आम चुनाव वो बुरी तरह से लेबर पार्टी से हारने वाली है। विपक्षी नेता स्टारर ने बिलकुल सही ट्वीट किया है कि प्रधान मंत्री ऋषि सुनक को आखिरकार एक रीढ़ ढूंढनी चाहिए तथा 13 साल की टोरी विफलता पर जनता को अपनी बात कहने देनी चाहिए। यह अवसर लेबर पार्टी के लिए अच्छा है। लेकिन शायद लेबर पार्टी के लिए यह कहना सहज नहीं होगा कि वह चुनाव जीतने पर पुन: ब्रिटेन को यूरोपीय संघ में ले जाएगी।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सौंदर्य प्रतियोगिता

**जी 20** की अध्यक्षता के बाद भारत की झोली में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। मिस वर्ल्ड ब्यूटी पेजेंट कांटेस्ट का आयोजन 27 वर्ष बाद भारत में होने जा रहा है जिसकी घोषणा मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा की जा चुकी है। एक बार पुन: दुनिया भर की निगाह भारत पर लगी होंगी, जब 130 देशों की विश्व सुंदरियां भारत भ्रमण पर होंगी और मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए खिताब हासिल के लिए बौद्धिक कुशलता का परिचय देंगी। यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है जिसके माध्यम से हम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को विश्व के समक्ष रखने में कामयाब होंगे और भारत को एक अंतरराष्ट्रीय वैश्विक बाजार के रूप में भी प्रस्तुत करने में कामयाब होंगे। इससे भारतीय पर्यटन उद्योग तथा पर्यटन स्थलों को बढ़ावा मिलेगा। यह अवसर परंपरागत भारतीय सौंदर्य प्रसाधन सामग्रियों तथा उनसे बनने वाले उत्पादों की मार्केटिंग व प्रचार के लिए भी लाभदायक होगा जिसका लाभ अनेक स्वदेशी कंपनियां तथा स्थानीय उद्यमी उठा सकते हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

# पान, गुटखा का सेवन न करें अधिकारी: मुख्य सचिव

## प्रोफेसर पंकज चतुर्वेदी ने 'कैंसर पर जीत' विषय पर दिया प्रस्तुतीकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि हमें कैंसर से घबराने की जरुरत नहीं हैं। यदि पहली स्टेज में कैंसर की पहचान हो जाए, तो कैंसर का इलाज संभव है। कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है, कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है, कैंसर का इलाज संभव है।

मुख्य सचिव सोमवार को आयोजित पांचवी कार्यक्षमता वृद्धि व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए उसे संबोधित कर रहे थे। व्याख्यानमाला में हेड नेक "कैंसर सर्जन एवं टाटा मेमोरियल सेंटर, मुम्बई के डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर पंकज चतुर्वेदी ने 'कैंसर पर जीत' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि शासकीय पद पर कार्य करने वाले व्यक्ति की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। आज एक नया उत्तर प्रदेश है। प्रधानमंत्री ने अमृतकाल में देश को



विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। ऐसे में सरकारी सेवकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि शासन की नीतियों को बनाने तथा उसे धरातल पर उतराने में उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वह पान, गुटखा और मसाला का सेवन न करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, क्योंकि इनके सेवन से माउथ कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में हर घर में शौचालय उपलब्ध है, किसी को भी शौच के लिउ अब बाहर जाने की जरूरत नहीं है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत के अंतर्गत हर एक परिवार को आवास दिया गया है। आज देश में लगभग 3 करोड़ मकान तथा उत्तर प्रदेश में 50 लाख आवासों का निर्माण हो चुका है। हर आवास में शौचालय व स्नान की सुविधा उपलब्ध है। इससे पूर्व अपने उद्बोधन में हेड नेक कैंसर सर्जन एवं टाटा मेमोरियल सेंटर, मुम्बई के डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर पंकज चतुर्वेदी ने बताया कि अस्पतालों में इलाज ले रहे मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या माउथ कैंसर और स्तन कैंसर वालों की है। उन्होंने कहा कि कैंसर की बीमारी को बढ़ने से पहले ही रोका जा सकता है। इसका इफेक्टिव मैनेजमेंट किया जा सकता है, इसलिए लक्षण दिखने पर लोगों को जांच के लिए आगे आना चाहिए। पान-मसाला खाने वाले व्यक्तियों को मुंह के अन्दर किसी स्थान पर सफेद दाग दिखायी दे, तो वह उसे अनदेखा न करें, तत्काल डॉक्टर से परामर्श करें। सभी को जंक फूड खाने से परहेज करना चाहिए, इससे मोटापा बढ़ता है और मोटापे से कैंसर जैसी बीमारी होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि राज्य को कैंसर के रोकथाम के लिए नीतिगत कदम उठाना चाहिए। इलाज के लिए गुणवत्ता परक संस्थान एवं प्रोटोकॉल तय किए जाएं। स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा होनी चाहिए। जनता में जागरूकता अभियान खासकर बच्चों एवं युवाओं में उत्तम जीवन शैली को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। अपने स्वागत भाषण में प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक ने बताया कि कैंसर रोकथाम के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रो. पंकज चतुर्वेदी को 32 देशों के 44 संस्थानों में बतौर विजिटिंग फैकल्टी बुलाया जा चुका है। वहीं गले और सिर के कैंसर के टेक्स्टबुक के वह संपादक भी हैं। साथ ही इंटरनैशनल जर्नल ऑफ हेड ऐंड नेक के संयुक्त संपादक भी हैं। इसके अलावा कई शोध, क्लिनिकल ट्रायल इत्यादि में भी डॉ पंकज अहम भूमिका निभा चुके हैं।

# ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे व नगरों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की विद्युत आपूर्ति और उसके लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष सोमवार की शाम गोमती नगर स्थित एसएलडीसी मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने एसएलडीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि विद्युत मांग के अनुरूप प्रर्याप्त विद्युत उपलब्ध है। अभी एक सप्ताह मौसम इसी तरह गर्म रहेगा। डिमांड और भी बढ़ सकती है इसलिए आवश्यतानुसार विद्युत की पर्याप्त उपलब्धता बैंकिग आदि व्यवस्था से करके रखी गई है।अधिकारियों ने बताया कि ललितपुर की 630 मेगावाट तथा जानपारा की 600 नैगावाट की बन्द इकाइयां आज रात्रि में लाइट अप हो जाएंगी। 10 जून 2023 को उत्तर प्रदेश की विद्युत मांग 28072 मे.वा. थी जो अब तक की रिकार्ड विद्युत मांग है। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र 18 घंटे बुन्देलखण्ड (ग्रामीण क्षेत्र) 2000 घंटे नगर पंचायत मुख्यालय 21.30 घंटे, तहसील मुख्यालय 21.30 घंटे जनपद मुख्यालय एवं अन्य नगर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। जून में विद्युत मार्ग 27500 मे.वा. तक जा सकती है जिसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है।

प्रदेश में वर्तमान में तापीय विद्युत गृह 13000 मे. वा., प्रदेश के जलीय विद्युत गृह 900 मे. वा., केन्द्रीय क्षेत्र के उत्पादन गृह 7000 मे. वा. एलटीए के माध्यम से 2500 मे. वा. बैंकिंग पावर 4400 मे. वा., सौर ऊर्जा 1800 मे. वा. उपरोक्त के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार एनर्जी एक्सचेंज से भी विद्युत क्रय की जाती है। पारेषण तंत्र सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर के अभियन्ता 24 गुणे 7 आधार पर कार्यरत हैं।

## नेपाल सीमा पर प्रभावी सुरक्षा के लिए उपनिरीक्षक व आरक्षी के 63 पद सृजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश-नेपाल सीमा की प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के लिए 'कवच योजना' अन्तर्गत प्रभावी क्रियान्वयन के वास्ते पुलिस कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। कंट्रोल रूम के लिए नए पदों के सृजन से सम्बन्धी आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि उपनिरीक्षक के 21 तथा आरक्षी के 42, कुल 63 पदो का सृजन किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय इस क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

## नई पुलिस चौकियों के लिए 102 कर्मियों के पदों का सृजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुंदेलखण्ड** एक्सप्रेस-वे पर यातायात की सुरक्षा आदि के दृष्टिगत जनपद औरैया की तीन एवं जनपद इटावा की दो तथा जनपद उन्नव की एक नई पुलिस चौकियों के लिएपदो के सृजन के आदेश निर्गत किए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के जनपद औरैया में तीन नवीन पुलिस चौकियों क्रमश: नौरी, तुर्कपुर व मिहौली एवं जनपद इटावा की दो पुलिस चौकियों रैम्प व ताखा तथा जनपद उन्नाव की एक पुलिस चौकी राजेपुर के लिए उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस का एक-एक, मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के दो-दो तथा आरक्षी नागरिक पुलिस के 14-14, कुल 102 पदो का सृजन किया गया है।

## आधुनिक तकनीकी से दुर्लभ अभिलेखों को सुरक्षित रखा जा सकता: अरूण सिंघल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजकीय** अभिलेखागार लखनऊ में आयोजित 06 दिवसीय अभिलेख प्रबंधन एवं संरक्षण विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को महानिदेशक राष्ट्रीय अभिलेखागार भारत सरकार अरूण सिंघल ने विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभिन्न जनपदों से आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को 06 दिन तक लगातार विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा रिकार्ड्स के बेहतर रख रखाव के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही बदलते परिवेश में आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करके किस तरह से लम्बे समय तक प्राचीन रिकार्ड एवं अन्य दुर्लभ अभिलेखों को सुरक्षित रखा जा सकता है, इसके बारे में भी प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षित होकर अधिकारी अपने जनपदों में अभिलेखों को नई तकनीकी के अनुसार संरक्षित करने का प्रयास करेंगे। सिंघल ने कहा कि 25 वर्ष से अधिक संरक्षित पुराने ऐतिहासिक महत्व के अभिलेखों को स्थानान्तरित करने के लिए उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार लखनऊ को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख समिति के 63वें सत्र से सम्बंधित पुस्तक का विमोचन भी किया।

# भाजपा राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेलगाम: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेलगाम है। मुख्यमंत्री का प्रशासन पर नियंत्रण नहीं रह गया है। इसीलिए भाजपा नेता स्वच्छंद होकर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सत्ता के अहंकार में चूर भाजपाइयों को अब भाजपा नेतृत्व भी अनुशासन में रखने में असहाय साबित हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि बस्ती में एमएलसी प्रतिनिधि ने जिला अस्पताल में महिला नर्सिंग स्टाफ से अभद्रता की। जब स्टाफ नर्सों ने धरना दिया तब एफआईआर दर्ज हुई। इस हंगामें में बहुत देर तक मरीज परेशान रहे। उन्होंने कहा कि आगरा में मेट्रो रेल प्रभारी से अभद्रता करते हुए भाजपाई एमएलसी का



वीडियो वायरल हुआ है। समाजवादी सरकार में मेट्रो रेल चली, भाजपा ने खुद तो कोई विकास कार्य किया नहीं, जो काम समाजवादी सरकार में हुए उन्हें भी भाजपा सरकार बिगाड़ने पर तुली है। अखिलेश ने कहा कि झांसी में एक युवक को रिवाल्वर दिखाकर वसूली करने वाले भाजपा के कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी का महानगर मंत्री बना दिया जाता है। सांडी हरदोई में तो एक महिला अपने परिजनों के साथ थाने में तीन माह के भ्रूण को लेकर पहुंच गई। उसका आरोप है कि भाजपा नेता ने उसको इतना मारापीटा कि उसका गर्भपात हो गया। उसके परिवार के लोगों को भी चोटें आयी हैं। अखिलेश ने कहा कि कन्नौज में भाजपा सांसद का मामला तो बहुत अजीब है। उन्होंने चौकी इंचार्ज को थप्पड़ मारे जो खूब चर्चित हुआ। उनके खिलाफ एफआईआर हुई पर सरकारी सुरक्षा में रहने वाले सांसद का पता स्थानीय पुलिस ढूंढ नहीं पाई। सांसद जी अपनी ष्ऊपरी पहुंच के रोब में है। खाकी और पार्टी को शर्मसार करने वाली इस घटना पर सरकार और भाजपा नेतृत्व की नज़र ही नहीं गई। पुलिस का मनोबल टूटता रहे, भाजपा सांसद कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते रहे, मुख्यमंत्री को इससे क्या, उन्होंने कहा कि आए दिन भाजपाई नेताओं के कारनामों से उत्तर प्रदेश बदनाम हो रहा है।

## राज्य सरकार पर्यटन इकाइयों के लिये भूमि उपलब्ध करायेगी: जयवीर

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये नयी पर्यटन नीति 2022 के तहत पर्यटन इकाइयों को भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। पर्यटन मंत्री ने यह जानकारी सोमवार को दी। उन्होने बताया कि पर्यटन इकाइयों की स्थापना के लिये चिन्हित की गयी उपयुक्त भूमि को पृथक से पर्यटन विभाग के लिये आरक्षित रखा जायेगा। ऐसे भूमि बैंक की जानकारी संबधित स्थानीय निकाय, जिला प्रशासन, राजस्व विभाग तथा पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ऐसी भूमि का आवंटन विहित प्रक्रियानुसार संबंधित क्षेत्र में तत्समय प्रभावी जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित ब्याज दरों पर किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस नीति के तहत उपलब्ध करायी गयी भूमि का उपयोग कम से कम 30 वर्षों के लिये आवंटन प्रयोजन से इतर किसी अन्य उद्देश्य के लिये नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार सभी प्रकार की पर्यटन इकाइयों की स्थापना और विकास के लिये भूमि उपलब्ध कराने में सहायता भी प्रदान करेगी।

# शिकायती प्रार्थना पत्रों को कम्प्यूटर में फीड कर करें ऑनलाइन: डीजीपी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार ने कहा है कि लोक शिकायत प्रकोष्ठ में जनता द्वारा सीध तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को कम्प्यूटर में फीड कराते हुए पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं ऑनलाइन किया जाए। आमजनता की संतुष्टि महत्वपूर्ण है, अत: प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराया जाय तथा समय-समय पर शिकायतकर्ता से फीड बैक भी लिया जाए।

नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी ने सोमवार को यह निर्देश पुलिस मुख्यालय के भ्रमण के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार लखनऊ स्थित लोक शिकायत प्रकोष्ठ, कक्ष व मुख्यालय के प्रवेश द्वार आदि का भ्रमण किया गया।

इस मौके पर डीजीपी ने कहा कि जनता की सुविधा के लिए उनके बैठने के स्थान आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें और अधिक सुव्यवस्थित कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे उन्हे किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। कार्यालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुये फाइलों के रख-रखाव को और बेहतर व सुसज्जित रखते हुए उनके डिजिटल रख-रखाव पर बल दिया जाए। डीजीपी ने निर्देशत किया कि जनता की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर आवश्यकतानुसार इन्ट्री प्वाइंट को बढाया जाए। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, पुलिस अधीक्षक लोक शिकायत प्रकोष्ठ सहित अन्य पुलिस अधिकारीग उपस्थित रहे।

# समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की 29 सदस्यीय कमेटी घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से डॉ. राजपाल कश्यप प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के द्वारा जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, महानगर अध्यक्ष, महानगर उपाध्यक्ष एवं महानगर महासचिव की 29 सदस्यीय कमेटी घोषित कर दी गई है। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ यूपी की कमेटी में पिछड़े वर्ग की सभी जातियों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में जातीय जनगणना एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए पिछड़ा वर्ग संघर्ष करेगा। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में आगरा महानगर अध्यक्ष रवि कुशवाहा, गंगापार प्रयागराज जिलाध्यक्ष संदीप कुमार बिन्द, जमुनापार प्रयागराज जिलाध्यक्ष मंगला प्रसाद पाल, प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राकेश वर्मा स्वर्णकार, मथुरा महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, कुशीनगर जिलाध्यक्ष राकेश सैथवार, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष शाकिर सलमानी, मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष राजपाल सिंह, देवरिया जिलाध्यक्ष लक्ष्मण निषाद, गोण्डा जिलाध्यक्ष संजय साहू, गोण्डा जिला महासचिव सूरज गोस्वामी, वाराणसी महानगर अध्यक्ष विवेक कहार रॉकी, कानपुर महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रजापति, कानपुर महानगर महासचिव आशू जायसवाल, कानपुर देहात जिलाध्यक्ष संदीप कश्यप, कानपुर देहात महासचिव शरद वर्मा, जालौन जिलाध्यक्ष सदीप कुमार उर्फ बबलू पाल, शाहजहांपुर जिलाध्यक्ष डॉ. विनोद वर्मा किसान, सन्तकबीरनगर जिलाध्यक्ष रमेश निषाद, बिजनौर जिलाध्यक्ष बीके कश्यप, बरेली जिलाध्यक्ष अनिल पटेल, चित्रकूट जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र कुशवाहा, चित्रकूट जिला उपाध्यक्ष बालकृष्ण प्रजापति, चित्रकूट जिला महासचिव मेवालाल सविता, बांदा जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह पटेल, बांदा जिला महासचिव राम निहोर निषाद, उन्नाव जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुशवाहा, उन्नाव जिला उपाध्यक्ष राधेलाल निषाद, उन्नाव जिला महासचिव शोभानाथ लोधी, अमरोहा जिलाध्यक्ष यशवीर नागर, अमरोहा जिला उपाध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव, अमरोहा जिला महासचिव अरविन्द कसाना, हापुड़ जिलाध्यक्ष आदेश गोस्वामी, बाराबंकी जिलाध्यक्ष रोहित कश्यप, हाथरस जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सविता, गाजियाबाद जिलाध्यक्ष अमित बालियान, गाजियाबाद जिला महासचिव रामू कश्यप उर्फ आदि प्रधान, गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष अरूण यादव, अमेठी जिलाध्यक्ष महावीर कश्यप, मेरठ जिलाध्यक्ष विजय पाल कश्यप शामिल हैं।

# फिरकापरस्त ताकतों ने लोकतंत्र के सामने संकट खड़ा कर दिया: खाबरी



● शाहजहांपुर के कई लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था रखते हुए शाहजहांपुर के तमाम लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को कांग्रेस तिरंगा पट्टी पहनाकर एवं सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया तथा उन्हें बधाई दी। खाबर ने कहा कि आज फिरकापरस्त ताकतों ने लोकतंत्र, संविधान तथा देश-समाज के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ऐसी ताकतों को मुकम्मल शिकस्त देने के लिए कांग्रेस पार्टी ही संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर देश व प्रदेश का आम जनमानस कांग्रेस से लगतार जुड़ रहा है। मुझे विश्वास है कि आप सभी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि सदस्यता ग्रहण करने वालों में ईशपाल सागर सदस्य जिला पंचायत एवं कार्य योजना समिति सदस्य, मदनापुर, महिपाल कुमार सिंह, सौरभ कुमार, संजीव कुमार, बड़े सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुनील कुमार, संजय कुमार, जयपाल, रामनिवास आदि प्रमुख हैं।

## सो रहा बिजली विभाग, उपभोक्ता कर रहे रतजगा: बृजलाल

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि बिजली पर बड़ी-बड़ी बात करने वाली उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार विफल साबित हो रही है। शहरों में 24 घंटे बिजली देने की वादा करने वाली भाजपा सरकार में भीषण गर्मी में जहां दिन का पारा 41 डिग्री सेल्सियस एवं रात का 30 डिग्री से ऊपर है वहीं पर प्रदेश की राजधानी के कई इलाकों में घंटों बिजली की आपूर्ति ठप्प होना सरकार पर सवालिया निशान है। खाबरी ने कहा कि दिन में जहां लोगों का जीना दूभर हो रहा है वहीं रात में चैन से गरीब आदमी सो भी नहीं पा रहा है। शहर के कई इलाकों में रात में 4-4 घंटे बिजली का गुल होना एवं विद्युत उपकेन्द्रों पर अवर अभियंता व उपखण्ड अधिकारी तक का फोन न उठना आम बात हो गई है। लोग विद्युत उपकेन्द्रों का घेराव कर रहे हैं इसके बावजूद भी अधिकारियों पर कोई असर नहीं है। खाबरी ने कहा कि यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम देवराज राजधानी की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को नो ट्रिपिंग जोन बनाने पर जोर दे रहे हैं। वहीं पर लेसा के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उदासीनता के चलते शहर के तमाम इलाके जबरदस्त बिजली संकट झेलने को मजबूर हैं।

# गांवों की तस्वीर बदलेगा गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन

● प्रदेश के 20 जिलों में गोबरधन संबंधी 32 प्लांट हुए पूरे, 38 जिलों में तेजी से हो रहा 60 प्लांट का निर्माणाधीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में गांवों के कायाकल्प के विजन को ध्यान में रखकर कार्य कर रहे सीएम योगी आदित्यनाथ अब राज्य के सभी गांवों की स्वच्छता और स्वावलंबन को ध्यान में रखकर नए एप्रोच के साथ कार्ययोजना पर आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश के सभी गांवों को ओडीएफ (ओपन डेफिकेशन फ्री) बनाने के अतिरिक्त ओडीएफ प्लस केटेगरीज में गांवों को अपडेट करने के लिए प्रयासरत प्रदेश सरकार ने गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन के जरिए गांवों की तस्वीर बदलने की दिशा में तेजी कदम बढ़ाए हैं।

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश के सभी गांवों में गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन के जरिए स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ ही आय को बढ़ाने के प्रयासों पर भी बल दिया जा रहा है। इसी के फलस्वरूप, राज्य के सभी गांवों में कैटल डंग व कृषि अपशिष्टों को बायोगैस व स्लरी में परिवर्तित किए जाने की कार्ययोजना का क्रियान्वयन युद्धस्तर पर जारी है। इतना ही नहीं, गांवों में प्लास्टिक समेत अन्य अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इन सब प्रयासों के जरिए प्रदेश के सभी गांवों को स्वच्छता की रैंकिंग में ऊपर लाने और उन्हें जिले, राज्य व देश स्तर पर पुरस्कृत किए जाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार एक विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत सिलसिलेवार पूरा करने की ओर बढ़ रही है।

प्रदेश के सभी गांवों में कैटल डंग व कृषि अपशिष्टों को बायोगैस व स्लरी में परिवर्तित कर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने की मंशा से गोबरधन योजना को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही योगी सरकार द्वारा इस विषय में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रति जिले 50 लाख रुपए धनराशि आवंटन की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में, बायोगैस प्लांट का निर्माण गांव की सरकारी गौशालाओं से जोड़कर किया जा रहा है जिससे कि प्लांट के लिए फीड स्टॉक सुनिश्चित किया जा सके। कार्ययोजना के मुताबिक, प्लांट से निर्मित होने वाली गैस से जेनरेटर संलग्न कर गांवों के सामुदायिक स्थानों पर प्रकाश की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, इन प्लांटों से बनने वाली ऊर्जा से आटा चक्की के संचालन की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे कि सस्ती दरों पर ग्रामीण जनों को आटा पीसने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, चिन्हित परिवारों को रसोई में प्रयोग के लिए चूल्हे भी लगाकर देने के संबंध में भी वितरण की व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल प्रदेश में 20 जिलों में गोबरधन से संबंधित प्लांट पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 38 जिलों में 60 प्लांट निर्माणाधीन हैं। जिन 17 जिलों के 22 प्लांटों का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है उन्हें भी क्रियान्वित करने की दिशा में प्रयास शुरू हो गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के एक महत्वपूर्ण घटक के तौर पर राज्य के सभी गांवों के मलीय कचरे के निस्तारण प्रबंधन को सुचारू बनाने और इसमें वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्य के लिए कुल 763 नगरीय निकायों में स्थापित व प्रस्तावित एफएसटीपी से 20 से 25 किमी की त्रिज्या में आने वाले गांवों को उस निकाय की एफएसटीपी से संबद्ध करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके बाद, बचे हुए गांवों में एफएसटीपी निर्माण की कार्रवाई पंचायती राज विभाग द्वारा की जाएगी। वहीं, गांवों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 35 जिलों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निर्माण कराया जा रहा है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्य के लिए कुल 763 नगरीय निकायों में स्थापित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्य के लिए कुल 763 नगरीय निकायों में स्थापित व प्रस्तावित एमआरएफ सेंटर्स से 15 से 20 किमी में आने वाले गांवों को उस निकाय के एमआरएफ सेंटर से संबद्ध किया जाएगा। बचे हुए गांवों में पीडब्ल्यूएम इकाई का निर्माण पंचायती राज विभाग द्वारा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### 2 अक्टूबर को मिलेगा सम्मान

**प्रदेश** में स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण 2023 में सहभागी सत्यापन को पूर्ण करने की विकास खंड स्तर समयावधि पर इस वर्ष एक मई से 15 जून के बीच तय की गई है जबकि जनपद स्तर पर 16 जून से 30 जून, राज्य स्तर पर एक जुलाई से 15 जुलाई तक और जिले स्तर पर उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर पुरस्कृत किए जाने के लिए 31 जुलाई तक की समय सीमा तय की गई है। वहीं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर पुरस्कृत करने की समयावधि 15 अगस्त तक निर्धारित की गई है। राज्य द्वारा नामित उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय स्वतंत्र संस्था द्वारा सत्यापित करने की समय सीमा 16 जुलाई से 15 अगस्त के मध्य निर्धारित है। इसी प्रकार सभी आवेदनों की समीक्षा के बाद चयनित ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत करने के लिए 2 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की गई है।

# पुलिस प्रताड़ना से त्रस्त युवक के आत्महत्या करने के मामले की कड़ी निंदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में भारत का भविष्य एक नौजवान पुलिस के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। आए दिन पुलिस द्वारा प्रताड़ित करने की खबरें चर्चा में बनी रहती हैं लेकिन सरकार इस निरंकुशता को अपना हथियार बनाती है। पुलिस भी अपनी मनमर्जी से किसी का भी भविष्य चौपट करने से अपने को गौरवान्वित महसूस करती है। खाबरी ने कहा कि रहीमाबाद पुलिस स्टेशन के दरोगा और सिपाही द्वारा जिस तरह से माल के गहदों निवासी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्र आशीष कुमार एवं मनीष कुमार को गलत तरीके से साजिशन फंसाने का प्रयास किया परिणामस्वरूप आशीष कुमार ने आत्महत्या कर ली निरंकुशता का परिणाम है। जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। खाबरी ने उक्त घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा पहले एफआईआर दर्ज करना फिर फाइनल रिपोर्ट के नाम पर पैसे की मांग करना, न देने पर उत्पीड़ित करने के लिए चार्जशीट दाखिल करना, एक होनहार प्रतियोगी छात्र को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने जैसा कृत्य है। पुलिस कमिश्नर द्वारा दरोगा एवं सिपाही को लाइन हाजिर कर देने तथा विभागीय जांच शुरू कर देने से एक होनहार देश के भविष्य की भरपाई नहीं हो सकती। खाबरी ने आगे कहा कि निश्चित रूप से आत्महत्या के पूर्व लिखा गया सुसाइड नोट सबसे बड़ी जांच है, जिसे आधार मानकर कड़ी सजा निर्धारित होनी चाहिए तथा इस तानाशाह सरकार को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जरा भी नैतिकता होगी तो निरंकुश पुलिस पर अंकुश लगाने का कार्य करेगी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 जून, 2023



# 'हर घर आंगन योग' थीम पर मनेगा नौवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

- डीएम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हेतु की तैयारी बैठक
- 15 से 21 जून तक मनाएं योग सप्ताह

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**नौवें** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 'हर घर आंगन योग' थीम पर व्यापक स्तर मनाया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों के सफल आयोजन के दृष्टिगत सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि योगाभ्यास से व्यक्तिगत एवं समूह सम्बन्धित फोटोग्राफ्स प्रतिभागियों की संख्या सहित सम्बन्धित पोर्टल अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनज़र रखते हुए डीएम ने कहा कि कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त साफ सफाई, पेयजल के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। कार्यक्रम स्थलों को योग की विभिन्न मुद्राओं से सम्बन्धित स्टैण्डी, बैनर व पोस्टर लगाकर सुसज्जित भी किया जाय। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम हेतु लोगों के लिए ब्लाक बनाकर प्रत्येक ब्लाक हेतु प्रभारी अधिकारी नामित किये जाएं। डीएम ने कहा कि योग, भारतीय मनीषा द्वारा विश्व मानवता को प्रदान किया गया अमूल्य उपहार है। जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। हमारे ऋषि मुनियों के इस प्रसाद से प्रधानमंत्री जी ने पूरी दुनिया को परिचित कराया है। इस वर्ष नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'हर घर-आंगन योग' रखी गई है, जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को कल्याण एवं स्वास्थ्य प्राप्त हो सके। डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर योग से सम्बन्धित स्वयं सेवी संस्थाओं एवं योग प्रशिक्षकों से समन्वय कर योगाभ्यास कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्राप्त किया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि योगाभ्यास कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की समभागिता भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि ज़िले में व्यापक स्तर पर नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक एवं 21 जून को नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रात:काल योगाभ्यास कराने की बेबसाइट पर अथवा आयुष कवच एप के माध्यम से अपलोड कराने के निर्देश प्राप्त हुये है एवं उक्त बेवसाइट का व्यापक प्रचार प्रसार कर जन मानस को अवगत कराया जायए जिससे जनपद स्तर पर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभागीय समस्त वाट्सअप ग्रुप पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को उक्त एप एव बेवसाइट पर पंजीकरण अवश्य करने के लिए निर्देशित करें। बैठक में एडीएम संजय सिंह, डीडीओ अरविंद कुमार, सीओ सिटी संदीप सिंह, जिला कमांडेंट दिनेश पांडेय, बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार,जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ सरोज कुमार वर्मा, डीएसटीओ अरविंद वर्मा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार ने 9 करोड़ 6 लाख लोगों को दिया मुफ्त गैस कनेक्शन - अजय टम्टा

- नौ साल के कार्यकाल की गिनाईं उपलब्धियां...
- 3 करोड़ से अधिक को मिले प्रधानमंत्री आवास
- 11 करोड़ 80 लाख घरों को दिया गया पानी का कनेक्शन
- 11 करोड़ 72 लाख घरो में बनवाए गए शौचालय

**संवाददाता।** सीतापुर

**भारतीय** जनता पार्टी फिर से किन्द्र में सरकार बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। शायद यही वजह है कि पार्टी के बड़े-बड़े नेता, मंत्री, सांसद, प्रदेश के जनपदों में जाकर जनता को केन्द्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियां बताने में लगे हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के पूरे होने के उपलक्ष्य में बाबा बाग टिकरा में आयोजित विशाल जनसभा में उत्तराखंड के अल्मोड़ा से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि देश में मोदी जी के नेतृत्व में 9 करोड़ छह लाख लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया, वही 3 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास भी दिया गया। उन्होंने कहा कि छह करोड़ से अधिक किसानों को छह छह हजार रुपया किसान सम्मान निधि दी जा रही है। 11 करोड़ 80 लाख घरों में पानी का कनेक्शन दिया गया। 11 करोड़ 72 लाख घरों में शौचालय बनवाए। उन्होंने कहा कि देश क़ी सीमाओं का विवाद मोदी जी ने चुटकी बजाकर दूर कर दिया। सीतापुर से भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि भाजपा प्रदेश में 80 की 80 सीटों पर जीत हासिल करेगी। मोदी सरकार के नौ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू , एमएलसी पवन सिंह चौहान, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में भजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, महिला सभा जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पाण्डेय, नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, मुनेन्द्र अवस्थी, सुधाकर शुक्ला, पीयूष मौर्य, रमेश भार्गव विश्राम सागर राठौर, करूणा शंकर त्रिपाठी, अरूण शंकर त्रिपाइी उमाशंकर मिश्रा, पवन सिंह शिल्पी, ममता डोडेजा सहित तमाम कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# लापरवाही पर कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी

- डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की पाइप लाइन डलवाए जाने के उपरांत रिस्टोरेशन के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। रीस्टोरेशन कार्यों की खराब गुणवत्ता पर ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही करने पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आगामी शुक्रवार को समस्त गांवो मे कराये गये रिस्टोरेशन के कार्यो की फोटो (कार्य होने के पूर्व एवं पश्चात) विवरण के साथ प्रस्तुत किये जाये। उन्होंने ओवर हेड टैंक एवं अन्य कार्यो की जांच आईआईटी स्तर के संस्थान से कराने तथा घरों में कनेक्शन का कार्य मानक-अनुरूप शत-प्रतिशत कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। कहा कि रिस्टोरेशन के कार्यो को मिशन मोड पर पूर्ण कराया जाये। लापरवाही पाये जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुये विधिक कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीणों को स्वच्छ जल के उपयोग के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति उनका व्यवहार परिवर्तन करने हेतु प्रेरित किए जाने के उद्देश्य से तैनात किए गए आईएसए के कार्यों की भी डीएम ने समीक्षा की। उन्होंने भावना सेवा संस्थान एवं भूषण सेवा संस्थान का यूजर चार्जेज कलेक्शन में खराब प्रदर्शन मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी आईएसए संस्थाओं में तैनात कर्मचारियों का भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाये कि सभी संस्थाओं द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण जनशक्ति तैनात की गई है। उन्होंने आई.एस.ए. संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन किए गए कार्यों की डायरी तैयार कराए जाने एवं इनके कार्यों का प्रतिदिन अनुश्रवण किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु तैनात थर्ड पार्टी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि कार्यों की जांच के उपरांत आब्जर्वेशन अवश्य प्रस्तुत करें।

# भाजपा के प्रदेश महामंत्री का छोटीकाशी में हुआ आगमन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री विधायक लखीमपुर अनूप गुप्ता का छोटी काशी गोला आगमन हुआ। प्रदेश महामंत्री सर्वप्रथम बाबा के दरवार मे जाकर पूजन कियाद्य इसके बाद नगर के प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल के आवास पर गए और 9090902024 पर मिल काल करवाकर मोदी



सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण करने पर सरकार की उपलब्धियाँ बताई इसके बाद नगर पालिका मे पार्टी के कार्यकर्ताओं से भेंट कर कुशलक्षेम लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, धर्मेन्द्र गिरि मोन्टी, सुरजन लाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर उपाध्यक्ष राजन साहनी, नगर कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, नगर मंत्री धीरज वाजपेयी, सुनील शर्मा, राजीव वर्मा, शुभम राठी, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा,अंकुर वर्मा, नवीन भसीन, अजीत पाण्डेय, रामनाथ राठौर, पवन शर्मा, आशुतोष मिश्र, रामकुमार सिंह, मनीष पाठक, अंकुर लाला , आदेश ठाकुर, अर्पित गुप्ता, विकास मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मनाया गया बाल श्रम निषेध दिवस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**अंतरराष्ट्रीय** बाल श्रम निषेध दिवस पर सोमवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में भारत.नेपाल बार्डर के तिकुनिया में भव्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने कहा है कि बच्चों में असीम संभावनाएं होती हैं। उन्हें संवरने के लिए खुला आसमान देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों की उचित देखभाल, पोषण, सुरक्षा, खुशहाल जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आगे बढ़ने के अवसर पर बच्चों का भी समान अधिकार है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का उद्देश्य बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा व प्रगतति के अवसर उपलब्ध कराना है। बाल श्रम के प्रति विरोध दर्ज करने के साथ लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने अपील की कि छोटे बच्चों को काम में न लगाएं, न ही किसी को लगाने दें। बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार, हिंसा या मजदूरी करते पाए जाने पर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना देकर बच्चों का भविष्य बचाने में सहयोग करें। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के निरीक्षक जैनेन्द्र कुमार ने कहा कि बच्चों का जीवन अनमोल होता हैं। अमूमन देखा जाता हैं कि गरीब परिवार अपनी आजीविका के लिए अपने बच्चों से भी परिश्रम कराते है। हालांकि जरूरी नहीं कि यह सिर्फ धनोपार्जन के लिए हो। बच्चों से कराये जाने वाले श्रम के पीछे कई अन्य वजहें भी होती हैं। बचपन को संवारने के मकसद से हर साल 12 जून को वैश्विक स्तर पर बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता हैं। इस मौके पर एएचटीयू प्रभारी जैनेंद्र कुमार कांस्टेबल राजेश कुमारए चाइल्डलाइन जिला समन्वयक संतोष राजवंशीए टीम सदस्य इंद्र कुमार अवस्थी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नगर आयुक्त ने की नगर में सफाई व्यवस्था की जांच

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के गदियाना चुंगी, शहबाजनगर रोड एवं निशात टॉकीज के पास कराये जा रहें नाला सफाई के कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को नगर में कराई जा रही सफाई व्यवस्था को चेक किया। नगर क्षेत्र के गदियाना चुंगी, शहबाजनगर रोड एवं निशात टॉकीज के पास कराये जा रहें नाला सफाई के कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को देखा व अपनी देखरेख में सफाई के कार्य को कराया। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सफाई कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा नगर क्षेत्र में स्थित समस्त नालों की सफाई के उपरांत नालों से निकलने वाले मलवा सिल्ट को भी मौके पर साफ कराया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### किसान के बेटे को मिली पीएचडी की डिग्री

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेरिहातारनपुर के गचुनमुनपुर के रहने वाले एक किसान के बेटे को पीएचडी की उपाधि मिली है। लखीमपुर ब्लॉक के रहने वाले किसान सुरेश चन्द्र वर्मा के बेटे शिवम् कुमार वर्मा ने कॅरियर प्वाइंट विश्वविद्यालय कोटा राजस्थान से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें यह उपलब्धि गेहूं ;ट्रिटिकम एस्टिवम एलण्द्ध की वृद्धि और उपज पर एकीकृत खरपतवार प्रबंधन का प्रभाव विषयक शोध के लिए दी गयी है। शिवम् पूरे क्षेत्र में पीएचडी पूरी करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा इंटरमीडिएट आदर्श विद्या मंदिर इंटर कालेज शास्त्री नगर लखीमपुर से एवं स्नातक व परास्नातक ;सस्य विज्ञानद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से की है। उन्होंने अपनी पीएचडी का श्रेय अपने सभी गुरुजनों व गाइड डॉण् जीण् एसण् भटनागरए माता रामगुनी देवी ए पिता सुरेश चन्द्र वर्मा एवम पत्नी अर्चना वर्माए विजय वर्मा व बहन रीता देवी व मंजू वर्मा को दिया है।



### मनचले ने पोर्न साइड पर अपलोड किए युवती के अश्लील फोटो

**बरेली।** किसी मनचले युवक ने एक युवती के अश्लील फोटो पोर्न साइट पर अपलोड कर दिए और उन्हें युवती के दोस्तों और रिश्तेदारों को भेजे दिए पीड़ित युवती ने थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया और कार्रवाई की मांग की।बारादरी क्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि नौ जून को किसी व्यक्ति ने उसकी अश्लील फोटो पोर्न साइट पर अपलोड कर दी उसे इस बात की जानकारी तब हुई जब उस व्यक्ति ने फोटो उसके साथी और रिश्तेदारों को भेजना शुरू कर दिए आरोपी ने इंस्ट्राग्राम पर युवती को फर्जी आईडी बनाकर मैसेज मैसेज करने लगा। परेशान होकर युवती ने पूरी बात अपने परिजनों को बताई इसके बाद बारादरी थाने में तहरीर दी गयी। युवती ने इंस्ट्राग्राम पर भेजे गए मैसेज का स्क्रीनशार्ट भी पुलिस को दिखाया। बारादरी पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद अज्ञात के खिलाफ रविवार देर रात एफआईआर दर्ज की पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के लगातार मैसेज उनके पास आ रहे है वह हर बार अश्लील बातें करने का दबाव बना रहा है जिस कारण वह तनाव में आ गई है और काफी डर गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है ।

### भीषण गर्मी में ध्वस्त विद्युत व्यवस्था से जनता बेहाल

**मोहम्मदी खीरी।** गर्मी के दिन प्रतिदिन बढ़ते तापमान में राहत पहुंचाने की जगह क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है। जहा आए दिन मोहम्मदी से आने वाली बिजली लाइन खराब होती रहती है और यदि लाइन सही हो तो कभी ट्रांसफार्मर फुंक जाता है। यही नही लाइन चालू भी रहती है तो दिन में 20 बार लाइट खराब रहती है। पावरहाउस से बिजली की स्थित की जानकारी लेने के लिए यदि उपभोक्ता के द्वारा फोन लगाया जाता है तो पावरहाउस का मोबाइल स्विच ऑफ या फिर नेटवर्क कवरेज से बाहर बताता है। वही यदि अभियंता से अथवा एसडीओ से बात करने के लिए उपभोक्ता द्वारा फोन लगाया जाता तो अधिकारियों द्वारा कोई सही जानकारी नही दी जाती सिर्फ बरगलाया जाता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस भीषण गर्मी में अपने क्षेत्र की जनता को राहत पहुंचाने के लिए विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने में बेबस नजर आ रहे है। वही क्षेत्र की जनता गर्मी से बेहाल परेशान है। और चुनावी वादों वाले अच्छे दिनों के आने को याद कर रही है। वर्तमान समय में लगभग 18 घंटे से गोकन पावर हाउस से जुड़े गांवों की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त चल रही है। जिम्मेदार सुबह से एक घाटेए दो घंटे में लाइट आने की बात कहकर लोगो को बरगला रहे है और क्षेत्र की जनता मजबूर लाचार भीषण गर्मी से त्रस्त बेहाल इन अफसरानों के जुमले सुन रही है।

# खीरी पहुंचा पूरे देश की पदयात्रा पर निकले पर्वतारोहियों का दल

- दल के सदस्यों ने की जिलाधिकारी से मुलाकात

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**पूरे** देश की पदयात्रा पर निकले सामाजिक डैन्जर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बॉय पर्वतारोहियों के दल सदस्य जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप, गोविंदा नंद, निश्चल मोर्य ने सोमवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय में भेंट की। 20 सदस्यीय युवा पर्वतारोहियों/ पदयात्रियों का यह समूह जगत में शान्ति हेतु पूरे विश्व की पदयात्रा पर है। अब तक इन उत्साही युवाओं ने विश्व के 11 देशों में 4.35 लाख किलोमीटर की पदयात्रा कर ली है। महेंद्र बहादुर सिंह से मिले इन चार युवकों द्वारा विश्व की सबसे ऊंचे माउंट एवरेस्ट के बेस कैम्प की चढ़ाई सफलतापूर्वक की जा चुकी है। साथ ही टीम द्वारा अपनी उत्तराखण्ड व राजस्थान राज्यों के सभी जनपदों की यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पौधारोपण का सराहनीय कार्य भी किया है। डीएम व एडीएम संजय कुमार सिंह ने टीम के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डीएम से मुलाकात करने वाला चार सदस्य दल सोमवार को जिले में कैंप कर रहा। यह दल जिले में पैदल भ्रमणशील रहकर ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भारत को स्वर्ग बनाओष् विद्युत की खपत कम करो सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करो, सिंगल यूज प्लास्टिक अपने घर आंगन से हटाए। अपने परिवार व पशुओं को बीमारी से बचाएंष् ष्बाजार से सामान लाना है घर से कपड़े का थैला लेकर जाना है। विषयों पर आम जनमानस के बीच जागरूकता फैलाएगा। इस दल ने एआरटीओ दफ्तर के रोड सेफ्टी अवेयरनेस सभागार में सड़क जागरूकता पर कार्यक्रम भी किया। दफ्तर में मौजूद अभ्यर्थियों एवं आवेदकों को सड़क जागरूकता नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया।

# पुलिस ने पकड़ी 2 करोड़ की अफीम

- दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता।** शाहजहांपुर




**जलालाबाद** पुलिस ने अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 2 करोड़ रुपए कीमत की 2 किलोग्राम अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2 मोबाइल फोन व एक मोटर साईकिल बरामद कर 2 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। जलालाबाद थाना क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वाछित अपराधी में गश्त के दौरान बैगुल नदी पुल से कोला पुल की तरफ से 2 नफर अभियुक्त राजबीर पुत्र छोटेलाल निवासी मकरंदपुर सैदपुर थाना बजीरगंज बदायूं व गौतम पुत्र कुंवर वरपाल निवासी गडौली थाना बिल्सी बदायूं को समय करीब रात्रि करीब 1 बजे 2 किलोग्राम अफीम व 2 मोबाइल फोन व एक अदद मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपियों के विरुद्ध थाना जलालाबाद पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजबीर पुत्र छोटेलाल निवासी मकरंदपुर सैदपुर थाना बजीरगंज बदायूं और गौतम पुत्र कुंवर वरपाल निवासी गडौली थाना बिल्सी बदायूं पकड़े गए।

## आरोपी अफीम लेकर जा रहे थे पंजाब

**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने बताया कि अभियुक्तगणों ने पूछताछ पर बताया कि फतेहनगला थाना बजीरगंज जिला बदायूं में अफीम की खेती होती है। वहां के ज्ञानपाल से इन लोगों ने 2 किलोग्राम अफीम खरीदी थी। ज्ञानपाल ने अलग-अलग किसानों से अफीम इक्ट्ठा करके दी थी। आरोपी इसे लेकर पटियाला पंजाब जा रहे थे। पंजाब में अफीम की बहुत मांग है। वहां अच्छे दामों में अफीम बिक जाती है। अभियुक्त राजवीर ने बताया कि 25 जून 2022 को अफीम सप्लाई करते समय थाना राजपुरा जिला पटियाला में पकड़ा गया था। वहां से पटियाला जेल गया था। जेल में 52 दिन रहा था। वहीं से मेरे पंजाब के लोगों से लिंक हो गये थे। गौतम ने बताया कि वह 1 झोलाछाप की फर्जी रूप से चेकिंग कर रुपयों की मांग करने में पकड़ा गया था। जिसमें 28 दिन जेल में रहा था। मुझे इस समय पैसों की तंगी चल रही थी। आरोपी राजवीर के साथ पैसे कमाने के लिए अफीम लेकर सप्लाई करने के लिए पंजाब जा रहा था। दोनों एक साथ ही पकड़े गये।

### अस्थाई कर्मचारी 16 से करेंगे भूख हड़ताल

**बरेली ।** कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों ने की आम सभा, जितेन्द्र शर्मा ने कहा कर्मचारियों का ऐलान अन्याय के खिलाफजंग जारी रहेगी। प्राचार्य के दफ्तर में धरने पर बैठे।अब 16 तारीख से करेंगे भूख हड़ताल। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में आज अस्थाई कर्मचारियों की एक आम सभा धरना स्थल पर बुलाई गई जिसमें कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा हम अपने अध्यक्ष और सचिव पर कार्रवाई नहीं होने देंगे और हम सब एक साथ हैं कोई भी एफिडेविट नहीं भरेगा बैठक के बाद कर्मचारी प्राचार्य डॉक्टर ओपी राय से मिले और उनके दफ्तर में धरने पर बैठ गए कर्मचारी नेताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हम कर्मचारी आखिरी दम तक लड़ाई लड़ेंगे, प्रबंधन समिति कर्मचारियों को तोड़ने का काम कर रहे हैं । कुछ कर्मचारियों को प्रलोभन दे रही है लेकिन कर्मचारी टूटने वाले नहीं है और यह आंदोलन रुकेगा नहीं सचिव हरीश चंद्र मौर्या ने कहा बरेली कॉलेज में प्राइवेट सिक्योरिटी की बिल्कुल जरूरत नहीं है यह सब घोटाला करने के लिए किया जा रहा है। प्राचार्य के दफ्तर में धरने पर बैठने वाले कर्मचारियों में महजवी, बच्ची देवी, आशा पांडेय, सावित्री, भीकम सिंह गुर्जर, रामौतार, भगवान् दास वाल्मीकि, हरेराम, पूरनलाल मशीह, दोदराम, राजीव, राजाराम,गंगा प्रसाद, नानक चंद, मुकेश, आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन के कार्यो का किया आकस्मिक निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने ग्राम पंचायत सुजातपुर में जल जीवन मिशन के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ओवरहेड टैंक, सोलर पैनल, पाइपलाइन, पंप हाउस, जनरेटर सेट आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में कराए गए गृह संयोजन के कार्यों को भी देखा। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि पाइप लाइन डालने के उपरांत रीस्टोरेशन के कार्यों को तत्काल पूर्ण कराया जाए तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ सड़कें ठीक कराई जाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन की गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता न किया जाए। जिलाधिकारी ने गृह संयोजन का कार्य मानकों के अनुरूप पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने ग्रामीणों से जलापूर्ति के विषय में फीडवैक भी लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन ग्रामों में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण हो गया है वहां नियमित रूप से जल आपूर्ति अवश्य की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण सनी सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला पुलिस कर्मियों ने चौपाल लगा कर महिलाओं को किया जागरूक

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**पुलिस** थाना के क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं व बच्चों से महिला पुलिसकर्मियों ने सीधा संवाद करते हुए महिलाओं बालिकाओं की समस्याओं व शिकायतों के जानकारी हासिल कर उनके निपटारे का भरोसा देते हुए हेल्प लाइन नम्बर की जानकारी दी। चौपाल में आई महिलाओ एवम् बालिकाओं को महिला पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत महिला सुरक्षा व बचाव के सम्बन्ध में शासन देकर जारी हेल्प लाइन नम्बर 1090, 112, 1076, 108, 1098,1076,181 देते हुए कहा कि संकट के समय इनके प्रयोग करना चाहिए। शासन की विभिन्न योजनाओं उज्जवल, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, सामूहिक विवाह योजना, पीएम आवास योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे मे बताते हुए जागरूक कर मो नंबर तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क करने हेतु बताया गया। महिला आरक्षी 714 अनीषा 2871 अंकिता द्वारा ग्राम त्रिलोकपुर थाना मदनापुर क्षेत्र नोगामा मुबारकपुर में महिला आरक्षी आरती कौशिक द्वारा कलान थानाक्षेत्र महिला आरक्षी 2939 भावना शुक्ला थाना परौर महिला उप निरीक्षक मंजु व महिला आरक्षी पूजा द्वारा अपनी बीट के क्षेत्र राजा मार्केट कस्बा व थाना पुवाया । शाहजहाँपुर पुलिस ने गांव-गावं जाकर चौपाल लगाकर महिला को जागरूक कर समस्याओं का सुना।

# कार्डधारकों को होगा नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण

- 14 किग्रा गेहूं व 21 किग्रा चावल कुल 35 किलो खाद्यान्न प्रति कार्डधारक दिया जाएगा

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**जिला** पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ. प्र. जवाहर भवन लखनऊ के पत्र दिनांक 09 जून, 2023 द्वारा उल्लिखित किया गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जनवरी 2023 से एक वर्ष तक नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है। जनवरी 2023 से आगामी एक वर्ष तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित कराने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। उक्त के दृष्टिगत माह जून 2023 के सापेक्ष जून 2023 में वितरित होने वाले खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण दिनांक 13.06.2023 से 22.06.2023 के मध्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलोग्राम चावल कुल 35 किलो खाद्यान्न प्रति कार्डधारक तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किलोग्राम गेहूं व 03 किलोग्राम चावल कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त माह अप्रैल, मई व जून त्रैमास के सापेक्ष चीनी का वितरण 03 किलोग्राम प्रति कार्ड की दर से किया जाएगा। चीनी का मूल्य अन्त्योदय कार्डधारकों से 18 रू0 प्रति किलोग्राम की दर से लिया जाएगा। कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरण की सुविधा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से भी अनुमन्य रहेगी । ऐसे लाभार्थी जिनका कतिपय कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है उन्हें मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से भी दिनांक 22.06.2023 को खाद्यान्न नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। इस माह जनपद के 37841 अन्त्योदय कार्डधारकों को तथा 535114 पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को नि:शुल्क वितरण संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित करते हुए कहा है कि वह अपने सम्बन्धित अथवा निकटवर्ती उचित दर विक्रेता से नि:शुल्क खाद्यान्न एवं चीनी अपनी मूल दुकान से निर्धारित दर पर दिनांक 13.जून,23 से 22जून, 23 तक प्राप्त कर सकते हैं।

# ट्रक की ऑटो से टक्कर, दो की मौत, कई गंभीर हालत में


**संवाददाता।** बरेली

**तेजी** से आ रहे ट्रक उन्हें ऑटो को टक्कर मार दी जिससे दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के सेमी खेड़ा इलाके में आज दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में ऑटो चालक सीधी गंज थाने के गांव बंडिया निवासी खादिम उर्फ भूरा पुत्र मुमताज उर्फ बबलू और सीबीगंज के गांव तिलियापुर निवासी 65 वर्षीय बानो पत्नी हाजी रफीक चौधरी की मौत हो गई जबकि बानो की बेटी अंगूरी पुत्रवधू इमराना, खुशबू और बेटा भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए इसके अलावा कई अन्य लोगों को भी चोटें आई दिन में कई बच्चे भी शामिल है जिला अस्पताल में मौजूद दुर्घटना के शिकार लोगों के घर वालों ने बताया कि इन दिनों देवरनिया थाने के गांव मुड़िया में इन दिनों उर्स चल रहा है और बानो ने इसी उर्स में जाने के लिए खादिम उर्फ भूरा का ऑटो बुक कराया था जिसमें आज लगभग एक दर्जन लोग बैठकर उर्स में शामिल होने के लिए तिलियापुर से चले थे लेकिन जब उनका ऑटो भोजीपुरा के सेमी खेड़ा इलाके में पहुंचा तभी तेजी से आ रहे एक ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को देते हुए राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया।

# यूनेस्को में शामिल होगा अमेरिका

● बकाया राशि का करेगा भुगतान, फिर होगी भागेदारी

**भाषा।** पेरिस



**संयुक्त राष्ट्र** की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक एजेंसी यूनेस्को ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिका ने फिर से उससे जुड़ने और 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की बकाया राशि का भुगतान करने का फैसला किया है। यूनेस्को द्वारा फलस्तीन को एक सदस्य के तौर पर शामिल करने के विरोध में करीब एक दशक तक चले विवाद के बाद अमेरिका का यह कदम सामने आया है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वापसी का निर्णय इस चिंता से प्रेरित था कि चीन यूनेस्को नीति निर्माण में अमेरिका के न रहने से बनी जगह को भर रहा था, विशेष रूप से दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए मानक स्थापित करने के संदर्भ में।फलस्तीन को एक सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए 2011 में हुए मतदान के बाद अमेरिका और इजराइल ने यूनेस्को को धन देना बंद कर दिया।ट्रंप प्रशासन ने 2017 में इजरायल विरोधी पूर्वाग्रह और प्रबंधन समस्याओं का हवाला देते हुए इससे अगले साल एजेंसी से पूरी तरह से अलग होने का फैसला किया था। प्रबंधन एवं संसाधन मामलों के लिए अमेरिकी विदेश विभाग के उप मंत्री रिचर्ड वर्मा ने पिछले हफ्ते यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे एजोले को फिर से शामिल होने की योजना को औपचारिक रूप देने के लिए एक पत्र दिया था। हाथ से दिए गए पत्र के अनुसार, वर्मा ने यूनेस्को में मध्य पूर्व के बारे में गैरराजनीतिक बहस में प्रगति और एजेंसी के प्रबंधन में सुधार का उल्लेख किया। पत्र की प्रति एसोसिएटेड प्रेस के पास उपलब्ध है। एजोले द्वारा सोमवार को एक विशेष बैठक में राजदूतों के समक्ष इस बारे में घोषणा करते ही यूनेस्को के सभागार में तालियां बजने लगीं और एक के बाद एक प्रतिनिधियों ने खड़े होकर फैसले तथा नए सिरे से रकम आने की जानकारी का स्वागत किया।यूनेस्को के एक राजनयिक के अनुसार, कभी एजेंसी के सबसे बड़े धन प्रदाता रहे अमेरिका की वापसी को अगले महीने इसके 193 सदस्य राष्ट्रों द्वारा एक वोट का सामना करने की उम्मीद है। यह निर्णय संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के लिए एक बड़ा वित्तीय प्रोत्साहन है, जो अपने विश्व विरासत कार्यक्रम के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से लड़ने तथा लड़कियों की शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं के लिए जाना जाता है। यूनेस्को में चीन के राजदूत जिन यांग ने कहा कि उनका देश अमेरिका को वापस लाने के यूनेस्को के प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि उसकी अनुपस्थिति का एजेंसी के काम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। यांग ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय संगठन का सदस्य होना एक गंभीर मुद्दा है, और हम आशा करते हैं कि इस बार अमेरिका की वापसी का मतलब है कि यह संगठन के मिशन और लक्ष्यों को स्वीकार करता है। महानिदेशक पद पर 2017 में अपने चुनाव के बाद से, एजोले ने बजट सुधारों और यूनेस्को के संवेदनशील प्रस्तावों को लेकर जॉर्डन, फलस्तीन और इजराइल के राजनयिकों के बीच आम सहमति बनाने के माध्यम से, अमेरिका के संगठन को छोड़ने के कारणों को दूर करने के लिए काम किया है।

# ट्रंप गोपनीय दस्तावेज मामले में होंगे अदालत में पेश

● समर्थकों से की प्रदर्शन में शामिल होने की अपील

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गोपनीय दस्तावेज अपने आवास में रखने को लेकर दर्ज आपराधिक मामले में मंगलवार को अदालत में पेश होंगे। इससे पहले उन्होंने और उनके सहयोगियों ने समर्थकों को इसके खिलाफ अदालत के बाहर प्रदर्शन करने को कहा। ट्रंप मंगलवार को यानी कल मियामी की अदालत में पेश होंगे। अभियोग से पहले पूर्व राष्ट्रपति ने न्याय विभाग के विशेष वकील जैक स्मिथ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उन्हें विक्षिप्त तथा अभियोजकों की उनकी टीम को ठग करार दिया। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वह राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से मियामी कोर्टहाउस के बाहर प्रदर्शन में शामिल होने को कहा। ट्रंप ने डब्ल्यूएबीसी रेडियो को दिए एक साक्षात्कार में अपने मित्र एवं सलाहकार रोजर स्टोन से कहा, हमें अब हमारे देश में ताकत चाहिए। उन्हें (समर्थकों को) बाहर जाना है और उन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, देखो, हमारे देश को प्रदर्शन करना है। बहुत सारे विरोध प्रदर्शन करने है। हमने सबकुछ सही किया है। ट्रंप ने संकल्प लिया कि वह अभियोग के बावजूद राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में बने रहेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को गोपनीय दस्तावेज रखने संबंधी मामले में अभ्यारोपित किया गया है। ट्रंप के आवास से गोपनीय दस्तावेज मिलने संबंधी आरोपों से जुड़े अभियोग को शुक्रवार को सार्वजनिक कर दिया गया था। यह मामला फ्लोरिडा स्थित ट्रंप के आवास मार-ए-लागो से सैकड़ों गोपनीय दस्तावेज मिलने से जुड़ा है।

## क्विक न्यूज

### पाक के कब्जे वाले कश्मीर में वाहन खड्ड में गिरा, नौ मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सोमवार को एक तेज रफ्तार यात्री वाहन के खड्ड में गिर जाने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना उस समय हुई जब वाहन सुधनोती जिले के नैरियां गांव से पंजाब प्रांत के गुजरांवाला जा रहा था। पीड़ित एक धार्मिक समारोह में शामिल होने वहां गए थे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कोटली रियाज मुगल ने डॉन अखबार को बताया कि जैसे ही वाहन रात लगभग एक बजे कोटली और मीरपुर शहरों की सीमा पर जरई गांव के पास पहुंचा इलाके से अपरिचित वाहन चालक की लापरवाही के कारण यह खड्ड में गिर गया। एसएसपी मुगल ने कहा, सड़क पर फिसलने के निशान बताते है कि तेज रफ्तार वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और खड्ड मे गिर गया। उन्होंने बताया कि वाहन में 28 से 30 लोग सवार थे।

### फिलीपीन के मायोन ज्वालामुखी से फूटा लावा

**लेगास्पी (फिलीपीन)।** फिलीपीन के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी मायोन से सोमवार को लावा निकलने लगा, जो धीरे-धीरे ढलान से नीचे की ओर आ रहा है। ज्वालामुखी में किसी भी वक्त विस्फोट होने की आशंका के मद्देनजर हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। ज्वालामुखी के धधकने और इससे लावा निकलने की गतिविधि पिछले सप्ताह तेज हुई थी, जिसके बाद मायोन के छह किलोमीटर के दायरे में रहने वाले 12,600 से अधिक लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर पनाह ली। इनमें से अधिकतर किसान हैं। अब भी हजारों की संख्या में लोग मायोन के आस-पास के इलाकों में निवास कर रहे हैं और खतरे की जद में है। लोगों को इस स्थान से दूरी बनाए रखने का कहा जाने के बावजूद लोग पीढ़ियों से यहां बसे है तथा खेती कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास कहीं और जाने के लिए स्थान नही है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वॉलकेनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के निदेशक टेरेसिटो बाकोलकोल ने बताया कि ज्वालामुखी से लावा रविवार रात से निकलना शुरू हुआ।

### व्यापक दल-बदल के बाद अब एक रिक्शे में समा जाएगी इमरान खान की पूरी पार्टीः मरियम नवाज

**लाहौर।** सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेता मरियम नवाज ने तंज कसते हुए कहा है कि नौ मई को हुई हिंसा के बाद पाकिस्तान की मुख्य विपक्षी पार्टी से बड़े पैमाने पर दलबदल के बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पूरी पार्टी अब एक रिक्शे में समा सकती है। पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम ने पंजाब प्रांत के शुजाबाद में रविवार को एक युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आज वह (खान) पार्टी के अध्यक्ष, महासचिव, मुख्य आयोजक और प्रवक्ता खुद है और अपनी पार्टी के एकमात्र उम्मीदवार भी। उन्होंने पाकिस्तान में एक प्रकार के आयातित रिक्शा का जिक्र करते हुए कहा कि नौ मई की हिंसा के मद्देनजर दलबदल के बाद अब पूरी विपक्षी पार्टी किंगकी रिक्शा में फिट हो सकती है। पिछले महीने अर्धसैनिक बल के रेंजरों द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान रावलपिंडी में सैन्य मुख्यालय सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था या आग लगा दी गई थी। खान को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। मरियम ने कहा कि खान ने अपने 26 साल के तथाकथित राजनीतिक संघर्ष की बात की है।

### न्यूजीलैंड के सार्वजनिक रेडियो ने रूस के पक्ष वाली खबर दिखाने के लिए खबरों में हेरफेर पर मांगी माफी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सार्वजनिक रेडियो स्टेशन के प्रमुख ने यूक्रेन युद्ध के संबंध में एजेंसी से प्राप्त खबरों में बदलाव करते हुए उन्हे रूस के पक्ष में करने और उन्हे प्रसारित करने के मामले में सोमवार को माफी मांगी। समाचार एजेंसी रॉयटर्स से प्राप्त अधिकतर खबरों को रूस के पक्ष में दिखाने के लिए रेडियो स्टेशन रेडियो न्यूजीलैंड (आरएनजेड) में इन्हें बदला गया। ए खबरें एक वर्ष से भी अधिक समय पुरानी है। आरएनजेड के एक पत्रकार को आंतरिक जांच पूरी होने तक छुट्टी पर भेज दिया गया है। आरएनजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पॉल थॉम्पसन ने कहा कि 16 खबरों में त्रुटियां पाई गई है और उन्हे संशोधनो तथा संपादक के परामर्श के साथ बेवसाइट पर पुनः प्रकाशित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह बेहद निराशाजनक है। यह पीड़ादायक और स्तब्ध करने वाला है। हमें इसकी तह तक जाना है। आरएनजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को उन्हे इस संबंध मे जानकारी मिली और उसके बाद से उन्होंने 250 खबरों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वह और खबरों की भी समीक्षा करेंगे।

### फुकुशिमा परमाणु संयंत्र ने अपशिष्ट जल को छोड़ने की योजना का परीक्षण शुरू किया

**तोक्यो।** जापान के बर्बाद फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के संचालक ने उपचारित रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल को समंदर में छोड़ने के लिए नव निर्मित केंद्रों का सोमवार को परीक्षण शुरू कर दिया। इस कदम का स्थानीय मछुआरा समुदाय और पड़ोसी देशों ने कड़ा विरोध किया है।संचालक तोक्यो इलेक्ट्रिक पॉवर कंपनी होल्डिंग्स (टीईपीसीएच) ने कहा कि फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र मे परीक्षण के दौरान उपचारित पानी की जगह ताज़े पानी का इस्तेमाल किया गया है। संयंत्र के कर्मचारियो ने नव निर्मित केंद्र मे पंप और आपात स्थिति मे बंद करने वाले उपकरण का परीक्षण किया। इस केंद्र मे उपचारित पानी मे बड़ी मात्रा मे समुद्र का जल मिलाया जाएगा।

### ऊंची इमारत की चढ़ाई करने पर ब्रिटिश नागरिक हिरासत में

**सोल (दक्षिण कोरिया)।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में दुनिया की पांचवी सबसे ऊंची गगनचुंबी इमारत की चढ़ाई करने के आरोप में सोमवार को एक ब्रिटिश व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोल के दमकल विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि सोमवार को सोल की 123 मंजिला लोट्टे वर्ल्ड टावर की चढ़ाई करते हुए एक व्यक्ति को देखे जाने के बाद आपातकालीन विभाग, पुलिस और अन्य कर्मियों की 90 से अधिक सदस्यों की टीम भेजी गई।

### रेल दुर्घटना के पीड़ितों की मदद करेंगे यूएई निवासी

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में रहने वाले एक भारतीय शेफ ने लॉटरी मे जीती धनराशि का एक हिस्सा ओडिशा रेल दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता के लिए दान करने का संकल्प लिया है। मीडिया मे आई खबर मे यह जानकारी सामने आई है। दैनिक समाचारपत्र खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार मूल रूप से ओडिशा के जसपुर शहर के रहने वाले शाहजान मोहम्मद ने पिछले सप्ताह लॉटरी मे 20 हजार दिरहम (4,48,885 रुपए) जीते थे। ओडिशा रेल दुर्घटना के बारे मे बात करते हुए मोहम्मद ने कहा, सौभाग्य से, इस भीषण दुर्घटना मे मेरा कोई परिचित व्यक्ति शामिल नही था। मेरे मोहल्ले के कुछ लोग है जो इस दुर्घटना मे घायल हुए है।

### अमेरिका में गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**अन्नापोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के मैरीलैंड शहर की राजधानी मे एक मकान मे रविवार को हुई गोलीबारी मे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मैरीलैंड के पुलिस प्रमुख एड जैक्सन ने समाचार पत्र द बाल्टीमोर सन को बताया कि कई लोगों को गोली लगी, जिसमे से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटनास्थल पर पुलिस के कई वाहनों को देखा गया। कई लोग घायल हुए है और उनमे से एक को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है।

### चक्रवातः सिंध से लोगों को निकालना शुरू किया

**कराची।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के मद्देनजर पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने दक्षिणी सिंध प्रांत मे निचले तटीय इलाकों से लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचना शुरू कर दिया है। चक्रवाती तूफान के और मजबूत होने एवं इसके प्रभाव से भारी बारिश तथा तेज हवाएं चलने के आसार है।

# यूक्रेन,रूस की गलतियों का कर रहा है निरीक्षण

● मॉस्को ने गलतियों से सीखा सबक

**भाषा।** मॉस्को



**यूक्रेन के** सैनिक रूस के रक्षा कवच का परीक्षण कर रहे हैं, क्योंकि उसकी सेना ऐसे दुश्मन का सामना कर रही हैं जिसने 15 महीने की लड़ाई के दौरान गलतियां भी की हैं और उसे झटके भी लगे हैं। मगर विश्लेषकों का कहना है कि रूस ने भी अपनी गलतियों से सबक सीखें हैं और अपने हथियारों और कौशल को सुधारा है। रूस ने एक हजार किलोमीटर लंबे मोर्चे पर जबर्दस्त सुरक्षा कवच निर्मित किया है। साथ में लड़ाकू ड्रोन में यूक्रेन की बढ़त को कम करने के लिए रूस ने अपने इलेक्ट्रॉनिक हथियारों को मज़बूत किया है और अपने विशाल शीत-युद्ध-काल के शस्त्रागार से भारी बमों को सटीक-निर्देशित ग्लाइडिंग युद्ध सामग्री में बदल दिया है जो युद्धक विमानों को खतरे में डाले बिना लक्ष्यों को भेदने में सक्षम हैं। सैनिकों की संख्या में इजाफा और बेहतर हथियार के साथ रूस की बदलती रणनीति यूक्रेन के लिए किसी भी तरह की त्वरित निर्णायक जीत हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना सकती है। इससे यह खतरा है कि जंग लंबी चल सकती है। अमेरिका के ज्वाइंट चीफ्स के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने मंगलवार को एसोसिएटिड प्रेस को दिए साक्षात्कार में कहा था कि यूक्रेन की सेना अच्छी तरह से तैयार है और वक्त के साथ यह लंबी चलेगी तथा दोनों पक्षों में हार जीत का सिलसिला जारी रहेगा। दूसरी ओर, यूक्रेन के सैनिकों ने मोर्चे के कई हिस्सों से हमले किए हैं और उन्हें रूस के बहु स्तरीय सुरक्षा कवच के खिलाफ मामूली बढ़त ही मिल पाई है। ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूस के बलों के खिलाफ जवाबी हमले और निर्णायक कार्वाई जारी है।

### यूक्रेन ने पूर्वी दोनेत्स्क में चौथे गांव पर फिर कब्जा करने का दावा किया

**कीव।** यूक्रेन के सैन्य अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि उनके सैनिकों ने दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में एक और गांव को रूसी सेना से वापस ले लिया है। रूसी हमले शुरू होने के करीब 15 महीने बाद यूक्रेन की जवाबी कार्वाई में यह पहली सफलता है।उप रक्षा मंत्री हन्ना मालियार ने टेलीग्राम पर लिखा कि स्टोरोजोव गांव के ऊपर यूक्रेन का झंडा पुनः लहरा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि अंततः यूक्रेन की सभी भूमि को मुक्त करा लिया जाएगा।इससे एक दिन पहले, यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा था कि पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र मे वेलिका नोवोसिल्के शहर के दक्षिण मे स्थित तीन छोटे गांवो को रूसी सेना से मुक्त करा लिया गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने उन गांवो से अपने सैनिको के पीछे हटने की पुष्टि नही की है, लेकिन कुछ सैन्य ब्लॉगर ने स्वीकार किया है कि उन गांवों पर अब रूसी नियंत्रण नही है।

# इटली के पूर्व प्रधानमंत्री बर्लुस्कोनी का निधन

**भाषा।** मिलान



**अरबपति** मीडिया मुगल और इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी का सोमवार को निधन हो गया। उनके मीडिया नेटवर्क ने यह जानकारी दी। वह 86 वर्ष के थे। बर्लुस्कोनी रंगीन पार्टियों और भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोपों के बावजूद सबसे लंबे समय तक इटली के प्रधानमंत्री रहे। लेकिन पिछले कुछ सालों से वह हृदय रोग तथा कैंसर से पीड़ित थे। कभी अपनी रंगीन मिजाजी के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाले बर्लुस्कोनी के मीडियासेट टेलीविजन नेटवर्क ने अपने मुखपृष्ठ पर उनकी एक तस्वीर लगाई है जिसमें उन्हें मुस्कुराते हुए दिखाया गया है। नेटवर्क ने उनके निधन की सूचना देते हुए लिखा, बर्लुस्कोनी नहीं रहे। बर्लुस्कोनी पिछले कुछ सालों से हृदय रोग, प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे। वह 2020 में कोविड-19 की चपेट में आने के बाद अस्पताल में भर्ती हुए थे।मिलान के आर्कडायोसीज के अनुसार, बुधवार को मिलान के डुओमो गिरजाघर में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। कभी क्रूज शिप पर गाने वाले बर्लुस्कोनी ने अपने लंबे राजनीतिक करियर को शुरू करने के लिए अपने टेलीविजन नेटवर्क और अपार संपत्ति का इस्तेमाल किया।प्रशंसकों के लिए, तीन बार के प्रधानमंत्री एक सक्षम और करिश्माई राजनेता थे जिन्होंने विश्व मंच पर इटली को ऊपर उठाने का प्रयास किया।वहीं, आलोचकों के लिए वह एक लोकलुभावनवादी थे, जिन्होंने खुद को और अपने व्यवसायों को समृद्ध करने के लिए एक उपकरण के रूप में राजनीतिक शक्ति का इस्तेमाल करके लोकतंत्र को कमजोर करने की स्थिति बनाई।उनकी फोर्जा इटालिया राजनीतिक पार्टी वर्तमान प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ एक गठबंधन सहयोगी थी।

# ब्रिटेन की संसदीय समिति बोरिस जॉनसन से जुड़े मामले की जांच पूरी करेगी



**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन की एक** संसदीय समिति सोमवार को इस बात की जांच पूरी करने के लिए बैठक कर रही है कि क्या तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने कार्यालय में उन पार्टियों को लेकर सांसदों को गुमराह किया, जिनसे कोविड-19 लॉकडाउन प्रतिबंधों का उल्लंघन हुआ। संसद की विशेषाधिकार समिति के सदस्यों ने जॉनसन के आचरण की जांच जारी रखने पर जोर दिया है। हालांकि उन्होंने शुक्रवार को अप्रत्याशित रूप से संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा था। उन्हें साजिश का शिकार बनाया जा रहा है। उम्मीद है कि यह समिति सोमवार को अपनी बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट को अंतिम रूप दे देगी। समिति के निष्कर्ष आने वाले दिनों में प्रकाशित किए जा सकते हैं। उन्होंने एक संसदीय समिति के उस बयान के बाद संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था कि कोविड की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन कर जॉनसन द्वारा पार्टियां आयोजित करने के मुद्दे पर संसद को गुमराह करने के मामले में प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

# मोदी की अमेरिका यात्रा से तय होगी संबंधों के भविष्य की रूपरेखा

**भाषा।** वाशिंगटन



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा के दोनों देशों के संबंधों के लिए निर्णायक होने की संभावना है और दोनों पक्ष ऐसे मजबूत परिणामी दस्तावेज पर काम कर रहे हैं जिनमें आने वाले दशकों के लिए द्विपक्षीय संबंधों की रूपरेखा तय करने वाले मामले शामिल हो सकते हैं।मोदी को राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। उनकी इस यात्रा में 22 जून को राजकीय रात्रिभोज भी शामिल होगा। ऐतिहासिक यात्रा के लिए इस सप्ताह दोनों देशों की राजधानियों में तैयारियों के जोर पकड़ने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ दूसरे दौर की आईसीईटी वार्ता के लिए नई दिल्ली जा रहे हैं। बाइडन और मोदी ने मई 2022 में महत्वपूर्ण एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकी (आईसीईटी) संबंधी अमेरिका-भारत पहल की घोषणा की थी। इसका मकसद दोनों देशों की सरकारों, व्यवसायों और शिक्षण संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी और रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाना और विस्तारित करना था। यात्रा की योजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार दोनों पक्ष संयुक्त बयान को अंतिम रूप दे रहे हैं, जिसे एक मजबूत परिणामी दस्तावेज बताया जा रहा है और कहा जा रहा है कि यह आने वाले दशकों के लिए भारत-अमेरिका संबंधों की प्रकृति और रूपरेखा को आकार देगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अंतिम फैसला दोनों नेताओं द्वारा 22 जून को किया जाएगा और अभी संयुक्त बयान का जो मसौदा तैयार किया जा रहा है, माना जाता है कि इसमें उन मुद्दों का जिक्र होगा जो भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे। इनमें प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और रक्षा जैसे क्षेत्र महत्वपूर्ण होंगे।

### पुलिस को ईमानदार रखने के लिए चेतावनी प्रणाली

**ब्रिसबेन।** शुरुआती हस्तक्षेप और बाहरी निरीक्षण पुलिस के व्यवहार को नियंत्रण मे रखने तथा समस्याओं को शुरुआत में ही खत्म करने के दो प्रभावी तरीके हैं। अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या से लेकर ब्रिटेन में सिलसिलेवार रूप से बलात्कार की घटनाओं को अंजाम देने वाले और ऑस्ट्रेलिया में स्थानिक स्त्री जाति से द्वेष, लिंगवाद और नस्लवाद तक, हाल के वर्षों में पुलिस दुर्व्यवहार जांच के दायरे में आया है। पुलिसिंग की प्रकृति का मतलब है कि बड़ी संख्या में शिकायतें उत्पन्न हो सकती हैं। वैश्विक महामारी के दौरान पुलिस की शक्तियों मे वृद्धि और कोविड के बाद भर्ती अभियान के परिणामस्वरूप पुलिस के व्यवहार की बारीकी से निगरानी और अधिक आलोचना हुई है।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शीला पत्नी श्री राज कपूर, उक्त संपत्ति Portion of Plot No. RZ- M-35, having land area measuring 50 Sq. Yds., pertaining to the Khasra No. 266, situated in the colony known as West Sagarpur, in the revenue estate of Village Nasirpur, Delhi, का GPA, ATS & Will dated 12-06-2001 के द्वारा मालिक हैं और उक्त सम्पति पर 12-06-2001 से शांतपूर्ण तरीके से काबिज है ! उपरोक्त संपत्ति, पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है !यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतरनिम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टीमें नहीं है !

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client,**smt. Neelam Kaushal,W/o Sh. Hemant Kumar Kaushal, R/o LIG Flat No.23-C,First Floor,Block-IP,Pitampura,Delhi110034,Purchaser/owner Valid Agreement To Sell Dated 22/05/1998 Property Bearing DDA LIG Flat No. 23-F, First Floor, Block-IP, Situated at Pitampura, Delhi, Vide DDA File No.F.5(822)83/HB/NP** has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original document. Demand Letter issued by the DDA of the above flat have been lost. An FIR/NCR/LR to this effect has lodged in Police Station,Crime Branch,New Delhi,vide NCR/FIR/L.R.No.465743/2023 dated 21/05/2023. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents,June write/ contact with above named person at above address/phone 9810499229 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy.Director(LAB)H or Director (H)-1,D Block,3rd Floor,Vikas Sadan,INA, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **RITA SHARMA D/O SHRI SANWAL SINGH R/O HOSUE NO.212, MUNIRKA VILLAGE, NEW DELHI-110067, is the owner of FLAT NO.A-102, MUNIRKA CO-OPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD., PLOT NO.11, SECTOR-9, DWARKA, NEW DELHI,** have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. **Original ALLOTMENT LETTER and POSSESSION LETTER** of the above said property have been lost or misplaced by our client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No.545008/2023)** dated **12.06.2023**. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with **above named person** at above Address/Phone No.**9650798761** within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Group Housing) or Director (Group Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal (Advocate)**
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sunil Kumar** who is purchasing the Residential Plot No. 33, admeasuring 83 sq. yards., out of Khasra no. 336, Ved Residency, Part-4, Village Roza Jalalpur, Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar U.P. from **Mr. Mani Ram** S/o Mr. Chunni Lal, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.**

If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301, Contact # 0120-4269379

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Beero W/o. Man Singh Yadav, R/o.161/156, Jogabai, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my name wrongfully mentioned in my bank account record as Birvati Yadav instead of BEERO.

PD(065)A

LOST & FOUND

Lost Original Plot Buyer Agreement of Property Number S-15/06 DLF City Phase-III Gurgaon Haryana Dated 30-10-1984 name of
1. Ajay Shridhar Shriram
2. Vikram Shridhar Shriram
3. Ajit Shridhar Shriram R/o 5/16 Shanti Niketan New Delhi if found please contact 9810212316 or above addres

PD/066/A

### इजराइल के विपक्षी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री लापिद ने नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में गवाही दी

**यरूशलम।** इजराइल के विपक्ष के नेता एर लापिद ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ यरूशलम में चल रहे भ्रष्टाचार के एक मुकदमे में सोमवार को अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही दी।पूर्व प्रधानमंत्री लापिद अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी नेतन्याहू के खिलाफ तीन में से एक मामले में गवाही दे रहे हैं। अभियोजन पक्ष का दावा है कि नेतन्याहू ने हॉलीवुड कारोबारी आर्नन मिलशन से मिले उपहारों के बदले उनके पक्ष में काम करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। नेतन्याहू ने मिलशन को निजी तौर पर फायदा पहुंचाया जिसमें अमेरिकी अधिकारियों से मिलशन के अमेरिकी प्रवास की अनुमति बढ़ाने का अनुरोध करना शामिल है। नेतन्याहू ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार करते हुए कहा कि वह मिलशन के निजी हितों को नहीं साध रहे थे और कई बार उनके खिलाफ भी कार्वाई कर चुके हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए छुट्टी जरूरी

● मानने से डरते हैं, आप अकेले नहीं हैं

**भाषा।** मेलबर्न



**कई बार ऐसे दिन** भी होते हैं जब आप काम नहीं करना चाहते, हालांकि आप शारीरिक रूप से बीमार नहीं होते। क्या आपको अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक दिन की छुट्टी चाहिए? यदि आप ऐसा करते हैं, तो क्या आपको अपने प्रबंधक को अपनी छुट्टी के बारे में सूचित करते समय सही कारण बताना चाहिए? यदि आप किसी संगठन या टीम में काम करते हैं जहां आप मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए सुरक्षित महसूस करते हैं, तो आप भाग्यशाली हैं। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में समझने और बात करने में तमाम तरह की प्रगति के बावजूद, इससे जुड़े भ्रम और पूर्वाग्रह अभी भी काफी प्रचलित हैं जो हममें से कई लोगों को स्वेच्छा से मालिकों और सहकर्मियों को यह बताने से रोकते हैं कि हम कब मानसिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां विभिन्न रूपों में आती हैं। कुछ के लिए यह एक गंभीर आजीवन संघर्ष होगा। कई अन्य लोगों के लिए यह तनाव की अधिकता से छुटकारा पाने और विश्राम की आवश्यकता का समय होगा।विश्व स्तर पर, विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि लगभग 97 करोड़ लोग - लगभग आठ में से एक व्यक्ति - किसी भी समय मानसिक विकार से पीड़ित है, जिसमें लगभग 38 करोड़ चिंता-संबंधी विकार और लगभग 36 करोड़ अवसाद के मामले हैं।2019 के बाद से ए संख्या लगभग 25 फीसद बढ़ गई है, इस वृद्धि का श्रेय सामाजिक अलगाव, आर्थिक कठिनाई, स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और महामारी से जुड़े तनाव को दिया जाता है।लेकिन मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट एक लंबी अवधि की प्रवृत्ति है, और यह संभावना है कि काम से जुड़े तनावों ने भी इसमें भूमिका निभाई है। अनुसंधान मानसिक अस्वस्थता के लिए तीन मुख्य कार्यस्थल योगदानकर्ताओं की पहचान करता है: असंतुलित नौकरी स्वरूप जब लोगों की नौकरी की मांग उच्च होती है, फिर भी नौकरी पर नियंत्रण कम होता है, व्यावसायिक अनिश्चितता और अहमियत और सम्मान की कमी।यह कम से कम आंशिक रूप से स्पष्ट करता है कि अमीर औद्योगिक देशों में अवसाद और चिंता अधिक प्रचलित क्यों दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में, यह अनुमान लगाया गया है कि आधी से अधिक आबादी अपने जीवनकाल में किसी समय निदान योग्य मानसिक विकार का अनुभव करेगी।

# ऑस्ट्रेलिया में सड़क हादसे में 10 की मौत




**भाषा।** कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया के** ग्रेटा शहर में वाइन इलाके में एक बस के पलट जाने से 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों में से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त ट्रेसी चैपमैन ने बताया कि बस चालक (58) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे सेसनॉक थाने ले जाया गया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने चालक के खिलाफ लगाए जाने वाले आरोपों की विस्तृत जानकारी नहीं दी। हालांकि उन्होंने पत्रकारों से कहा, आरोप दर्ज करने के लिए हमारे पास पर्याप्त जानकारी है। सिडनी के उत्तर में ग्रेटा शहर में वाइन कंट्री ड्राइव पर गोल चक्कर पर रात करीब साढ़े 11 बजे के बाद हादसा हुआ। बस में सवार लोग एक शादी समारोह में शिरकत करके लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि 25 लोग हादसे में घायल हुए जिनमें से 21 लोग सोमवार सुबह तक अस्पताल में भर्ती थे।

# इस सरकार में सिर्फ दो लोगों का गुणगान : नीतीश



भाषा। पटना

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए सोमवार को कहा, सिर्फ दो लोगों का गुणगान किया जा रहा है, जिनका राजनीतिक अनुभव 20-22 साल से ज्यादा का नहीं है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए कहा, आज कल देश में तो लोग सिर्फ अपना ही नाम लेते रहते हैं। अपने पार्टी के नेताओं का भी नाम नहीं लेते हैं। वे बापू (महात्मा गांधी) के योगदानों को स्वीकार नहीं करते। यहां तक कि अटल बिहारी वाजपेई जी का भी नाम नहीं लेते हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री के तौर पर शानदार काम किया। मुरली मनोहर जोशी को भी भुला दिया गया है। विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग द्वारा आयोजित नव नियुक्त सहायक प्राध्यापक (विद्युत अभियंत्रण) व्याख्याता (असैनिक अभियंत्रण) एवं व्याख्याता (अर्थशास्त्र) के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग 10 लाख लोगों को नौकरी एवं 10 लाख को रोजगार का अवसर देंगे। हमलोगों के कामों की कोई चर्चा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 सालों में केंद्र सरकार ने बिहार के लिए कुछ भी नहीं किया है लेकिन हर जगह उसकी ही चर्चा होती रहती है। हमने बिहार में काफी काम किए हैं लेकिन उसकी चर्चा कोई नहीं करता है। उन्होंने कहा कि साइकिल योजना जब बिहार में शुरू की गई, उस समय देश और विदेशों में भी ऐसी योजना नहीं थी। हम ने जो काम किया है, उसको केन्द्र ने अपनाया है। आज कल केंद्र वालों ने मीडिया पर कब्जा कर लिया है। पिछले साल अगस्त में भारतीय जनता पार्टी से नाता तोड़ चुके नीतीश ने कहा, हमारे साथ बिहार में पहले जो लोग काम करते थे, वे भी मेरे खिलाफ आज कल खूब बोलते हैं ताकि उनको बढ़िया जगह मिल जाय लेकिन कहीं किसी को पार्टी कुछ नहीं दे रही है। हम सभी के लिए काम करते हैं लेकिन वे सिर्फ अपने लिए काम करते हैं। भाजपा से नाता तोड़ लेने के बाद अगले साल लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी को परास्त करने के लिए विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हम ज्यादा से ज्यादा विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हैं। ऐसा हुआ तो वे लोग (भाजपा) सत्ता से चले जाएंगे जिससे समाज में आपसी समझ और बढ़ेगा। उन्होंने अपने विपक्षी एकता अभियान का भी जिक्र किया, जिसके तहत कई पार्टियों के नेताओं की पटना में अगले सप्ताह बैठक होगी। उन्होंने कहा, मैं यहां मौजूद पत्रकारों से कहना चाहता हूं, मैं आपके पक्ष में हूं। एक बार अलग-अलग पार्टियों को साथ लाने की मेरी कोशिश रंग लाए और ए लोग चले जाएं (भाजपा सत्ता से बाहर हो गई), तो आप निश्चिंत हो सकते हैं कि आपको सम्मान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का नाम हम बदलकर विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग करेंगे, बहुत जल्द कैबिनेट से इसकी मंजूरी दी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान मौजूद उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जिक्र करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि उनसे ही हमने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए आग्रह किया था। उनलोगों ने भी इसकी सहमति दी थी। तेजस्वी यादव की ओर मुड़ते हुए, मुख्यमंत्री ने याद किया उनकी मां राबड़ी देवी जब सत्ता में थीं, तब केंद्र ने बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज को एनआईटी के रूप में अपग्रेड करने का प्रस्ताव किया था। कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दरभंगा में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का जिक्र करते हुए कहा उसके लिए राज्य सरकार द्वारा दी जानेवाली जमीन को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर अपना प्रहार जारी रखते हुए कहा, ऐसा लगता है कि अब अच्छे काम इनकी सत्ता से विदाई के बाद ही होगी। तबतक हमें राज्य की मौजूदा स्वास्थ्य सेवा में यथासंभव सुधार करना होगा।

**परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह पर निशाना साधा**

# बिपारजॉय अरब सागर में सबसे लंबे समय तक रहने वाला चक्रवात बन सकता है



भाषा। नई दिल्ली

**भारत मौसम** विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार बिपारजॉय अरब सागर में सबसे लंबे समय तक रहने वाला चक्रवाती तूफान बन सकता है। गंभीर चक्रवाती तूफान बिपारजॉय के गुजरात में 15 जून को पहुंचने की आशंका है। मौसम विभाग ने कहा कि 1965 के बाद जून में गुजरात में आने वाला यह तीसरा चक्रवात होगा। आईएमडी ने कहा, जून के महीने के लिए 1965 से 2022 के आंकड़ों के आधार पर, अरब सागर के ऊपर 13 चक्रवात विकसित हुए। इनमें से दो ने गुजरात तट को पार किया, एक ने महाराष्ट्र, एक पाकिस्तान तट, तीन चक्रवात ने ओमान-यमन तटों को पार किया और छह समुद्र के ऊपर कमजोर पड़ गए। उसने कहा कि 2023 से पहले, जून में केवल दो चक्रवात गुजरात तट को पार कर पाए थे और इनमें एक 1996 में एक गंभीर चक्रवात था और दूसरा 1998 में एक अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान था। छह जून को सुबह 5.30 बजे दक्षिण पूर्व अरब सागर के ऊपर विकसित हुए चक्रवात बिपारजॉय की अवधि अब तक लगभग सात दिन और 12 घंटे है।आईएमडी ने कहा कि अरब सागर के ऊपर 2019 के अत्यंत गंभीर चक्रवात क्यार की अवधि नौ दिन और 15 घंटे थी। यह पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर विकसित हुआ और दक्षिण-पश्चिम अरब सागर के ऊपर कमजोर हुआ। आईएमडी अहमदाबाद केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, "चक्रवात के जखाऊ बंदरगाह के पास टकराने का अनुमान है। यह 15 जून को दोपहर के आसपास गुजरात के तट पर पहुंचेगा। इससे पहले 135-145 किमी प्रति घंटा से लेकर 150 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और बहुत भारी बारिश होगी। आईएमडी ने कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी सहित गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

# अयोध्या में तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में



भाषा। नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** के अयोध्या में तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का काम अपने अंतिम चरण में है और इस साल अक्टूबर तक इसे पूरा करने के लिए सहायक संरचनाओं का काम जोरों पर जारी है। मंदिर के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी ।एक बयान के अनुसार, राम मंदिर के भूतल के निर्माण कार्य की प्रगति की हाल में निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा सहित ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा समीक्षा की गई थी। इसमें कहा गया है कि लार्सन एंड टुब्रो और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स की इंजीनियरिंग टीमों और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की समीक्षा में हिस्सा लिया। बयान में कहा गया है, श्री राम मंदिर, अयोध्या, के भूतल निर्माण का काम अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। इस काम को अक्टूबर, 2023 तक पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण का काम जोरों पर है। इसमें कहा गया है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दैनिक आधार पर निर्माण कार्य की प्रगति की निगरानी की जाती है और वास्तविक मुद्दों का समाधान किया जाता है। गर्भगृह के अलावा, मंदिर में पांच मंडप - गुड मंडप, रंग मंडप, नृत्य मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप हैं। बयान में कहा गया है, पांच मंडपों के गुंबद का आकार 34 फुट चौड़ा और 32 फुट लंबा और आंगन से ऊंचाई 69 फुट से 111 फुट तक है। इसमें कहा गया है कि मंदिर की लंबाई 380 फुट, चौड़ाई 250 फुट और और यह प्रांगण से 161 फुट ऊंचा है।

# सभी वर्गों को समान अधिकार, आर्थिक और सामाजिक समानता मिलनी चाहिए : ओम बिरला

भाषा। नई दिल्ली



**लोकसभा अध्यक्ष** ओम बिरला ने विविधता को भारतीय मूल्यों का आधार करार देते हुए सोमवार को कहा कि सभी वर्गों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्रदान करने के साथ आर्थिक एवं सामाजिक समानता भी मिलनी चाहिए। बिरला ने कहा, हमें अपनी विरासत को संरक्षित रखने के साथ ही विकास के नए आयाम स्थापित करने की भी आवश्यकता है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरुता भी मौजूद थीं। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने प्रकृति, परंपरा और संस्कृति के ज्ञान की जनजातीय विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही वनवासियों ने प्रकृति के साथ तालमेल से रहने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लोगों की जीवन शैली हमेशा प्रकृति के अनुरूप रही है और आधुनिक दुनिया को उनसे बहुत कुछ सीखना है। बिरला ने वन उपज के साथ आदिवासी लोगों की कला और शिल्प का जिक्र किया जिसके अनूठेपन के कारण इनकी मांग पूरी दुनिया में बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इससे इन परंपराओं को जीवित रखा जा सकेगा और साथ ही ऐसे समूहों के बारे में जानकारी का प्रसार करने में मदद मिलेगी तथा ऐसे लोग अपने पारंपरिक मूल्यों और शिल्प को भी संरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि भारत में शीघ्र ही न केवल जीवन के सभी क्षेत्रों में बल्कि संसद में भी इस समूह के लोगों का अधिक प्रतिनिधित्व होगा। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश के विभिन्न संस्थानों, शासन और निकायों में जनजातीय समुदायों की भागीदारी को सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए, क्योंकि जनभागीदारी बढ़2345ी से जनजातीय समाज के लोग भी इन संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और विविधता बढ़ेगी।

## क्विक न्यूज

### एनआईए ने भारतीय उच्चायोग में हिंसक प्रदर्शन करने वालों की पहचान के लिए मदद मांगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग परिसर में तोड़फोड़ की जांच के संबंध में सोमवार को पांच वीडियो जारी किए और हिंसक प्रदर्शनों में शामिल व्यक्तियों की पहचान करने में आम जनता की मदद मांगी। सीसीटीवी से लगभग दो घंटे के फुटेज को एनआईए ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया और लिंक को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया है, जिसमें लोगों से वीडियो में देखे गए व्यक्तियों के बारे में कोई भी जानकारी एजेंसी को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। एनआईए ने एक बयान में कहा कि इस साल 19 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग परिसर में देश विरोधी तत्वों द्वारा किए गए हमले का सीसीटीवी फुटेज अपलोड किया गया है। बयान में कहा गया, लोगों से अनुरोध है कि फुटेज में देखे गए व्यक्तियों के बारे में जनहित में कोई भी जानकारी एनआईए को प्रदान करें। बयान में कहा गया कि सूचना को गुप्त रखा जाएगा। एजेंसी ने सूचना देने के लिए एक व्हाट्सऐप नंबर भी साझा किया है। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि एनआईए की एक टीम ने मामले की जानकारी हासिल करने के लिए लंदन का दौरा किया था और स्कॉटलैंड यार्ड (लंदन पुलिस) के अधिकारियों से बातचीत की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ से जांच अपने हाथ में ली, जिसने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था, क्योंकि इसमें विदेश में भारतीय नागरिकता रखने वाले कुछ लोगों द्वारा की गई अवैध गतिविधियां शामिल हैं। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने लंदन में 19 मार्च को भारतीय उच्चायोग परिसर में तोड़फोड़ की और तिरंगा उतारने का प्रयास किया।

### 12 से 19 जुलाई के बीच प्रक्षेपित होगा चंद्रयान-3: इसरो

**कोट्टायम (केरल)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने सोमवार को यहां कहा कि अगर सभी परीक्षण सफल रहे तो चंद्रमा की सतह पर उतरने के भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-3 का 12 से 19 जुलाई के बीच प्रक्षेपण किया जाएगा। इसरो द्वारा कोथावारा सेंट जेवियर्स कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला और अंतरिक्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद सोमनाथ ने मीडिया से कहा कि चंद्रयान पहले ही यू आर राव उपग्रह केंद्र से श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में प्रक्षेपण पैड पर पहुंच चुका है। सोमनाथ ने कहा, "अंतिम तैयारी चल रही है। इसे इस महीने के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, इस प्रक्षेपण के लिए रॉकेट, एलवीएम-3 का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए सभी पुर्जे श्रीहरिकोटा पहुंच गए हैं" उन्होंने कहा कि रॉकेट के पुर्जों को जोड़ने का काम भी इस महीने के अंत तक पूरा हो जाएगा और फिर चंद्रयान-3 को रॉकेट से जोड़ने की प्रक्रिया होगी। उन्होंने कहा कि यह भी जून के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा और इसके बाद कई परीक्षण होंगे। सोमनाथ ने कहा, "12 से 19 जुलाई के बीच प्रक्षेपण के लिए अनुकूल स्थिति है और हम इसे केवल तभी प्रक्षेपित कर सकते हैं। हम इसे बाद में भी कर सकते हैं लेकिन हमें ईंधन का नुकसान होगा"।

### गुजरात एटीएस ने आईएसकेपी मॉड्यूल मामले में श्रीनगर से एक व्यक्ति को पकड़ा

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सोमवार को श्रीनगर से एक व्यक्ति को इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) मॉड्यूल के साथ कथित संबंध के आरोप में गिरफ्तार किया। इसी के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या पांच हो गई है जिनमें एक महिला भी शामिल है। एटीएस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि श्रीनगर निवासी जुबैर अहमद मुंशी को गिरफ्तार किया गया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर अहमदाबाद लाया जा रहा है।नौ जून को, एटीएस ने एक आईएसकेपी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस आतंकवादी समूह के साथ कथित रूप जुड़े होने के लिए तीन पुरुषों और सूरत की एक महिला को गिरफ्तार किया था।

### रेलवे बोर्ड ने पदोन्नति के जरिए खाली पदों को भरने का आदेश जारी किया

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने सोमवार को अपने विभिन्न जोन को पदोन्नति के जरिए खाली पदों को, खासकर सुरक्षा श्रेणी में, भरने के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। बालासोर ट्रेन हादसे के बाद, रेलवे में खाली पदो को लेकर हुई आलोचना के बीच यह कदम उठाया गया है। बालासोर ट्रेन हादसे में 288 लोगों की जान चली गई थी। रेलवे का आंतरिक आदेश सभी जोन के महाप्रबंधकों को भेजा गया है। आदेश में समय-समय पर पदोन्नति के बाद खाली पदों को भरने की आवश्यकता पर जोर देते हुए निर्देश जारी किया गया है।

### औरंगजेब की ताजपोशी की अपील करने को लेकर व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में एक व्यक्ति के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ यह मामला तब दर्ज किया गया जब उसने मुगल बादशाह औरंगजेब की ताजपोशी का जश्न मनाने की अपील सोशल मीडिया पर की। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी।इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के एक पदाधिकारी ने शिकायत की और औरंगजेब की ताजपोशी के दिन 13 जून को भव्य तरीके से मनाने की सोशल मीडिया पर अपील करने का एक स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंपा।प्राथमिकी के अनुसार, उक्त सोशल मीडिया प्रोफाइल अता-उर रहमान पटेल का है।सिडको थाने के प्रभारी संभाजी पाटिल ने कहा, एक शिकायत मिली और शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

### अतिक्रमण करके बनी मजार तोड़े जाने का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर लाठीचार्ज

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में सरकारी जमीन पर कथित रूप से अतिक्रमण कर बनाई गई एक मजार को तोड़े जाने का विरोध कर रहे ग्रामीणों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने सोमवार को लाठीचार्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अनुमंडलाधिकारी (एसडीएम) पूरन सिंह राणा ने बताया कि बहदराबाद से सटे गांवों के कुछ मुस्लिम निवासियों ने उस समय हंगामा किया जब गंगनहर वाले रास्ते के पास मजार ध्वस्त की जा रही थी। उन्होने बताया कि जब लोग समझाने पर नहीं माने तो पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

# अगर अन्नामलाई ने निशाना बनाया तो भाजपा से गठबंधन पर करेंगे पुनर्विचार : अन्नाद्रमुक

भाषा। चेन्नई

**अन्ना द्रविड़ मुनेत्र** कषगम (अन्नाद्रमुक) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन में होने के बावजूद उसकी तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई द्वारा अन्नद्रमुक की आलोचना करने पर सोमवार को आपत्ति जताई और उनकी मंशा पर प्रश्न उठाए। अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री डी जयकुमार ने यह भी कहा कि यदि अन्नामलाई को नहीं रोका गया तो अन्नाद्रमुक भाजपा के साथ अपने गठबंधन पर पुन:विचार करने के लिए विवश हो जाएगी। अन्नामलाई द्वारा अन्नाद्रमुक और उसकी नेता जे जयललिता की कथित आलोचना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जयकुमार ने भाजपा नेता पर गठबंधन में भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या दिल्ली के नेताओं ने उनके बयानों को अनुमति दे रखी है?जयकुमार ने यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए पूछा, क्या अन्नामलाई की यह मंशा है कि अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में एक भी सीट न जीत पाए और नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री न बन पाएं? क्या उनकी गतिविधियां इस दिशा में नहीं हैं? जयकुमार ने कहा कि उनकी आलोचना अस्वीकार्य है।

# राजस्थान, बंगाल व बिहार में ओबीसी को नही मिल रहा लाभ : भाजपा

भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा ने अन्य** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से जुड़े मुद्दों को लेकर सोमवार को विपक्षी दलों पर पलटवार किया और कई गैर-भाजपा शासित राज्य सरकारों पर संवैधानिक रूप से परिकल्पित पिछड़े वर्गों को उचित लाभ नहीं देने और उनके साथ धर्म के आधार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता भूपेंद्र यादव ने राजस्थान, पश्चिम बंगाल, पंजाब और बिहार की सरकारों पर ओबीसी के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया ।कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आप, राजद और जद (यू) जैसे दलों पर भाजपा ने यह हमला इन दलों के द्वारा ओबीसी को वाजिब हिस्सा देने के लिए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सत्ताधारी दल को घेरने के प्रयासों के बीच किया है। यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जहां एनसीबीसी को संवैधानिक दर्जा दिया और सामाजिक न्याय की दिशा में कई कदम उठाए, वहीं कांग्रेस ने कभी ओबीसी को उनका हक नहीं दिया और उन्हें आरक्षण देने का भी विरोध किया ।उन्होंने दावा किया कि जहां भी कांग्रेस और ए पार्टियां सत्ता में हैं, ओबीसी के साथ भेदभाव किया जा रहा है। यादव ने मुसलमानों के प्रति कथित पक्षपात के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधा और एनसीबीसी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य की ओबीसी आरक्षण लाभार्थियों की सूची में 2011 में 108 मुस्लिम जातियां शामिल थीं, जो उस वर्ष तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद बढ़कर 179 हो गईं ।उन्होंने कहा कि धार्मिक आधार पर ओबीसी के साथ भेदभाव करना बेहद अन्यायपूर्ण है। साम्प्रदायिक राजनीति के नाम पर वास्तविक ओबीसी के साथ भेदभाव किया जा रहा है। एनसीबीसी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए, यादव ने कहा कि राजस्थान के आठ जिलों में ओबीसी के लिए बहुत कम आरक्षण है और पात्र लोगों को गैर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र नहीं किया जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा व तुष्टीकरण सामान्य बात : अनुराग ठाकुर



**शिमला।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य में हिंसा, तुष्टीकरण, अराजकता और भ्रष्टाचार सामान्य बात हो गई है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए, ठाकुर ने "कट-मनी मुद्दे और "नौकरी घोटाले की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए दावा किया कि पश्चिम बंगाल जल रहा है। ठाकुर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और रवींद्रनाथ टैगोर के गृह राज्य की बदनामी हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जिस बंगाल में ममता दीदी सरकार चलाती है, वो जल रहा है। बंगाल का गौरव, पहचान और गरिमा भी आग की लपटों में है। बंगाल पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रवींद्रनाथ टैगोर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, स्वामी विवेकानंद के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह बदनाम हो रहा है। उन्होने कहा, "हिंसा, तुष्टीकरण, अराजकता, भ्रष्टाचार बंगाल के लिए सामान्य बात हो गई है" ठाकुर ने कहा, मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जैसे ही पंचायत चुनाव की घोषणा हुई, बंगाल में हिंसा का दौर लौट आया। जे पी नड्डा के यहां (हिमाचल प्रदेश) आने पर आपने फूल बरसाए, लेकिन बंगाल में उनका स्वागत हिंसा से किया गया। यही अंतर है। मंत्री ने बिहार में लालू प्रसाद यादव के शासनकाल को लेकर भी निशाना साधा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ठाकुर ने कहा, सफाई कर्मचारी की नौकरी के लिए चार लाख रुपए और क्लर्क की नौकरी के लिए पांच लाख रुपए। ममता दीदी के राज्य में वही स्थिति है जैसा लालूजी के दौर में था। बंगाल में पैसे के बदले नौकरी है तो बिहार में ज़मीन के बदले नौकरी।

# मप्र में भाजपा सरकार के शासन में 225 घोटाले हुए : प्रियंका

भाषा। जबलपुर



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत सोमवार को जबलपुर में एक रैली से की और आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के 220 महीनों के शासन में 225 घोटाले हुए हैं। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और नौकरियां उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने व्यापमं, खनन, ई-टेंडर और राशन वितरण में कथित भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के 220 महीनों के शासन में 225 घोटाले हुए हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर महीने एक नया घोटाला करती है। गांधी ने कहा, अगर कांग्रेस मध्य प्रदेश में सत्ता में आई तो महिलाओं को ।,500 रुपए प्रतिमाह देने और 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराने के साथ 100 यूनिट बिजली मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने के साथ किसानों के कृषि ऋण माफ करेगी। उन्होंने कहा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने ओपीएस को बहाल कर दिया है। कर्नाटक में हमारी सरकार ने पांच गारंटी (वहां कांग्रेस द्वारा किए गए चुनावी वादे) को पूरा कर दिया है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा राज्य में केवल 21 सरकारी नौकरियां प्रदान की गईं। जब यह आंकड़ा मेरे संज्ञान में लाया गया, तो मैंने अपने कार्यालय से तीन बार इसकी जांच करने को कहा और पाया कि यह एक तथ्य है। प्रियंका ने 28 मई को उज्जैन के महाकाल लोक कॉरिडोर में तेज हवा से छह मूर्तियों को नुकसान पहुंचने संबंधी घटना का हवाला देते हुए कहा, चौहान सरकार ने तो देवताओं को भी नहीं बख्शा। महाकाल लोक के पहले चरण का उद्घाटन पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में 900 मीटर लंबा गलियारा 856 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है और पहले चरण में 351 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। भाजपा के डबल इंजन सरकार के दावे पर तंज करते हुए प्रियंका ने कहा, हमने कई डबल और ट्रिपल इंजन वाली सरकारें देखी हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के लोगों ने चुनावों में इसका करारा जवाब दिया है। भाजपा केंद्र और प्रदेश में एक ही पार्टी की सरकार को डबल इंजन की सरकार कहती है और दावा करती है कि ऐसा होने पर लोगों को विकास का लाभ मिलता है। पिछले साल नवंबर के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव और इस साल मई में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव, दोनों में भाजपा की सरकारें हार गईं। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में 68 सदस्ईय सदन में 40 सीट और कर्नाटक में 224 सदस्ईय विधानसभा में 135 सीट जीती हैं। कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने के बाद केंद्रीय मंत्री बने ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम लिए बिना प्रियंका ने उन पर कटाक्ष किया और कहा कि मध्य प्रदेश में कुछ नेताओं ने सत्ता के लिए पार्टी की विचारधारा को त्याग दिया।

# बरेली में नाबालिग किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

भाषा। बरेली


**● तीन आरोपी शाह आलम इरफान और नदीम कुरैशी गिरफ्तार**

**बरेली जिले** के मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी का कथित तौर पर अपहरण करने और उसके साथ पांच दिन तक सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नाबालिग किशोरी को उत्तराखंड के काशीपुर से बरामद किया गया और मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बरेली के मीरगंज थानाक्षेत्र निवासी शाह आलम (50) और इरफान उर्फ बाबू (30) एवं बुलंदशहर के देहली दरवाजा अव्वल निवासी नदीम कुरैशी (25) के तौर पर की गई है। मीरगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) हरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीया नाबालिग बीते छह जून को गांव में दर्जी के यहां कपड़े लेकर गई थी। इस दौरान इसी गांव के रहने वाले शाह आलम ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका अपहरण कर लिया। उन्होंने बताया कि खोजबीन करने पर परिजनों को पता चला कि शाह आलम किशोरी को अपने साथ ले गया है। एसएचओ ने बताया कि पुलिस ने किशोरी के भाई की तहरीर पर अपहरण का मामला दर्ज किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी शाह आलम ने बताया कि छह जून को उसने किशोरी का अपहरण किया और उसके बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया। मामला अलग समुदाय से जुड़ा होने के चलते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभाकर चौधरी ने मीरगंज थाना के निरीक्षक हरेंद्र सिंह को नाबालिग की बरामदगी के निर्देश दिए। पुलिस के मुताबिक सर्विलांस से आरोपी के उत्तराखंड में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने नाबालिग के हवाले से बताया कि आरोपी उसे अलग-अलग स्थान पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने उसे पहले नशीला पदार्थ दिया और विरोध करने पर धमकी दी। एसएचओ ने बताया कि पहले अपहरण की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी लेकिन पीड़िता के बयान के आधार पर अब सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम की धाराएं भी जोड़ दी गई हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी शाह आलम पर हत्या समेत कुल पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# रिंकू व जितेश को टी20 टीम में मिल सकती है जगह

- वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाली टीम पर माथापच्ची
- टेस्ट में पुजारा-उमेश का भविष्य अधर में





**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत को** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में लगातार दूसरी हार पर भले ही त्वरित प्रतिक्रिया न हो लेकिन अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाली टीम से अनुभवी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा और उमेश यादव का पत्ता कट सकता है। इन दोनों की जगह टीम में यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार मजबूत दावेदार होंगे क्योंकि चयन समिति भविष्य के मुश्किल दौरों के लिए खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करना शुरू करना चाहेगी। भारत का वेस्टइंडीज का एक महीने का दौरा होगा। दौरे का आगाज 12 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से होगा। टीम इसके बाद तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी जिसमें हार्दिक पंड्या की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों की टीम मैदान में उतरेगी। इस टीम में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल में लगातार दूसरी शिकस्त के बाद इस बात की काफी संभावना है कि शिव सुंदर दास की अगुवाई वाली चयन समिति और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगले डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए कुछ विकल्पों पर विचार करेंगे। पुजारा और उमेश लंबे समय से लय में नहीं है। चयन समिति के पूर्व सदस्य देवांग गांधी ने पीटीआई-भाषा से कहा, आपको संतुलन बनाने की जरूरत है। चयन और टीम से बाहर होना एक प्रक्रिया है लेकिन आपको युवाओं और अनुभव के मिश्रण की आवश्यकता है। टीम संयोजन में आपको लंबी योजना के साथ आगामी दो साल के चक्र को भी देखना होगा। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यशस्वी जायसवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार है। उसने रणजी, ईरानी और दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक बनाया है। वह मजबूत मानसिकता वाला खिलाड़ी दिखता है। उसे मौका देकर और सुधार किया जा सकता है। बीसीसीआई के एक और चयनकर्ता ने गोपनीयता की शर्त पर इस बात पर निराशा जताई कि पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के बाद भारत की ए टीम ने कोई विदेशी दौरा नहीं किया। उन्होंने कहा, देखिए, उमेश अपने करियर के आखिरी चरण में है लेकिन ए टीम का दौरा नहीं होने से आपको यह पता नहीं होता है कि कौन उनकी जगह लेने के लिए तैयार है। एक समय था जब हमारे पास मयंक अग्रवाल, ऋषभ पंत, हनुमा विहारी, मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी लगातार ए टीम के लिए खेलते हुए राष्ट्रीय टीम के लिए तैयार रहते थे। इस चयनकर्ता ने कहा, अब आप खिलाड़ियों के बारे में नहीं जानते। मुझे तेज गेंदबाज में सिर्फ मुकेश कुमार ही नजर आते हैं लेकिन उनके पास भी अधिक गति नहीं है और स्विंग पर विश्वास करते हैं। लोकेश राहुल जांघ की सर्जरी से कब वापसी करेंगे यह तय नहीं है और वह अब टीम की कप्तानी की दौड़ में भी नहीं हैं। ऐसे में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या रोहित शर्मा मौजूदा फॉर्म और फिटनेस के आधार पर दो और साल के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे। वह इस चक्र के पूरा होने तक 38 साल के हो जाएंगे। ऐसे में टीम की कप्तानी के दावेदार को लेकर भी सवाल उठ रहे है इस पूर्व चयनकर्ता ने कहा, वेस्टइंडीज दौरे के साथ समस्या यह है कि अगर पुजारा रन बनाते हैं तो आपको अगले साल तक उन्हें बाहर करना मुश्किल होगा। टीम को अगला टेस्ट दिसंबर में खेलना है। ऐसे में अगर आप अभी किसी युवा को मौका देते हैं तो वह आने वाले समय की बड़ी चुनौती के लिए तैयार रहेगा। कई जानकार मानते हैं कि 23 साल के शुभमन गिल के कप्तानी की भूमिका के लिए तैयार करने का यह सही समय है तो वहीं कुछ का मानना है कि संक्षिप्त समय के लिए यह जिम्मेदारी रविंद्र जडेजा को दी जा सकती है जिनकी जगह तीनों प्रारूप की टीम में पक्की है देवांग ने हालांकि रविचंद्रन अश्विन को कप्तानी का दावेदारी की वकालत करते हुए कहा, अश्विन क्यों नहीं? अगर आप कहते हैं कि विदेशों में टीम में उनकी जगह सुनिश्चित नहीं है, तो मैं कहूंगा कि उप-कप्तान होने के बावजूद रहाणे को एक समय अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया था। इसलिए गिल के टेस्ट एकादश में अपनी जगह पक्की करने से पहले थोड़े समय के लिए अश्विन या रहाणे पर भी विचार किया जा सकता है। टी20 अंतरराष्ट्रीय ऐसा प्रारूप है जहां टीम चयन के लिए चयनकर्ताओं के पास विकल्प की कोई कमी नहीं होगी। अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले इस प्रारूप में हार्दिक पंड्या का कप्तान रहना लगभग तय है।टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मौका मिलेगा जिसमें रिंकू सिंह और जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों को जगह मिलना लगभग तय है। टीम में रुतुराज गायकवाड़ की वापसी के साथ जायसवाल को मौका मिल सकता है। आईपीएल में 27 विकेट लेने वाले मोहित शर्मा भी टीम वापसी कर सकते हैं।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद भारत के बिग थ्री के भविष्य पर उठे सवाल




**बेंगलुरू।** विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और रोहित शर्मा। इस अनुभवी तिकड़ी ने भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को मुस्कुराने के कई मौके दिए है लेकिन अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर खड़ी इस तिकड़ी के बाद टेस्ट बल्लेबाजी में भारत कितना तैयार है, यह यक्षप्रश्न है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में मिली हार ने भारतीय क्रिकेट के हुक्मरानों को हल निकालने के लिए सोचने पर विवश कर दिया है। पुजारा की नाकामी भारत को बुरी तरह खली है क्योंकि वह लंबे समय से ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के कारण सबसे ज्यादा तैयार थे। पुजारा ने 2021 में सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 77 रन की यादगार पारी खेली थी। बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में बनाए 90 और 102 रन के अलावा 2022 में वह कुछ खास नहीं कर सके उन्होंने 2021 . 2023 डब्ल्यूटीसी चक्र में 17 टेस्ट खेलकर 32 की औसत से 928 रन बनाए जिसमें एकमात्र शतक शामिल है। अब तीसरे नंबर पर अगला कौन ? भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 2022 की शुरुआत में घरेलू श्रृंखला में इस क्रम पर हनुमा विहारी को आजमाया जिन्होंने तीन पारियों में एक अर्धशतक लगाया। पुजारा की वापसी के बाद उनका भी पत्ता कट गया। भारत की दिक्कत चौथे नंबर की भी है जहां सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली उतरते हैं। कोहली ने पिछले कुछ साल में जिस तरह गेंदबाजों पर दबाव बनाया है, वह बहुत कम बल्लेबाज ही कर पाए है लेकिन असलियत यह भी है कि टेस्ट क्रिकेट में उन्हें दिक्कत आई है। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोहली ने 17 टेस्ट में 32 . 13 की औसत से 932 रन बनाए है जिसमे एकमात्र शतक है जो अहमदाबाद की सपाट पिच पर बनाया गया था। चौथे नंबर पर अगला बल्लेबाज कौन होगा। श्रेयस अय्यर के नाम पर विचार किया जा सकता है जो फिलहाल चोटिल है। अय्यर को शॉर्टपिच गेंदों पर अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। सरफराज खान ने पिछले सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों का सामना करने के उसके पास तकनीक नहीं है। वह भारत ए के लिए सात टेस्ट मैचों में एक भी शतक नहीं बना सका। भारत के महान टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में रोहित शर्मा का नाम नहीं होगा हालांकि 50 टेस्ट खेल चुके है। लेकिन भारतीय कप्तान ने पिछले डब्ल्यूटीसी चक्र में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 11 टेस्ट में 42 . 11 की औसत से 758 रन बनाए। विदेश मे उनका औसत 52 . 57 रहा जबकि भारत मे उन्होंने 36 . 88 की औसत से रन बनाए लेकिन 36 वर्ष के हो चुके रोहित क्या 2025 में खेलेंगे।

## खबरें स्टेडियम से

### डब्ल्यूटीसी : धीमी ओवरगति के लिए भारतीय खिलाड़ियों पर मैच फीस का सौ फीसदी जुर्माना

**दुबई।** भारतीय खिलाड़ियों पर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के दौरान धीमी ओवरगति के लिए पूरी मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है जबकि विवादित फैसले पर उन्हे आउट देने के लिए अंपायर के फैसले की आलोचना करने वाले शुभमन गिल पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना लगा है। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर भी धीमी ओवरगति के लिए मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आस्ट्रेलिया ने यह मैच 209 रन से जीता। आईसीसी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा , रविवार को आखिरी दिन का खेल खत्म होने के बाद ही इसकी पुष्टि हो गई कि भारत पूरी मैच फीस और आस्ट्रेलिया 80 प्रतिशत मैच फीस गंवाएगा। इसमें आगे कहा गया , आईसीसी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत खिलाड़ियों पर निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे नही करने पर प्रति ओवर 20 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है। भारतीय टीम निर्धारित समय के भीतर पांच ओवर पीछे थी जबकि आस्ट्रेलिया चार ओवर पीछे रह गया था। अंतिम एकादश मे शामिल भारतीय खिलाड़ियों को 15 लाख रूपए प्रति टेस्ट और रिजर्व खिलाड़ियों को साढे सात लाख रूपए मिलते है।

### स्मिथ और हेड की 285 रन की साझेदारी से फर्क पड़ा : फिंच

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के बीच पहली पारी में 285 रन की साझेदारी निर्णायक साबित हुई। आस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीसी खिताब जीता। फिंच ने सेन रेडियो से कहा , विश्व टेस्ट चैम्पियन बनना बड़ी उपलब्धि है। मुझे लगता है कि ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ की साझेदारी निर्णायक साबित हुई। स्टीव स्मिथ ऐसा ही खेलता है। उन्होने कहा , इंग्लैंड में खेलते समय वह जब चाहता है शतक बना लेता है। यह शानदार प्रदर्शन है और मै टीम के लिए बहुत खुश हूं। हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बेस्ट आफ थ्री फाइनल की मांग की थी लेकिन फिंच ने कहा , मुझे मौजूदा प्रारूप से कोई दिक्कत नहीं है। अगर तीन टेस्ट भी खेले जाएं तो वह समय की बर्बादी होगी। हम जीत या हार के लिए खेलते है और मुझे इस प्रारूप से कोई मसला नहीं है।

### आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना आईपीएल के पैसे से अधिक अहम : स्टार्क

**लंदन।** मौजूदा पीढी के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक मिचेल स्टार्क ने खुद को आईपीएल समेत फ्रेंचाइजी क्रिकेट से दूर रखा है और उनका मानना है कि वह आस्ट्रेलिया के लिए खेलते समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते है। स्टार्क के लिए आस्ट्रेलिया की ओर से टेस्ट क्रिकेट खेलना सर्वोपरि है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में युवा क्रिकेटर भी ऐसा ही सोचेंगे। स्टार्क के कई साथी खिलाड़ी आईपीएल, बिग बैश समेत दुनिया की शीर्ष टी20 लीगो में खेल रहे है लेकिन स्टार्क इस मोह से दूर रहे है। उन्होने द गार्जियन से कहा , मुझे आईपीएल अच्छा लगा और यार्कशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलना भी लेकिन आस्ट्रेलिया के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता है। मुझे इसका कोई मलाल नही। पेसा आता जाता रहेगा लेकिन मुझे जो मौके मिले, उसके लिए मै कृतज्ञ हूं। स्टार्क ने कहा , टेस्ट क्रिकेट सौ से अधिक साल से खेला जाता रहा है और आस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले 500 से कम पुरूष खिलाड़ी है जो इसे अपने आप में खास बनाता है।

### शुभंकर स्कैंडिनेवियाई मिश्रित ओपन में 58वें स्थान पर रहे

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा स्कैंडिनेवियाई मिश्रित ओपन में उतार-चढ़ाव से भरे आखिरी दौर एक ओवर ओवर 73 का कार्ड खेल कर 58वें पायदान पर रहे। इस स्पर्धा में 78 पुरुष और इतनी ही महिला गोल्फरों ने हिस्सा लिया था। शुभंकर ने आखिरी दौर में एक ईगल, तीन बर्डी, दो बोगी और इतने ही डबल बोगी किए। उन्होंने इससे पहले के तीन दौर में 75, 68, 71 का स्कोर किया था। महिलाओं में भारत की एकलौती खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह बनाने में नाकाम रही थी।

### निष्ठा 38वें स्थान के साथ एपसन टूर पर शीर्ष भारतीय

**बैटल क्रीक (अमेरिका)।** निष्ठा मदान, प्रणवी उर्स और निकिता अर्जुन की भारतीय तिकड़ी ने अमेरिका में एलपीजीए के एपसन टूर की फायरकीपर्स कैसिनो होटल गोल्फ चैंपियनशिप के अंतिम दौर में निराशाजनक प्रदर्शन किया। अमेरिका में रहने वाली निष्ठा अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त 38वें स्थान पर रही। प्रणवी और निकिता भी पिछड़ गई। एपसन टूर पर पहले सत्र में खेल रही प्रणवी ने अंतिम दौर में सात ओवर 79 के स्कोर से संयुक्त 70वां स्थान हासिल किया। निकिता भी अंतिम दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से संयुक्त 70वें पायदान पर रही।

### अदिति एलपीजीए रैंकिंग में शीर्ष 20 में

**गालोवे (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक शॉपराइट एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 49वें स्थान पर रही। आखिरी दिन एक बोगी और चार बर्डी के साथ अदिति ने तीन अंडर 68 का कार्ड खेला लेकिन 54 होल में उनका कुल स्कोर दो अंडर 211 रहा। अदिति रेस टू सीएमई वैश्विक रैंकिंग में 20वें स्थान पर है जो एलपीजीए टूर का आर्डर आफ मेरिट है। इस साल निराशाजनक शुरूआत के बाद वह लगातार तीन टूर्नामेंटो में कट में प्रवेश से चूक गई थी। उसके बाद से वह शानदार फॉर्म में है और तीन बार शीर्ष पांच में रही। अब अगले सप्ताह वह मिशिगन में 25 लाख डॉलर ईनामी राशि का टूर्नामेंट खेलेगी।

### सोनेगो ने स्टुटगार्ट ओपन में बेरेटिनी को हराया

**स्टुटगार्ट।** इटली के लोरेंजो सोनेगो ने सोमवार को यहां स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हमवतन और गत चैंपियन मातियो बेरेटिनी को हराकर बाहर कर दिया। सोनेगो ने बेरेटिनी के खिलाफ सीधे सेट में 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की और बेरेटिनी के ग्रास कोर्ट पर लगातार नौ मैच जीतने के क्रम को भी तोड़ दिया।बेरेटिनी दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी सोनेगो के खिलाफ पूरे मैच के दौरान जूझते रहे। सोनेगो ने सभी छह ब्रेक प्वाइंट बचाए। अन्य मुकाबलो मे लोरेंजो मुसेटी ने क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 7-6, 6-3 से हराया जबकि जिरी लेचेका ने मार्कोस गिरोन को 4-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

### अनु को धाविका बनाना चाहते थे परिवार के लोग

**जींद।** जूनियर महिला एशिया कप में भारत के पहले खिताब के दौरान शीर्ष स्कोरर रही अनु को उनके परिवार के सदस्य धाविका बनाना चहते थे लेकिन उन्होंने जब हॉकी स्टिक थामी तो फिर पीछे मुड़कर नही देखा। अनु के भाई अमन ने कहा, मै और परिवार के लोग अनु को धाविका बनाना चाहते थे लेकिन उसने हॉकी को चुना।

# भारत और पाक का सामना 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में

- वनडे विश्व कप कार्यक्रम : 29 अक्टूबर, लखनऊ में होगा मैच

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** टीम वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगी जबकि एक सप्ताह बाद पाकिस्तान के खिलाफ मैच अहमदाबाद में होगा। बीसीसीआई के कार्यक्रम के ड्राफ्ट में यह जानकारी दी गई। बीसीसीआई ने कार्यक्रम का ड्राफ्ट आईसीसी को भेजा है जिसने प्रतिभागी देशों के पास फीडबैक के लिए इसे भेज दिया है। अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। शुरूआती ड्रफ्ट के अनुसार टूर्नामेंट पांच अक्टूबर को शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड का सामना पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड से अहमदाबाद में होगा। फाइनल भी 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। सेमीफाइनल 15 और 16 नवंबर को होंगे जिनका वेन्यू अभी तय नहीं है। मेजबान भारत अपने लीग मैच नौ शहरों में खेलेगा जिनमें कोलकाता, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरू शामिल है। पाकिस्तान से मुकाबला 15 अक्टूबर को होगा। वहीं पाकिस्तान के लीग मैच पांच शहरो में होंगे। रिपोर्ट के अनुसार , पाकिस्तान छह और 12 अक्टूबर को हैदराबाद में क्वालीफायर दौर से आई दो टीमों से खेलेगा। इसके बाद बेंगलुरू में आस्ट्रेलिया (20 अक्टूबर), चेन्नई में अफगानिस्तान (23 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (27 अक्टूबर) , बांग्लादेश से कोलकाता में (31 अक्टूबर), न्यूजीलैंड से बेंगलुरू में (पांच नवंबर) और इंग्लैंड से कोलकाता में (12 नवंबर) खेलेगा। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का मैच 29 अक्टूबर को धर्मशाला में और इंग्लैंड से चार नवंबर को अहमदाबाद में होगा। टूर्नामेंट में दस टीमें भाग ले रही हैं जिनमें से आठ तय है और दो क्वालीफायर से आएंगी। टूर्नामेंट में कुछ ही महीने रह गए हैं और अभी तक कार्यक्रम का ऐलान नहीं हुआ है ।

**भारत का संभावित कार्यक्रम :** बनाम आस्ट्रेलिया, आठ अक्टूबर, चेन्नई, बनाम अफ्गानिस्तान, 11 अक्टूबर , दिल्ली, बनाम पाकिस्तान, 15 अक्टूबर, अहमदाबाद, बनाम बांग्लादेश, 19 अक्टूबर, पुणे, बनाम न्यूजीलैंड, 22 अक्टूबर , धर्मशाला, बनाम इंग्लैंड, 29 अक्टूबर, लखनऊ बनाम क्वालीफायर, दो नवंबर , मुंबई, बनाम दक्षिण अफ्रीका, पांच नवंबर, कोलकाता, बनाम क्वालीफायर, 11 नवंबर, बेंगलुरू।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला से डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत करेगा भारत

**मुंबई।** भारत डोमिनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 20 से 24 जुलाई तक त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में खेला जाएगा।रविवार को भारत लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार गया था। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 209 रन से हार का सामना करना पड़ा।भारत 27 जुलाई से एक अगस्त तक वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के साथ इस साल अक्टूबर-नवंबर में स्वदेश में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की अपनी तैयारी जारी रखेगा।इसके बाद भारत त्रिनिदाद मे ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में तीन अगस्त से शुरू होने वाली पांच टी20 मैचो की श्रृंखला मे हिस्सा लेगा। आखिरी दो टी20 मैच अमेरिका मे खेले जाएंगे।

**कार्यक्रम इस प्रकार है**

12-16 जुलाई, डोमिनिका मे पहला टेस्ट
20-24 जुलाई, दूसरा टेस्ट त्रिनिदाद मे
27 जुलाई, पहला वनडे बारबडोस मे
29 जुलाई, दूसरा वनडे बारबडोस मे
एक अगस्त, तीसरा वनडे त्रिनिदाद मे
तीन अगस्त, पहला टी20 त्रिनिदाद मे
छह अगस्त, दूसरा टी20 ग्याना मे
आठ अगस्त, तीसरा टी20 ग्याना मे
12 अगस्त, चौथा टी20 लॉडरहिल (अमेरिका)
13 अगस्त, पांचवां टी20 लॉडरहिल (अमेरिका) मे।

# एटीपी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे जोकोविच

- स्वियातेक रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार




**भाषा।** पेरिस

फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल खिताब के साथ रिकॉर्ड 23वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। पचास साल से अधिक समय पहले कंप्यूटरीकृत रैंकिंग की शुरुआत के बाद से टेनिस रैंकिंग में सबसे अधिक समय पर शीर्ष पर रहने वाले पुरुष या महिला खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले जोकोविच इस रिकॉर्ड में और सुधार करेंगे। जोकोविच ने कहा, बेशक जब आप इतिहास की बात करते हो तो लोग अधिकतर यही बात करते हैं कि आपने कितने ग्रैंडस्लैम जीते या आप कितने समय तक नंबर एक रैंकिंग पर रहे। उन्होंने कहा, मैं ए दोनों रिकॉर्ड तोड़ने में सफल रहा हूं जो शानदार है। रोलां गैरो पर महिला एकल का खिताब जीतने वाली इगा स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। पेरिस में नतीजे के आधार पर दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका के पास उन्हें पछाड़ने का मौका था। जोकोविच रोलां गैरो पर दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के रूप में उतरे थे। लेकिन फाइनल में कैस्पर रूड को 7-6 (1), 6-3, 7-5 से हराकर खिताब जीतने में सफल रहे। एटीपी रैंकिंग में अब अल्कारेज दूसरे और दानिल मेदवेदेव तीसरे स्थान पर हैं जबकि रूड चौथे स्थान पर बने हुए हैं। कूल्हे की चोट के कारण जनवरी से बाहर चल रहे रफेल नडाल शीर्ष 100 से बाहर होकर 136वें पायदान पर पहुंच गए हैं। स्वियातेक ने कैरोलिना मुचोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीता।

### मुझे सबसे महान बताना,दिग्गजों का अपमान होगा

**पेरिस ।** नोवाक जोकोविच ने टेनिस के इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रैड स्लैम खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद कहा कि हर दौर में खेलने की परिस्थितियां अलग रही है और हर दौर मे महान खिलाड़ी रहे है। जोकोविच की इस खिताबी जीत के बाद सबसे महान पुरुष टेनिस खिलाड़ी को लेकर बहस एक बार फिर से छिड़ गई है। जोकोविच के प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर ने 20 ग्रैड स्लैम जीतने के बाद खेल को अलविदा कह दिया तो वही 22 खिताब जीतने वाले नडाल चोट से उबर रहे है।कई प्रशंसक फेडरर को सबसे महान खिलाड़ी मानते है तो वही नडाल की भी पूरी दुनिया में बड़ी फैन्न फॉलोइंग है।

# ओलंपिक संघ ने बनाई चार जुलाई को डब्ल्यूएफआई के चुनाव कराने की योजना

- पूर्व न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को निर्वाचन अधिकारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक संघ** (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव चार जुलाई को कराने की प्रक्रिया पर आगे बढ़ते हुए सोमवार को जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जो फैसला करेंगे कि राज्य संघों में कौन सा विरोधी गुट चुनाव में हिस्सा लेगा। आईओए के सीईओ कल्याण चौबे ने न्यायमूर्ति मित्तल कुमार को उनकी नियुक्त की जानकारी दी और इस भूमिका को स्वीकार करने के लिए कहा। चौबे ने पत्र में कहा, आईओए को डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी परिषद के चुनाव कराने के लिए कदम उठाने होंगे और डब्ल्यूएफआई के चुनावों के लिए हमें आपको निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने की खुशी है। आप चुनाव कराने में अपनी मदद करने के लिए एक सहायक निर्वाचन अधिकारी और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार कर सकते हैं। पत्र के अनुसार, चुनाव डब्ल्यूएफआई की विशेष आम बैठक में कराए जाने हैं जो चार जुलाई को बुलाई गई है और इसी के अनुसार चुनाव का कार्यक्रम तैयार करना होगा। इसमें कहा गया, हम आपकी ओर से पद की स्वीकृति की पुष्टि और चार जुलाई को डब्ल्यूएफआई के चुनावों को लेकर उत्सुक हैं। न्यायमूर्ति मित्तल कुमार स्वयं एसजीएम और चुनावों की तारीख पर फैसला कर सकते हैं।

# इटली को हराकर उरूग्वे ने अंडर 20 विश्व कप जीता

**ला प्लाटा ( अर्जेंटीना )।** उरूग्वे ने इटली को 1-0 से हराकर पहली बार अंडर 20 विश्व कप फुटबॉल खिताब जीत लिया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में पिछली चार बार से यूरोपीय टीमों की जीत का सिलसिला भी टूट गया। लूसियानो रौद्रिगेज ने 86वें मिनट में हेडर पर विजई गोल किया। डिएगो माराडोना स्टेडियम पर मौजूदा 40000 से अधिक दर्शकों में अधिकांश उरूग्वे के समर्थक थे। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो भी मैच देखने के लिए आए थे। टूर्नामेंट से पहले उरूग्वे और इटली दोनों खिताब के दावेदारों में से नहीं थे लेकिन ब्राजील, अर्जेंटीना और इंग्लैंड में क्लबों ने खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए नहीं छोड़ा। क्लबों के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वे अंतरराष्ट्रीय जूनियर टूर्नामेंटों के लिए खिलाड़ियों को छोड़े।

### स्क्वाश विश्व कप: हांगकांग के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**चेन्नई।** अनुभवी सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा मंगलवार से यहां शुरू होने वाले चौथे स्क्वाश विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे जिसमें मेजबान के पास मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने का मौका होगा। घोषाल और जोशना भारत की चार सदस्ईय टीम का हिस्सा हैं जो लीग चरण में पूल बी में हांगकांग, चीन, दक्षिण अफ्रीका और जापान से भिड़ेगी।

# सहगल और आरपी को मिला खेल योद्धा सम्मान

**लखनऊ ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 उत्तर प्रदेश के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण डा.नवनीत सहगल और उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डा.आरपी सिंह को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पांडेय व लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने खेल योद्धा अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मीटिंग हाल में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वावधान व लखनऊ ओलंपिक संघ के संयोजन में आयोजित समारोह में सम्मानित होने के बाद अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण सहगल ने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में कई बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार खिलाड़ियों को हर वो सुविधा देगी जिससे वो आगे बढ़कर प्रदेश व देश का नाम रौशन करें। खेल निदेशक आरपी सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से यूपी में खेल का एक अलग माहौल पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बड़े आयोजन से यूपी का खेल स्तर काफी ऊंचा उठा है और इसका फायदा आने वाले दिनों में मिलेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 उत्तर प्रदेश का सफल व ऐतिहासिक आयोजन अपर मुख्य सचिव खेल व युवा कल्याण और खेल निदेशक व उनकी टीम की मेहनत का नतीजा था कि प्रदेश ने पहली बार इन खेलों का भव्य आयोजन किया। सम्मान समारोह के संयोजक सैयद रफत जुबैर रिजवी ने कहा कि अल्प समय में कम संसाधनों में इन खेलों का आयोजन उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।



# इंडोनेशिया सुपर टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे प्रणय

**भाषा।** जकार्ता

**फॉर्म में** चल रहे एच एस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले प्रणय टूर्नामेंट में आगे तक जा सकते हैं जिसमें विश्व बैडमिंटन के चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। दुनिया के नंबर आठ खिलाड़ी प्रणय का सामना पहले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से होगा जिसके बाद दूसरे दौर में चीन के शि युकी से टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और 2021 विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हीं हैं लेकिन यहां अच्छी शुरूआत की कोशिश करेंगे। सिंधू पिछले दो टूर्नामेंटों में पहले दौर में बाहर हो गई जबकि श्रीकांत मलेशिया और स्पेन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। सिंधू का सामना पहले दौर में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का तुंगजुंग से होगा जबकि श्रीकांत चीन के लु गुआंग जू से खेलेंगे। थाईलैंड ओपन सेमीफाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी चीन के ली जि जिया से होगा। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन और दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना इंडोनेशिया के मार्कस फर्नाल्डी गिडोन और केवन संजय सुकामुजो से होगा। सात्विक और चिराग ने इस सत्र मे स्विस ओपन जीता है लेकिन इस इंडोनेशियाई जोड़ी को पिछले 11 मुकाबलों में हरा नहीं सके हैं। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिता का सामना मलेशिया के ओंग यू सिन और तियो इ यि से होगा। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल पहले दौर में चीन की वांग झी यि से खेलेगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की रिन इवानागा और की नकानिशि से होगा। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर छह स्तरों पर खेला जाता है जिनमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट है।



# भारत फाइनल में पहुंचा

- इंटरकांटिनेंटल कप : छेत्री के गोल से वनुआतु को हराकर

**भाषा।** भुवनेश्वर

**करिश्माई** खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री के गोल के दम पर भारत ने इंटरकांटिनेंटल कप के अपने दूसरे मुकाबले में सोमवार को यहां वनुआतु को 1-0 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। भारतीय टीम पूरे मैच के दौरान हावी रही लेकिन विश्व रैंकिंग में 164 वें स्थान पर काबिज वनुआतु की रक्षापंक्ति ने उसे काफी देर तक बढ़त लेने से रोके रखा। छेत्री ने मैच के 81वें मिनट में शुभाशीष बोस के द्वारा बाएं किनारे से बॉक्स की ओर भेजी गई गेंद को अपने बाएं पैर से गोल पोस्ट में डाल दिया। सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने के मामले में तीसरे स्थान पर काबिज छेत्री ने इस गोल के बाद इशारा किया कि वह जल्द ही पिता बनने वाले है। उन्होंने गेंद को अपनी टी-शर्ट के अंदर डाल कर इस गोल को अपनी गर्भवती पत्नी को समर्पित किया। छेत्री की पत्नी भी स्टेडियम में मौजूद थी जो ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ा रही थी। भारत ने इससे पहले शुक्रवार को अपने शुरुआती मैच में मंगोलिया को 2-0 से हराया था। भारत दो मैचों में छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। टीम गुरुवार को अपने आखिरी राउंड रोबिन मैच में लेबनान का सामना करेगी।विश्व रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत पूरे मैच में हावी रहा। टीम ने शुरुआती हाफ में 62 प्रतिशत समय तक गेंद को अपने नियंत्रण में रखा और गोल करने के 13 प्रयास किए। दुनिया में 164 वें स्थान पर काबिज वनुआतु की टीम इस दौरान एक बार भी भारतीय गोल पोस्ट पर निशाना नहीं साध सकी।पदार्पण कर रहे नंदकुमार सेकर ने प्रभावित किया लेकिन उन्होंने गोल करने के कई मौके भी गंवाए। उनके पास 36वें मिनट में महेश नौरेम के बनाए मौके पर भारत को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका था लेकिन उन्होंने गेंद का गोलपोस्ट से दूर मार दी। नौरेम ने इसके बाद अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों के लिए कई मौके बनाए।